वर्ष- 12 अंक - 76
लखनऊ, रविवार 03 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

जन समस्याओं को समय से करें निस्तारित : मुख्यमंत्री योगी 03
जम्मू-कश्मीर में तेजी से हो रहा है विकास : राजनाथ सिंह 12

## लखनऊ के नए सीएमओ बने डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी स्थित बलरामपुर चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह को लखनऊ का नया सीएमओ बनाया गया है। यह आदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 2 नवंबर को जारी किया है।



दरअसल, डॉ मनोज अग्रवाल साल 2021 के जुलाई महीने में लखनऊ सीएमओ बने थे। उनका कार्यकाल 3 साल से अधिक समय का रहा है। कोरोना काल में डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने लखनऊ सीएमओ का पदभार संभाला था। उन्होंने ही कोरोना से बचने के सबसे बड़े हथियार कोरोना रोधी टीकाकरण की शुरुआत लखनऊ में कराई थी। राजधानी में वैलनेस सेंटर की श्रृंखला शुरू करने का श्रेय भी डॉक्टर मनोज अग्रवाल को ही जाता है।

## प्रदेश में पर्यटन का महत्वपूर्ण मंच बना महाकुम्भ, हजारों परिवारों को मिलेगा रोजगार

▸ यूपी में पर्यटकों को मिलेंगे स्किल्ड व स्मार्ट सर्विस प्रोवाइडर

विकास तिवारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और 'अतिथि देवो भव ' की संकल्पना पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। सरकार के इस भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प हो रहा है। महाकुम्भ जैसा विशाल जन समागम इसे बड़ा मंच प्रदान कर रहा है।




**सरकार के भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प महाकुम्भ जैसा विशाल जन समागम इसे प्रदान कर रहा है बड़ा मंच**

पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे महाकुम्भ के दौरान न सिर्फ वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से उपेक्षित पड़े पर्यटन सेक्टर को प्रदेश की योगी सरकार ने नया आयाम दिया है। 16 नवम्बर, 2022 को उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति-2022 को मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास का नक्शा बदलना शुरू हुआ। नई पर्यटन नीति से प्रदेश में 20 हजार करोड़ के निवेश और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी सबसे पहले पर्यटन सेक्टर से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर को कौशल विकास और प्रबंधन से जोड़ना महत्वपूर्ण है।

### नाविकों को मिल रही नई भूमिका, रिवर गाइड होंगे नाविक

उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों में नदियों में नौका संचालन से आजीविका चलाने वाले नाविकों की आय बढ़ाने और क्षमताओं का विकास कर योगी सरकार उन्हें नई भूमिका दे रही है। पर्यटन विभाग 2000 नाविकों को इसका प्रशिक्षण दे रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग ने मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान और एक अन्य संस्था के साथ एक एमओयू साइन किया है जिसके अंतर्गत यह ट्रेनिंग चल रही है, जिसमें अभी तक 300 नाविकों को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस प्रशिक्षण से नाविक अब नौकायन से आगे बढ़कर रिवर गाइड की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। इससे नदियों में धार्मिक स्थलों के किनारे नाव चलाने वाले हजारों नाविकों को रोजगार मिलेगा और पर्यटन स्थलों का वातावरण भी बेहतर होगा।

### 45 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा रोजगार

योगी सरकार की नई पर्यटन नीति पर्यटन क्षेत्र के लिए जहां गेम चेंजर साबित हो रही है वहीं इससे रोजगार की असीमित सम्भावनाएं खुल गई हैं। महाकुम्भ के पूर्व पर्यटन से जुड़े इन सेवा प्रदाताओं स्किल डेवलेपमेंट और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देने से बड़ी तादाद में युवाओं को रोजगार मिलेगा। उनकी आमदनी बढ़ेगी। महाकुम्भ के पहले इस ट्रेनिंग कैम्पेन से 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही इन धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ पर्व पर उत्तर मध्य रेलवे चलाएगा 7435 विशेष गाड़ियां

**लखनऊ।** छठ पर्व के शुभ अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा 7435 विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। यह संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है, जिसमें पिछले साल 4500 विशेष गाड़ियों का संचालन किया गया था। इस विशेष सेवा का उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना है। उत्तर मध्य रेलवे ने दो नवम्बर को तीन विशेष गाड़ियों का संचालन किया। तीन नवम्बर को छह विशेष गाड़ियाँ चलाई जाएंगी। तीन नवम्बर को 32 गाड़ियां उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से होकर गुजरेंगी। आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है।

### भारत ने शाह के खिलाफ आरोपों पर कनाडा को भेजे सम्मन

**नयी दिल्ली।** भारत ने कनाडा के मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर कड़ी नाराजगी जताई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को सम्मन भेजे व इन आरोपों का विरोध किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह आरोप बेतुके और निराधार हैं। जायसवाल ने कहा, हमने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया है। हम कनाडा सरकार के मंत्री द्वारा उठाए गए बेतुके आरोपों का सबसे कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कनाडाई अधिकारियों द्वारा जानबूझकर भारत को बदनाम करने की रणनीति के तहत अंतरराष्ट्रीय मीडिया में निराधार आरोप लीक किए गए हैं, जो द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम डाल सकते हैं।

### बांधवगढ़ रिजर्व में 10 हाथियों की मौत की जांच हुई शुरु

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली और पतौर रेंज में अब तक 10 हाथियों ने दम तोड़ दिया है। इन मौतों की गुत्थी सुलझाने के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस हाथियों की मौत की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। यह दल इस मामले में स्वतंत्र जांच कर रहा है। मंत्रालय ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने भी मामले की जांच करने और सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पांच सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। पांच सदस्यीय समिति का नेतृत्व एपीसीसीएफ (वन्यजीव) करता है। समिति में नागरिक समाज, वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक के सदस्य हैं।

### कुशीनगर के पूर्व विधायक भुलई भाई का निधन


**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीनारायण उर्फ भुलई भाई का 111 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक जताते हुए गहरी संवेदना प्रकट की है। कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भुलई भाई 1974 और 1977 में जनसंघ के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए थे। 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद वह पार्टी के विस्तार के लिए सक्रिय हो गए। भुलई भाई का गुरुवार की शाम कुशीनगर के पगार छपरा क्षेत्र में उनके आवास पर निधन हो गया।

# अपनी क्षमता पहचानकर देश की प्रगति मे योगदान दें युवा

▸ रक्षा मंत्री आईआईटी कानपुर में 65वें स्थापना दिवस में हुए शामिल

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भारतीय युवाओं का आह्वान किया कि वे देश में वह उच्च तकनीक विकसित करें, जिनका देश आयात करता है। वह शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर में 65वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।



रक्षा मंत्री ने आज हर क्षेत्र में हो रहे तेजी से बदलाव के पीछे प्रौद्योगिकी को सबसे बड़ा कारक बताया, जिसमें देश वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में बढ़त स्थापित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी विशिष्ट तकनीक में महारत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तकनीकी विकास के आधार पर देशों के तीन समूह हैं- पहला उन्नत तकनीक में शिखर पर है, दूसरे एक स्थिर स्थिति में पहुंच गए हैं और तीसरे तकनीकी टेक-ऑफ के चरण में हैं। भारत को तीसरे समूह में रखते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र आज तकनीकी प्रगति में शीर्ष स्थान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी पर पकड़ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया व युवाओं से क्षमता का एहसास करने और देश की प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया।

### युवाओं के बल पर 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

जारी संघर्षों के बीच दुनिया भर में रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ड्रोन, लेजर युद्ध, साइबर युद्ध, सटीक निर्देशित मिसाइलों और हाइपरसोनिक मिसाइलों के उपयोग ने युद्ध को प्रौद्योगिकी उन्मुख बना दिया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सबसे बड़ी बाधा यह है कि हम अपनी वस्तुओं के लिए आवश्यक कुछ उच्च अंत प्रौद्योगिकियों को आयात करने के लिए मजबूर हैं। युद्ध की बदलती प्रकृति के मद्देनजर अत्याधुनिक तकनीकों के रक्षा अनुप्रयोग पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनाथ सिंह ने इस प्रयास में सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों सहित सभी हितधारकों को एक साथ लेने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि देश ने युवाओं के बल पर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देखा है। हमें उस सपने को साकार करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगानी चाहिए। एक कहावत है, यदि आप तेजी से जाना चाहते हैं, तो अकेले जाएं। अगर आप दूर तक जाना चाहते हैं तो साथ चलें। हमें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर चलने की जरूरत है।

### बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

**गोंडा।** बिहार से दिल्ली जा रही एक ट्रेन में बम रखा होने की सूचना मिलने पर गोंडा में सुरक्षाबलों ने पूरी छानबीन करके ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार की रात यह जानकारी दी। गोंडा पूर्वी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम दरभंगा से नयी दिल्ली जा रही 12565 अप बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बम रखे होने की सूचना दिल्ली नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई। एएसपी ने बताया कि इसके बाद उच्च स्तर से तत्काल नागरिक पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल को सतर्क कर ट्रेन की सघन तलाशी लेने का निर्देश मिला। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्टेशन पहुंचे सुरक्षाबलों ने शाम 7.30 बजे ट्रेन के गोंडा जंक्शन पर पहुंचते ही घेर लिया और ट्रेन को खाली करवाकर श्वान दस्ते की सहायता से छानबीन की। उन्होंने बताया कि कहीं से कोई आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पूरी जांच पड़ताल के उपरांत करीब 10 बजे ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना की गई।

## यूपी एसटीएफ ने कुख्यात फरार आरोपित फहीम एटीएम को दबोचा

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** यूपी एसटीएफ ने शनिवार को मुरादाबाद से कुख्यात फरार आरोपित अपराधी फहीम एटीएम को मुरादाबाद के थाना गलशहीद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। फहीम पर 2.5 लाख रुपये का इनाम था। उसे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के अलावा कर्नाटक, हरियाणा, राजस्थान, गोवा, महाराष्ट्र की पुलिस तलाश कर रही थी। इन राज्यों में फहीम पर 66 मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित एटीएम दो बार पुलिस कस्टडी तक से फरार हो चुका है।



स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार उसके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस के अलावा 10,670 रुपये भी बरामद किए गए हैं। 29 मई 2023 को सीतापुर जेल से तीन माह की पैरोल पर छूटने के बाद से फरार चल रहे फहीम ने फरारी के दौरान आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और गोवा में लूट की कई वारदात को अंजाम दिया था। मुरादाबाद जिले के थाना कांठ क्षेत्र के उमरी कलां निवासी फहीम एटीएम को हत्या के एक मामले में 5 मई 2022 को बिजनौर जेल से मुरादाबाद कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। कोर्ट से लौटते समय फहीम ने पुलिस से पाकबड़ा स्थित अपने एक रिश्तेदार के मकान पर उसकी पत्नी से मिलवाने का अनुरोध किया। पुलिस की सहानुभूति का फायदा उठाकर उसने मौके का लाभ उठाया और पुलिसकर्मियों को शराब पिलाकर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गया था। मुरादाबाद के तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उस 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया, जिसे तत्कालीन डीआईजी ने बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया। इसके बाद भी सफलता नहीं मिलने पर बरेली जोन के तत्कालीन एडीजी ने इनाम राशि को बढ़ाते हुए 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया। यह राशि बाद में 2.5 लाख रुपये तक पहुंच गई।

## सरकार बनते ही सलाखों के पीछे होंगे भ्रष्टाचारी

▸ 2.87 लाख को देंगे नौकरी : शिवराज सिंह

एजेंसी

**पलामू।** झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे होंगे। राज्य की महिलाओं लड़कियों को प्रति माह 2100 रुपए सीधा उनके खाते में जाएंगे। गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में दिए जाएंगे। साथ ही दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। राज्य में एक भी कच्चा मकान नहीं रहेगा, सभी का पक्का मकान बनवाया जाएगा। बालू फ्री कर दिया जाएगा। उक्त बातें केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को पलामू जिले के हैदरनगर उच्च विद्यालय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि हेमंता बिस्वा सरमा ने हुसैनाबाद को पहली कैबिनेट में जिला बदलने का जो वादा किया है वह अटल है। सरकार बनने के साथ हुसैनाबाद जिला बनेगा। मगर राम के नाम पर होगा तो दिक्कत क्या है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र में भी कई जगहों का नाम बदला है। उससे किसी को क्या दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा कि नवाब के बेटे हुसैन का नाम क्यों रहेगा? उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री वह खुद हैं। हुसैनाबाद का कायाकल्प करने की जवाबदेही उनपर होगी। उन्होंने हुसैनाबाद से भाजपा उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने का संकल्प उपस्थित लोगों को दिलाया।

### सोरेन किसी जादूगर से कम नहीं

उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन किसी जादूगर से कम नहीं है। यह लोग पहाड़, पत्थर, बालू, नौकरी को खा गए। पीएम नल जल योजना का पैसा मिथिलेश ठाकुर और हेमंत सोरेन पी गए। इन लोगों ने झारखंड के 19 बच्चों को दौड़ा कर मार डाला है। लूटने और नौकरी बेचने वालों का पेट फाड़ कर पैसा निकालने का काम करेंगे। लूटने वाले सरकार बनते ही सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह हुसैनाबाद के लोगों को वचन देकर जा रहे है। पहली कैबिनेट में हुसैनाबाद को जिला बनाएंगे। यह शिवराज का वचन है। प्राण जाये पर वचन ना जाये। जो वादा किया है उसे संकल्प लेकर पूरा करने का काम करेंगे। यह भाजपा की गारंटी है।

### कार पलटी, महिला व मासूम समेत चार की दर्दनाक मौत, चार घायल

**हाथरस।** यूपी के हाथरस जिले में आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर दर्दनाक हादसा हुआ है। दरअसल, यहां पर सवारियों से भरी कार अचानक डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। बताया जा रहा है कि सड़क हादसे में दो महिला और दो मासूम की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। कार में दो परिवार के आठ सदस्य सवार थे। हादसे में दोनों परिवार से एक-एक महिला और एक परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई है। हादसे की सूचना से दोनों परिवार में मातम छा गया है। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी लोग एक परिवार से थे। हादसा इतना खतरनाक हुआ कि कार पलटा खाकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस का कहना है कि हादसा हाथरस जिले के कोतवाली चंदपा क्षेत्र के केवलगढ़ी गांव के निकट हुआ है।

## 36 घंटे में तीन एनकाउंटर में तीन आतंकी ढेर, चार जवान घायल

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर में पिछले 36 घंटे में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हुए। इनमें 4 जवान घायल हो गए और 3 आतंकी मारे गए। श्रीनगर के खान्यार में एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।



श्रीनगर में 2 सीआरपीएफ जवान और 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। 15 सितंबर 2022 के बाद यह पहली आतंकी वारदात है। तब एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए थे। उधर, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी है। वहीं अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ था। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। तीनों जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है।

अनंतनाग एनकाउंटर में 2 आतंकियों को सुरक्षबलों ने ढेर किया। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका थी। इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

### दिवाली पर दीपों की रोशनी से जगमगाया श्रीकाशी विश्वनाथ धाम

**वाराणसी।** 31 अक्टूबर को वाराणसी में धूमधाम से दिवाली पर्व मानाया गया। श्री काशी विश्वनाथ धाम में भी धूमधाम और भव्य रूप से दिवाली मनाई गई। पूरे धाम में दीपों से जगमग रोशनी दिखाई दी। बाबा विश्वनाथ के सप्तऋषि आरती हुई। धाम में चारों तरफ रोशनी ही रोशनी थी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में गर्भगृह से लेकर गंगाद्वार तक विशेष सजावट की गई। दीपों की जगमग रोशनी से पूरा धाम जगमग हो गया। लोगों ने धाम में पहुंचकर बाबा के दर्शन किए और दीप दान कर बाबा के साथ दीवाली मनाई। श्री विश्वेश्वर मंदिर प्रांगण में स्थित श्री सत्यनारायण भगवान के मंदिर में महालक्ष्मी और गणपति की आराधना संपन्न की गई। सनातन समाज, राष्ट्र एवं विश्व के संपन्न एवं सुखी होने की कामना के साथ सनातन आराधना का आयोजन किया गया। आज के आयोजन में भगवान विश्वनाथ की षोडशोपचार आराधना के पश्चात माता अन्नपूर्णा का पूजन संपन्न किया गया।

## सांसद पप्पू यादव को धमकी देने का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को लॉरेन्स बिश्नोई गैंग की ओर से मिली जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पूर्णिया पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित महेश पाण्डेय को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है।



पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पहले कुछ पूर्व सांसदों और विधायकों के यहां काम करता था। कुछ दिन पहले वह यूएई गया था, जहां उसकी साली रहती है। वहां से एक सिम लेकर भारत आने के बाद उसने उस नंबर से व्हाट्सएप अकाउंट बनाया। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर सांसद पप्पू यादव की मीडिया में दी गई प्रतिक्रिया के बाद आरोपित ने गूगल से उनका नंबर निकाला और यूएई के व्हाट्सएप अकाउंट से धमकी भरा संदेश भेजा। पूर्णिया एसपी ने बताया कि आरोपित महेश पाण्डेय के बहुत लोगों से संबंध हैं, जिसमें राजनीतिक भी हैं और गैंग के लोगों भी हैं। इसने कई बड़े-बड़े जगहों पर काम किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से धमकी देने में प्रयुक्त यूएई का सिम, मोबाइल फोन और उसकी पत्नी का मोबाइल व सिम बरामद किया है।

रिकॉर्ड | भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया रिकॉर्ड

## ऋषभ पंत ने लगाया भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक




एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ मेजबान टीम के लिए सबसे तेज अर्धशतक बनाया। पंत ने 36 गेंदों में 50 रन पूरे किए। उन्होंने 59 गेंदों पर 60 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 101.69 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के नाम था, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी। इन दो खिलाड़ियों के अलावा, दो और खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पहले भी यही कारनामा किया है।

हरभजन सिंह ने 2010 में यह कारनामा किया था, जब उन्होंने 42 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। सरफराज खान दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने बेंगलुरु में चल रही सीरीज के पहले टेस्ट में ब्लैककैप्स के खिलाफ खेलते हुए 42 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था।मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन की बात करें, तो भारत 263 रनों पर आउट हो गया और 28 रनों की बढ़त हासिल की। शुभमन गिल (146 गेंदों पर 90 रन, 7 चौके और 1 छक्का), पंत (59 गेंदों पर 60 रन, 8 चौके और 2 छक्के) और वाशिंगटन सुंदर (36 गेंदों पर 38* रन, 4 चौके और 2 छक्के) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने पांच विकेट लिए तथा मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी ने एक-एक विकेट लिया। पहले न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे।

### भारत के 'गिलक्रीस्ट' के रुप में जाने जाते हैं पंत

ऋषभ पंत एक अंतर्राष्ट्रीय भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जो बाएं हाथ से बल्लेबाजी के साथ-साथ टीम के लिए विकेटकीपर की भी भूमिका निभाते हैं। पंत को भारत का 'गिलक्रीस्ट' भी कहा जाता है और वह अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। पंत ने कम उम्र में ही कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं, जिससे उन्हें विश्व क्रिकेट में अलग पहचान मिली भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का पूरा नाम ऋषभ राजेन्द्र पंत है। उनका जन्म 4 अक्टूबर 1997 को उतराखंड में हरिद्वार के रुड़की में एक कुमाउनी ब्राहमण परिवार में हुआ था. उनके पिता का नाम राजेन्द्र पंत और माँ का नाम सरोज पंत है।

# गोवंशों की सुरक्षा व सेवा के लिए चलाएं अभियान : डीएम

**गोशाला में डीएम ने गोवंशों को गुड़, चना व केला खिलाकर की सेवा**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**





जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार में गौमाता के महत्व का स्मरण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि गावो विश्वस्य मातरः की भावना के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाए। सभी संबंधित विभागों में इस पर्व को समर्पण और उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी भाई दूज के अवसर पर निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा और सेवा के लिए विशेष अभियान चलाए जाय।

जिलाधिकारी ने इस अभियान को गावो विश्वस्य मातरः की भावना को साकार करने का माध्यम बताते हुए सभी अधिकारियों को इसे पूरे सम्मान और उत्साह के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिये है। कार्यक्रम के दौरान अस्थायी गो आश्रय स्थल, वृहद गो संरक्षण केंद्र, कांजी हाउस, और कान्हा गोशाला जैसी जगहों पर निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी के निर्देशन में सभी गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के अवसर पर गो आश्रय स्थलों पर गो पूजन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। गो पूजन के लिए पंडितों तथा आवश्यक पूजन सामग्री (रोली, चंदन, पुष्पमाला, गुड़ और फल) आदि की व्यवस्थाओं के साथ किया गया।

इस विशेष अवसर पर जिले के सभी गो आश्रय स्थलों, पंजीकृत गौशालाओं, वृहद गो संरक्षण केंद्रों, और कान्हा गौशालाओं में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही सफाई के दौरान चूने का छिड़काव, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, और गोवंशों के ठहराव के स्थानों की सफाई का कार्य किया गया।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी स्थानों पर गोवर्धन पूजा के अवसर पर गाय के गोबर से बने दीपों, मूर्तियों, और अन्य उत्पादों के उपयोग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी टीजे पाण्डेय, पशु चिकित्सा अधिकारी झंझरी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

# सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध हालात में मौत

**नवाबगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से परसिया गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही वजीरगंज पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार राज करन यादव आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम मदरहा परसिया थाना वजीरगंज जो लखनऊ में एक प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। दीपावली की छुट्टी में घर आए थे। शुक्रवार की सुबह घर से निकले और देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। शनिवार की सुबह गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय के बगल झाड़ी में राजकरण यादव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पत्नी अनीता यादव ने ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची वजीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के संबंध मे थानाध्यक्ष वजीरगंज अभय सिंह ने कहा की युवक का शव मिला है। शरीर पर कोई चोट के निशान नही है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# यातायात माह 2024 का भव्य शुभारम्भ



**पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा यातायात माह का किया शुभारम्भ**

**आम जनमानस को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया गया जागरूक**

**अपील**

01. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/इयरफोन का प्रयोग न करे।
02. नाबालिक बच्चो का वाहन चलाना वर्जित है।
03. दो पहिया वाहन चालक एवम् पीछे बैठी सवारी हेलमेट का प्रयोग करना अनिवार्य है।
04. चार पहिया वाहनों का प्रयोग करते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे।
05. गाडियों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाना नियम विरूद्ध है।
06. गाडियों में निर्धारित क्षमता से अधिक गति से वाहन चलाना दण्डनीय अपराध है।
07. दायें बायें मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करे।
08. वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करे।
09. वाहनों पर आगे व पीछे दोनो साइड निर्धारित रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चले।
11. एम्बुलेंस एवं फायर वाहनों को जाने हेतु रास्ता पहले प्रदान करे।
12. नशे /मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन न चलाये।
13. वाहन चलाते समय सड़क पर स्टंट न करे।
14. सड़क पर दुर्घटना होने पर घायल व्यक्तियों की मदद करे तथा 112 को सूचित करे।

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के द्वारा यातायात माह के तहत यातायात कर्मी, होमगार्ड व पी0आर0डी0 के जवानों के साथ स्वंय बाईक रैली निकालकर सड़क सुरक्षा यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारम्भ किया गया। बाइक रैली एकता चौक से शुरू होकर पाण्डेय बाजार, सद्भावना चौकी, मनकापुर तिराहा, महराजगंज चौकी, गुड्डूमल्ल चौराहे से होते हुए थाना कोतवाली नगर में समाप्त हुई। जिससे आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया ।

यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। महोदय द्वारा रैली के दौरान आम जनमानस व वाहन चालको को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन करने/कराने का संदेश दिया गया।

## तालाब में युवक का शव मिलने से हड़कंप



**इटियाथोक/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के मुंडेरवा माफी गांव स्थित तालाब में एक 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। जानकारी होने पर गांव के तमाम लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त व पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक की पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुंडेरवा कलां गांव निवासी दिनेश गौतम (35) पुत्र सनेही गौतम के रूप में हुई। स्थानीय लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि पैर फिसल जाने से दिनेश तालाब में गिर गया होगा। प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पांडे ने बताया कि शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जगह-जगह गोवर्धन पूजा आयोजित, प्रसाद वितरित

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**



शहर और गांव में दीपावली पर हर घर दीपोत्सव और गणेश लक्ष्मी जी का पूजन हुआ।हर जगह-जगह पर, रंग बिरंगी झुरझुरिया, रोशनी, राकेट और पटाखे छोड़े गए।फिर दुसरे दिन अन्नकूट का प्रसाद मंदिरों पर हुआ।शहर के रानी बाजार में श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में लोगो ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया।सुबह 9 बजे से ही लग लोगो ने लाइन लगा कर प्रसाद लिया।

प्रसाद लोग अपने अपने घरों पर लें गये और 11 बजे पंक्ति में बैठकर लोगो ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद के दौरान श्री राम धर्मादा के अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव संजय अग्रवाल, विकास जैन, विजेन्द्र सिंघल गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल,,पंकज मोदी, सीए पवन अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।उधर प्रेमदास कुटिया में, नूरामल मंदिर, आवास विकास राधा कृष्ण मंदिर, चौक बाजार के ठठेरी बाजार में राधाकृष्ण मंदिर सहित आदि कई जगहों पर भी अन्नकूट का प्रसाद का वितरण किया गया और लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, नूरा मल मंदिर पर प्रसाद के दौरान मंदिर के संरक्षक योगी रामनाथ,संतोष अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

चौक बाजार के श्री राधा कृष्ण मंदिर में अन्नकूट का प्रसाद हुआ, इस दौरान प्रेम गोयल, अंकुर अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, हरि गोविंद अग्रवाल, भरत केडिया, डब्बू अग्रवाल, संतोष अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शाम होते ही हर घरों में गोवर्धन पूजा मनाया गया। लोग घरो पर गोवर्धन की पूजा किया। और गोवर्धन धारी शरण तुम्हारी... बोलते हुए फेरी लेकर पूजा किया और आशीर्वाद लिया।

## खबरें एक नजर में

### आओ सच्ची दिपावली मनाएं



**परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यू।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र पर दीपोत्सव मनाया गया जहां सेवा केन्द्र के भाई बहनों एवं माताओं ने दीपावली पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को जाना ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहन ने आयें हुए भाई-बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा की पांच हजार वर्ष पूर्व एक अति श्रेष्ठ समय था जबकि इस सृष्टि पर धरा को जगमग करने के लिए परम ज्योति निराकार परमात्मा का अवतरण हुआ था! वह समय कलयुग के अंत का था जब परमात्मा ने सत्य ज्ञान देकर सभी मनुष्यों की बुझी आत्म ज्योति जगाई थी तब मनुष्य आत्माओं का अपने परमपिता से मिलन हुआ था वह इस सृष्टि की सबसे शुभ -वेला थी वही सच्ची दिवाली थी बाद में तो मात्र उसकी यादगार ही है। एक रचना प्रस्तुत करते हुए ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन ने कहा कि कैसे दिपावली मनायें? कांपते हाथों से कैसे, कौन-सा दीपक जलायें, हर तरफ मातम मचा है, कैसे दीवाली मनाएं? शोक के सागर में डूबा आज का संसार है, वैर, घृणा, स्वार्थ, अत्याचार की भरमार है। कुटिलताओं ने कलंकित कर दिया है धर्म को, धारणा ही धर्म है- भूले सभी इस मर्म को। अब तो इस संसार को भगवान ही चाहे बचायें... हर तरफ मातम मचा है... कैसे दिवाली मनाएं? आगे बताया कि अब हर वर्ष यादगार रूप में दीपावली मनाते युग बीत गए। न लक्ष्मी आई, न ज्योति जगी। अब समय है जबकि परमपिता परमात्मा स्वयं द्वारा मनुष्य आत्माओं की ज्योति जगा रहे हैं -तो हम सभी का आवाह्न करते हैं कि आओ हम सभी मनुष्य सत्य परमात्मा से सत्य ज्ञान लेकर अपने जीवन को पवन बनाएं अर्थात ज्योति जगाएं और ईश्वरीय मिलन का वास्तविक सुख प्राप्त करें तब ही यहां पृथ्वी पर स्वर्ग आएगा जहां श्री लक्ष्मी मां से नारायण का राज्य होगा! जो ऐसी सच्ची थी वाली मनाएंगे वही स्वर्ग के अधिकारी बनेंगे जहां रोज ही दीपावली होगी!

### जिले में नजूल जमीनों पर अवैध निर्माण की भरमार




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पांच मंजिला भवन के बारे में नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया तीन मंजिल का नक्शा पास है किंतु जब उनसे 5 मंजिल की बात की गई तो उन्होंने कहा ठीक है मैं इसको देखुँगा बात डेढ़ से 2 महीने पुरानी है पांच मंजिल की बिल्डिंग बनकर खड़ी हो गई नगर मजिस्ट्रेट ने आकर के भवन स्वामी से कुछ बात किया आज भी उक्त भवन सीना तानकर खड़ा हुआ है और उसने अपनी बिल्डिंग पर (टू लेट) का बोर्ड भी लगा दिया ऐसे में साफ जाहिर है कि नगर मजिस्ट्रेट के ढुलमुल रवैया से जिले में नजूल जमीनों पर अवैध निर्माण तथा बिना नक्शे के भवन का निर्माण धड़ल्ले से जारी है करवाई किस लाचारी में नहीं कर रहे हैं इस बात का जवाब तो नगर मजिस्ट्रेट ही दे पाएंगे क्योंकि या तो यह कहते हैं कि हम अपने इंजीनियर से जांच करायेँगे और या कुछ और बात कह कर विषय को टाल जाते हैं बात सिर्फ एक ही अवैध बिल्डिंग की नहीं है जिले में विगत 8 माह से कार्रवाई न होने के कारण अवैध निर्माण की बाढ़ से आ गई है क्योंकि ना तो किसी को नोटिस जारी हुई है और ना ही किसी के विरुद्ध कार्रवाई ऐसे में नजूल जमीनों पर अवैध निर्माण करताओँ की पौ बारह हो रही है इससे तो यही कहा जा सकता है कि अवैध निर्माण की भरमार जिला प्रशासन पूरी तरह लाचार।

# मंदिर में जलाभिषेक करने आए युवक की बाइक चोरी

**चौकी प्रभारी की कमान संभालने के बाद से बढ़ी चोरी की वारदातें**

**साकेत वर्मा**

**मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाने की पुलिस चौकी वैवाही क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। पुलिसिया तामझाम क्षेत्र में फेल दिखाई दे रहा है। राजकुमार पुत्र बुधराम जो शुक्रवार को बाबा बूढ़ेस्वर नाथ मन्दिर में जलाभिषेक करने के लिए आए थे। मोटरसाइकिल को खड़ा कर जलाभिषेक करने मंदिर के अंदर चले गए। बाहर निकलने पर देखा कि मोटरसाईकल यूपी 40 AU 9045 काली हीरो स्प्लेंडर प्लस मौके से गायब थी। काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका पीढ़ित ने चौकी बैवाही व थाना खैरीघाट में लिखित सूचना पत्र शुक्रवार को दी है।

**अब तक क्षेत्र में हो चुकी है कई चोरिया, पुलिस के खाली हाथ :- पहली वारदात** - 12 अगस्त की रात रामपुर धोबियाहार गांव निवासी आनंद वर्मा के यहां हुई। घर के बरामदे मे खड़ी बाइक का लोक तोड़कर चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने चौकी पर शिकायत की कई दिन बाद चोर को जेल भेजा गया था।

**दूसरी वारदात** - 15 अगस्त की रात चौकी क्षेत्र अंतर्गत जुगराज पुरवा गांव निवासी कैलाश यादव के यहां हुई। जहां चोरों ने करीब अस्सी हजार रुपए के दो भैंसा खोल ले गए। पशुपालक ने चौकी पर तहरीर दी।

**तीसरी वारदात**- 24 अगस्त की रात रामपुर धोबियाहार स्थित एएनएम सेंटर में हुई। जहां छः बैट्रा चोर चुरा ले गए।

**चौथी वारदात** - रामपुर बाजार स्थित दुकान पप्पू उर्फ अब्बास अली की दुकान के सामने लगे टिल्लू पर चोरों ने हाथ साफ किया था।

पांचवीं वारदात- इंद्रजीत निवासी नारायनपुरवा की बीते 19 अक्टूबर को मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी जिसका अब तक कुछ पता नहीं चल सका।

और अब बाबा बूढ़ेस्वर नाथ मन्दिर से राजकुमार पुत्र बुधराम निवासी चिकिनिया थाना रूपईडीहा के मोटरसाइकिल पर चोरों ने हाथ साफ किया। लोगो में पुलिस से विश्वास उठ चुका है लगातार हो रही चोरियो से इलाके में भय का माहौल व्याप्त है।

क्षेत्र के लोगों ने बताया अब तक ऐसी चोरियां नहीं होती थी जब से नवागत चौकी इंचार्ज ने चौकी वैवाही का कार्यभार संभाला है तब से लगातार क्षेत्र में चोरियां हो रही है पुलिसिया तामझाम फेल नजर आ रहा है। इस मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है कार्यवाही की जाएगी।

# बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल

**मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया**

**मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



सम्मनपुरवा के पास दो मोटरसाइकिलों के आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए सभी को इलाज के लिए निजी अस्पताल लाया गया है। इलाज जारी है मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।नारायण पुरवा निवासी युवक लायकराम पुत्र गोबरे जो अपने घर से रामपुर बाजार दूध बेचने के लिए जा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि राम लखन पुत्र बुधई व अर्जुन पुत्र हुसैनी शराब के नशे में थे जिससे बाइक अनियंत्रित होकर लायक राम के मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई और लायकराम गम्भीर रूप से घायल हो गए वही रामलखन व अर्जुन को भी हल्की चोट आई है। सभी को ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज जारी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों मोटरसाइकिलों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।



### एएसपी नगर व सीओ ने वृद्धाश्रम पहुंचकर मनाई दीवाली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व पुलिस उपाधीक्षक हर्षिता तिवारी ने दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर कोतवाली देहात क्षेत्र के अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर वृद्धजनों को मिठाई, फल, शॉल, मोमबत्तियाँ और अन्य उपहार भेंट कर उनके साथ कुछ पल बिताये। वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों का कुशलक्षेम पूछा व उनके स्वस्थ व दीर्घकालिक जीवन की कामना की गई तथा उन्हें अपनेपन का एहसास कराया। अपर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या हो तो पुलिस को तुरन्त बतायें उनकी तत्परता से सहायता की जाएगी। आप लोग हमारे ही परिवार के सदस्य हैं, आप कहीं से अपने आप को असहाय व अकेला न समझें। वृद्धजनों ने अपनेपन का एहसास होने पर पुलिस को कहा, हैप्पी दिवाली सर, एएसपी द्वारा कोतवाली देहात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर वृद्धाश्रम जाकर कुशलक्षेम पूछते रहे । बहराइच पुलिस सुरक्षा व सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, प्रभारी थाना कोतवाली देहात परमानन्द तिवारी, उपनिरीक्षक संजय गौतम कोतवाली देहात तथा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैंक मैनेजर व एयरपोर्ट मैनेजर को दरोगा-सिपाही ने पीटा



**कार बैक करते समय बुलेट में लड़ने का विरोध करने पर पीटा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

दिवाली के लिए गुरुवार को बुलेट वाहन से समान खरीदने जा रहे सगे भाइयों को कार सवार दरोगा और सिपाही ने पीट दिया। मौके पर यातायात पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। बैंक मैनेजर और अयोध्या में एयरपोर्ट में मैनेजर के पद पर तैनात जुड़वा भाई न्याय के लिए चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन केस दर्ज करने के बजाए कोतवाली में धमकी दी जा रही है और पुलिस अधीक्षक से मिलने नहीं दिया जा रहा है।जिले में पुलिस जिसे देखो उसे ही पीट रही है। अब अधिकारी भी इसका शिकार होने लगे हैं। कुछ यही हाल दो दिन पूर्व देखने को मिला। नगर कोतवाली के मोहल्ला वशीरगंज निवासी लव गुप्ता अयोध्या एयरपोर्ट पर प्रबंधक सिविल के पद पर तैनात है। जबकि कुश आर्यावृत बैंक में पयागपुर में शाखा प्रबंधक है। गुरुवार को दोनों भाई बुलेट बाइक से बशीरगंज स्थित यादव होटल की ओर से निकल रहे थे।इसी दौरान तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह अपनी निजी कार बैक करने लगे। टक्कर से बुलेट गिरने से दोनों भाई घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गलती के बावजूद शिकायत की बात को लेकर चौकी प्रभारी व सिपाही ने दोनों भाइयों की बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई देख लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी।

मौके पर यातायात पुलिस कर्मियों व अन्य लोगों ने बीच बचाव कर बचाया। पीड़ित भाइयों ने गुरुवार रात जैसे ही नगर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पीड़ित भाइयों के पिता ने दो बार एसपी से मिलने की कोशिश की उनकी व्यस्तता से असफल हो गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के पीआरओ आवास पर मैडम के खाली न होने की बात कहकर वापस कर दिया। इस मामले नगर कोतवाल दिनेश कुमार पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### भाजपा नेता के बेटे हैं पीड़ित

नगर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी प्रकाश गुप्ता भाजपा नेता हैं। वह पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रह चुके हैं। दोनों बेटों ने बताया कि जिस तरह पुलिस ने शिकायत पर उनकी पिटाई की। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य लोगों के साथ कैसा बर्ताव करते होंगे।

### एसपी ने चौकी प्रभारी को किया निलंबित

तिकोनीबाग चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह द्वारा दो युवकों के साथ असभ्य व्यवहार करने का वीडियो कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित हो रही है। जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया है। बहराइच पुलिस किसी भी जनपदवासी के साथ निंदनीय व्यवहार का समर्थन नहीं करती है।

# अस्पताल में भर्ती बहन को देखने जा रहा था भाई, पुलिया से टकराई बाइक, मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के शिवपुर में स्थित अस्पताल में भर्ती बहन को देखने के लिए गुरुवार रात भाई एक अन्य के साथ बाइक से जा रहा था। बाइक सवार पुलिया से टकरा गए। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम दुइजीपुरवा निवासी जवाहर (20) पुत्र राम मूरत की बहन की तबियत खराब है। बहन का इलाज शिवपुर सीएचसी में चल रहा है। जिस पर जवाहर गुरुवार रात को गांव निवासी अर्जुन पुत्र इतवारी के साथ बाइक से शिवपुर सीएचसी बहन को देखने जा रहे थे। दोनों शिवपुर बाजार के पास बनी पुलिया के पास पहुंचे। तभी अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकरा गई। हादसे में जवाहर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे चौकी इंचार्ज राकेश पांडेय द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# जिला बदर अपराधी के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल

**प्रधानी की रंजिश में तलवार और लाठी से किया हमला, पुलिस ने दर्ज किया केस**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के बोटनिहा गांव निवासी युवक और उसके परिवार के लोगों ने जिला बदर अपराधी समेत अन्य लोगों ने हमला कर दिया। तलवार के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं बहन का इलाज क्षेत्र के अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी जिला बदर अपराधी समेत अन्य पुलिस की पकड़ से दूर हैं।कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम बोटनिहा निवासी दीप चंद्र (25) पुत्र रामा दल का गांव निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ बड़कन और नरेंद्र आदि से चुनावी रंजिश चल रही है। जिला अस्पताल में भर्ती दीपचंद्र ने बताया कि शुक्रवार को उस पर लक्ष्मी नारायण, नरेंद्र, संदीप, भल्लर समेत 15 की संख्या में उसके घर पर दबंग लोग पहुंचे। सभी ने तलवार, लाठी और अन्य वस्तुओं से हमला करना शुरू कर दिया। तलवार दीपचंद्र के सिर पर लगते ही वह बेहोश हो गया। बचाने दौड़ी बहन और मां को भी पीटा। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर दीपचंद्र को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इस मामले में कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमले का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जिला बदर अपराधी है हमलावर

कोतवाली नानपारा अंतर्गत बोटनिहा गांव निवासी बड़कन उर्फ लक्ष्मी नारायण जिला बदर अपराधी है। उसे जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के लिए जिला बदर किया है। लेकिन वह दूसरे जिले में जाने के बाजाये गांव में ही लोगों पर हमला कर रहा है। कोटवाल का कहना है कि बड़कन जिला बदर अपराधी है। वह पुलिस की पकड़ से दूर है।

# ट्रेन से कटकर दो महिलाओं की मौत

**रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ बहराइच रेल प्रखंड पर जरवल रोड में रेलवे ट्रैक से करते समय ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में आकर दो महिलाओं की कटकर मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जरवलरोड थाना अंतर्गत लखनऊ-गोंडा रेल प्रखंड पर शुक्रवार को ट्रेनों का आवागमन हो रहा था। जिसमें सुबह नियुक्रिया के लिए खेतों में गईं दो महिलाएं ट्रेन से कटकर अपनी जान गंवा बैठीं। घटना की सूचना मिलते ही जरवलरोड पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। यह हादसा ग्राम झुकिया में एकलव्य महाविद्यालय के सामने रेलवे ट्रैक पर हुआ।

हादसे में ट्रेन से कटकर शहजहां बानो पत्नी मोहम्मद अनीस और सलमा पत्नी निजामुद्दीन रेल पटरी के पास रहती थीं। सुबह लगभग 10 बजे ये महिलाएं रेल लाइन पार कर शौच के लिए खेत की ओर गई थीं, तभी यह दुर्घटना हो गई। हादसे की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने महिलाओं की पहचान करवाई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिलाओं की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# सादी वर्दी में सिपाहियों को भारी पड़ी जुआरियों से वसूली

- पुलिसकर्मियों से जुआरियों ने की अभद्रता, वीडियो वायरल
- एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने दोनों सिपाहियों को किया सस्पेंड

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।





जनपद बरेली के बाद अब रायबरेली में जुआरियों ने सिपाहियों से बदसलूकी की है। शहर कोतवाली क्षेत्र में अवैध कार्यों का बोलबाला है, जिसमें पुलिस सम्पूर्ण रूप से संलिप्त रहती है। हाल ही में सिविल लाइन चौकी क्षेत्र में भी जुआरियों का वीडियो वायरल हुआ, लेकिन मामला जांच तक ही अटका रहा। इसी का नतीजा है कि जुआरियों के मनोबल इतना बढ़ गया कि उनमें पुलिस का खौफ भी नहीं रहा। ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सादी वर्दी ने पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ जुआरी बदसलूकी कर रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों जुआरियों से अवैध वसूली करने गए थे।

मामला दीपावली के अगले दिन शुक्रवार का है। जहानाबाद चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जुएं की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे दो सिपाहियों को जुआरियों ने घेर लिया और उनके साथ जमकर बदसलूकी की। इतना ही नहीं सिपाहियों को जुएं की रकम वापस करनी पड़ी। ये सिपाही सादी वर्दी में घटनास्थल पर पहुंचे थे, जहां पर जुआ चल रहा था।

### जुआरियों ने दो सिपाहियों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

जुआरियों का आरोप है कि यह दोनों सिपाही वसूली कर रहे थे। इस घटना से संबंधित दो वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पहली वीडियो क्लिप में सदर कोतवाली का सिपाही आकाश यादव जुआरियों को पैसे वापस करते हुए दिख रहा है जबकि दूसरी स्लिप में एक दूसरा सिपाही अरुण यादव हेलमेट लगाए हुए बाइक पर बैठा हुआ है। लोग उसे हेलमेट उतारने के लिए कह रहे हैं, लेकिन वह हेलमेट नहीं उतार रहा है। इसके बाद जुआरियों ने जबरदस्ती उसका हेलमेट उतारने की कोशिश की और उससे लगातार उसे बदसलूकी कर रहे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हुए पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने बताया इस पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी महराजगंज द्वारा की जा रही है।

### वसूली के आरोपी सिपाहियों को एसपी ने किया निलंबित

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने दोनों सिपाहियों को वसूली के मामले में निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। एसपी ने आरक्षी अरुण यादव और आरक्षी आकाश यादव को सस्पेंड कर दिया गया है।

## डलमऊ कोतवाली क्षेत्र की कानून व्यवस्था ध्वस्त

डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

- टप्पेबाजों ने एटीएम बदलकर उड़ाए 16000 रुपए



एटीएम से पैसा निकालने आए एक दम्पती के साथ टप्पेबाजी हो गई टप्पेबाज ने एटीएम बदलकर उसके खाते से 16000 रुपए निकाल लिए। घटना मुख्य चौराहे की है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मुराई बाग मुख्य चौराहे पर स्थित इंडिया एटीएम से शनिवार दोपहर रसूलपुर धराया निवासी राममिलन अपनी पत्नी के साथ पैसा निकालने के लिए आए हुए थे जब वह एटीएम के अंदर पैसा निकाल रहे थे तभी पीछे खड़े दो युवकों ने बहाने से उनका एटीएम बदल दिया और कुछ देर बाद उनके खाते से रु. 16000 निकाल लिए जब मोबाइल पर मैसेज आया तो जानकारी हुई पीड़ित युवक का कहना है कि वह जरूरी खरीदारी के लिए एटीएम से पैसा लेने के लिए आए थे तभी पीछे खड़े दो युवकों ने उनके साथ धोखाधड़ी करते हुए एटीएम बदल लिया है। कस्बे में टप्पे बाजी की घटना या पहले नहीं है इसके पहले भी टप्पेबाजों द्वारा धोखाधड़ी कर लोगों के पैसे निकाल लिए गए, पुलिस की सितारिता के चलते अक्सर ऐसी घटनाएं कस्बे में देखने को मिलती हैं।

## खबरें एक नजर में

### कुश्ती भारतीय परंपरा का हिस्सा : प्रभात साहू



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दीपावली के दूसरे दिन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 44 वां सार्वजनिक दंगल ब्लॉक परिसर महराजगंज में संपन्न हुआ। महराजगंज कस्बे में बाबूजी के नाम से मशहूर पूर्व समाजसेवी स्वर्गवासी सत्यनारायण गुप्ता की स्मृति में दंगल का आयोजन वर्तमान समय में किया जा रहा है पहले से या दंगल होता आ रहा है लेकिन कुछ वर्षों से इसे लोकतंत्र सेनानी सत्यनारायण गुप्ता की स्मृति में किया जाता है। जिसे महराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के पहलवान प्रतिभाग करते हैं अबकी बार 40 कुश्ती हुई 500 से शुरू हुई कुश्ती 5400 सौ रुपए तक पहुंची जिसमे कानपुर और लखनऊ के पहलवानों के बीच कुश्ती हुई जिसमें बाबी मिश्रा लखनऊ विजेता घोषित हुए उन्हें आए हुए अतिथियों द्वारा भेंट प्रदान की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह पूर्व विधायक राजाराम त्यागी भाजपा नेता सुनील मौर्य पूर्व प्रधान पाली पुत्तन सिंह रामकुमार यादव मुस्ताक राइनी धर्मेंद्र वर्मा वरिष्ठ लिपि रामचंद्र बाबू लिपिक यमुना प्रसाद भारत लाल यादव राजकुमार चंद्रकेश भगत अखिलेश यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### अच्छे टर्न आउट व निपुणता के लिए होमगार्ड सम्मानित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** राजेश कुमार सिंह हुए सम्मानित। पिछले कई माह से अच्छा कार्य और अच्छी ड्यूटी करने पर होमगार्ड को महराजगंज कोतवाली में सम्मानित किया जाता है। यह मुहिम पीसी इंद्रमणि सिंह के द्वारा शुरू की गई है अबकी बार होमगार्ड राजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने सम्मानित किया। माह भर अच्छे टर्न आउट व निपुणता से ड्यूटी करने वाले होमगार्ड को किया गया सम्मानित। प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव पीसी इंद्रमणि सिंह चौहान द्वारा प्रस्तुति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीसी रमेश कुमार मौर्य बीओ राजेश कुमार राय होमगार्ड राम प्रताप यादव शिवकरण यादव संतलाल ईशा मोहम्मद रामपति वाजपेई अनुज कुमार सिंह कमलाकांत शास्त्री राम यश मौर्य रामदास यादव राम भुवन सिंह दिनेश सिंह रामकुमार यादव छेदीलाल धीरेंद्र अवस्थी रामहेत साहू रामराज यादव सुरेश कुमार यादव सतीश प्रताप सिंह राजेश सिंह सहित अन्य होमगार्ड मौजूद रहे।

### दो मंजिला इमारत जल कर राख

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर आग लगने से लगभग कई लाख का नुकसान हो गया।परिजनों को जानकारी होने पर तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची उससे पहले सारा सामान जलकर स्वाहा हो चुका था।मिली जानकारी के अनुसार मोन गांव में दो मंजिला घर बना आग का गोला, बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से आग लग गई धुआं देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे परिजनों के साथ बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझा सके तत्काल सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाती तब तक कई लाख से ऊपर का नुकसान हो चुका था बताया जा रहा है कि पांचो भाई एक ही घर में रहते थे जय सिंह उर्फ कुल्लू पुत्र गिरजा भगत सिंह, चंद्रभान सिंह रामअधीन सिंह, धनंजय सिंह, शुभंजय सिंह पुत्र गिरजा भगत वही राम अधीन सिंह के लड़की का अगले महीने विवाह है। वही विवाह का सामान सारा लाकर रख दिया गया था वह भी जल गया है परिजनों में हाहाकार मच गया है।बताया गया कि घर के अंदर दो गैस सिलेंडर भरे रखे हुए थे फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे गैस सिलेंडरों को बाहर किसी तरह निकाल कर बाहर किया नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर कहा कि हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### दो सगे भाइयों में खूनी संघर्ष, चले लाठी-डंडे

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत उफरापुर गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सगे दो भाइयों के परिजनों में खूनी संघर्ष हो गया। मामला खेत में मेड़ रखने को लेकर बताया जा रहा है। बता दें। दोनों पक्षों में हुए मारपीट का वीडियो भी कैमरे में कैद हो गया।लगभग आधा घण्टे मारपीट में जमकर लाठी-डंडे चले मारपीट में महिलाएं बच्चों समेत दोनों पक्षों से 16 लोग घायल हो गये सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां घायलों में 8 लोगों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया है।सूचना पर पहुंची पुलिस अब पूरे मामले में जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एक पक्ष से श्रीराम व उनका परिवार घायल हैं तो दूसरे पक्ष से विपाती व उनके परिवार के लोग घायल हैं।

### उतरौला बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पर्व

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर, गेंडास बुजुर्ग, श्री दत्त गंज, चमरूपुर, महदईया बाजार, पेहर बाजार सहित उतरौला बाजार और आसपास के गांवों में दीपावली का पर्व पूरे उत्साह और परंपरागत ढंग के साथ मनाया गया। हर जगह दीपों की जगमगाहट और खुशियों का माहौल देखने को मिला। उतरौला बाजार में दीपावली के अवसर पर सबसे पहले श्रद्धालु श्री दु:खहरण नाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ, श्री दुखहरण नाथ बाबा, बाला सुंदरी महारानी, श्री हनुमान जी महाराज सहित अन्य देवी-देवताओं का विधिपूर्वक पूजन-अर्चन किया। इसके बाद नई परिधान पहने हुए लोगों ने अपने-अपने घरों में दीपोत्सव का शुभारंभ किया। घरों के आंगनों में दीये जलाए गए, और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी आयु वर्ग के लोगों ने मिलकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बच्चे खासकर इस दिन को लेकर बेहद उत्साहित दिखे और देर रात तक पटाखे जलाते रहे। वहीं, बुजुर्गों ने घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए लक्ष्मी-गणेश का पूजन किया और अपने परिवार के साथ इस खास अवसर का आनंद लिया। दीपावली का पर्व न केवल रौशनी का पर्व है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की विजय, प्रेम, समृद्धि और आध्यात्मिकता का प्रतीक भी बन चुका है। दीपावली का पर्व उतरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें सभी ने अपनी परंपराओं को निभाते हुए उत्सव का आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## खुशियां बदली मातम में, आतिशबाजी की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



दीपावली की खुशियां उस समय एक परिवार के लिए मातम में तब्दील हो गई जब आतिशबाज़ी के दौरान दगाये जा रहे गोले की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ घर से निकल कर दुकान जा रहा था तभी मुख्य मार्ग पर आतिशबाजी के दौरान गोले के चपेट मे आया था।

मामला गुरबख्शगंज थाना इलाके के पूरे लाल बहादुर गांव का है। यहाँ के रहने वाले कल्लू उर्फ़ सुशील कुमार घर से निकल कर मुख्य मार्ग होते हुए बाजार जा रहे थे। उसी दौरान मुख्य मार्ग पर गांव के ही रोहित आदि आतिशबाज़ी दगा रहे थे। आरोप है कि उसी समय एक बड़ा गोला मुख्य मार्ग पर रख कर रोहित उसमें आग लगाने के बाद दूर खड़ा होकर उसके दगने का इंतज़ार कर रहा था। उसी दौरान कल्लू उधर से गुज़रा, तभी गोला दग गया। गोले के चपेट में आकर कल्लू वहीं गिर कर बेहोश हो गया। परिजन आनन फानन में उसे लेकर सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचे, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने रोहित पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वही लालगंज के सीओ अनिल सिंह से बात करने पर बताया कि अभी हमें जानकारी नहीं है और थाना इंचार्ज से बात कर लीजिए। गुरबख्श गंज थाना इंचार्ज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## यातायात नियमों का करें पालन : पुलिस अधीक्षक

- यातायात माह का हुआ शुभारंभ
- एसपी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



जागरूकता वाहन को रवाना करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि यातायात जागरूकता वाहन शहर के विभिन्न मार्गों और प्रमुख चौराहों और बाजारों में जाकर यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करेगा।

उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि वाहन कभी भी तेज गति और नशे की हालत में नहीं चलाना चाहिए। इसके अलावा हमेशा अपनी लेन में ही चलना चाहिए। साथ ही स्टंट बाइक न करें और प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें।

उन्होंने कहा कि यातायात माह की शुरुआत हो रही है। एडिशनल एसपी, सीओ, कोतवाल और कई अन्य लोगों के नेतृत्व में यह यातायात माह शुरू हुआ है। इसमें हम लोगों को एमवी एक्ट के बारे में जागरूक करेंगे और इसके अलावा जो भी तत्व यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हमारा टारगेट अवैध पास वाले वाहन हैं। इसके अलावा जो लोग काली फिल्म लगाकर वाहन चला रहे हैं। हमने उन्हें भी टारगेट किया है। ऊंची पिकअप वाले वाहन जिसमें दो-तीन लड़के बैठकर वाहन चलाते हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक चलाते समय पहनें हेलमेट

यातायात निरीक्षक अजय सिंह तोमर ने बताया कि एक नवंबर से यातायात माह की शुरुआत हो गई है। सभी को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाना चाहिए और वाहनों में रिफलेक्टर होना चाहिए, जिससे यातायात दुर्घटनाओं में कमी आ सके। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए जगह-जगह यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है और नियमों का पालन न करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिविल लाइंस थाने में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## रिटायर्ड फौजी की पिटाई के मामले ने पकड़ा तूल

- सवर्ण आर्मी-करणी सेना ने एसपी कार्यालय का किया घेराव
- जातीय सोच रखते हैं एसएचओ पवन सोनकर

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।






रिटायर्ड फौजी और उनके परिजनों के साथ पुलिस कर्मियों के द्वारा मारपीट व फर्जी मुकदमा में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए सवर्ण आर्मी व करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित रिटायर्ड सैनिकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर एक ज्ञापन सौंपा हैं।

मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत घुरवारा कस्बे का था। जहां 31 अक्टूबर को दीपावली के दिन पटाखा खरीदते समय रिटायर्ड फौजी इंदल सिंह के पुत्र चाहत सिंह का कुछ अराजक तत्वों से विवाद हो गया था। जिसकी सूचना पर रिटायर्ड फौजी इंदर सिंह ने घुरवारा पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी मांगी।

### पूछताछ के बहाने ले जाकर लाठी डंडों व बेल्ट से जमकर पीटा

पुलिस कर्मियों द्वारा रिटायर फौजी इंदल सिंह चौकी स्थित एक कमरे में पूछताछ के बहाने ले जाकर लाठी डंडों व बेल्ट से जमकर पीटा गया। जिसमें रिटायर्ड फौजी को गंभीर चोटें आई। रिटायर्ड फौजी के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी कमियों को छुपाते हुए चौकी इंचार्ज ने रिटायर्ड फौजी पर पुलिस पर हमला करने का झूठा आरोप लगाते हुए बिना किसी वारंट के घर जाकर जमकर तांडव काटा और घर से परिजनों को खींचकर उनकी पिटाई करने के साथ ही लाठी डंडा, सरिया, कट्टा कारतूस आदि की बरामदगी दिखाकर फौजी वह उसके बेटे को जेल भेज दिया।

### रिटायर्ड फौजी इंदर सिंह के समर्थन में उतरी सवर्ण आर्मी व करणी सेना

पुलिस के द्वारा की गई अमानवीय घटना के बाद रिटायर्ड फौजी इंदर सिंह के समर्थन में सवर्ण आर्मी व करणी सेना के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने रिटायर्ड फौजी संगठन के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। रिटायर्ड फौजियों ने कहा कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो सभी लोग मुख्यमंत्री से मिलकर पूर्व सैनिक के साथ हुए पुलिसिया जुल्म से अवगत कराया जाएगा। पीड़ित फौजी की पत्नी आरती सिंह ने कहा कि पुलिस वाले घर आकर के हमारी गाड़ी और हमारी पिस्टल यह उठा ले गए हैं और इन्होंने महिलाओं और बच्चों को गालियां दी और हम लोगों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



अज्ञात कारणों से लगी आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। लाखों के नुकसान हो जाने से व्यवसाई दिनेश गुप्ता की माली हालत बहुत बद से बदतर हो गई।

विकास खण्ड गैंडास बुर्जुग के हसीनपारा में इलेक्ट्रॉनिक दुकान करने वाले दिनेश गुप्ता बुधवार रात में दुकान बंद कर अपने घर चले गए रात में अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग जाने से 20 फर्राटा पंखा, छोटा बड़ा मिलाकर 15 बैट्री, दिवाली में बेचने के लिए झालर, वायरिंग में प्रयोग किया जाने वाला तार और पाइप सब कुछ जल कर राख हो गया। उन्होने बताया कि बैंक और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर सामान मंगाया था और कुछ समय बाद वापस देना था किंतु भाग्य ने ऐसा किया कि न जी पा रहा हूं न मर पा रहा हूं। रोते बिलखते अपनी व्यथा सुना रहे दिनेश गुप्ता मूलतः हसीनपारा के ही रहने वाले हैं । उन्होने बताया कि अपनी समास्या किसे बताए हफ्तों से बिक्री हुए समान का पैसा कैश लगभग डेढ़ लाख रुपए भी दराज में रखा हुआ था वह भी राख हो गया बताते बताते वह चीख कर रोने लगे। पास पड़ोस के लोग और उनके परिजन ने सासन प्रशासन से मदत की गुहार लगाई है।



### 6100 दियों से जगमगाया विश्वेश्वर नाथ शिव मंदिर

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्षेत्र सादुल्लानगर के अचलपुरपुर चौधरी के जमुनेपुर स्थित विश्वेश्वर नाथ शिव मंदिर में दिपावली के पावन पर्व पर 6100 दीप जलाकर दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने मंदिर के प्रांगण को दीपो से भव्य रूप से सजाया। दोपहर से ही कार्यकर्ता दीपू उत्सव मनाने की तैयारी में जुड़ गए थे। शाम होते ही मंदिर के चारों तरफ मिट्टी के दिए का जगमग प्रकाश बिखर गया। दीपोत्सव की खुशियों से मंदिर का वातावरण अत्यंत सुरम्य नजर आ रहा था।आयजोको ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए भगवान की पूजा अर्चना की। गणेश दत्त मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव के शुभ अवसर पर गांव वासियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। और दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। गणेश दत्त मिश्र ने बताया कि दीपावली केवल रोशनी का त्यौहार नहीं है। बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दीपों से सजे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता प्रेम और भाईचारा का संदेश फैलाना है। इस उत्सव में शामिल होकर हमें ऐसा लगा। जैसे पूरा गांव एक परिवार बनकर इस पर्व को मना रहा है। यहां का माहौल बहुत ही खुशहाली और आनंदमय है। दीपावली का यह दीप उत्सव क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस अवसर पर जयप्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष मिश्रा, शिवम मिश्रा, अमन मिश्रा, राम चरित्र, पिंटू, अजीत कुमार, शुभम मिश्रा, गणेश दत्त मिश्रा, शशिभान मिश्रा, रूप नारायण मिश्रा आदि शामिल रहे।

## हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन ने जेल में कैदियों संग मनाया दीपावली समारोह

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन ने दीपावली के पावन अवसर पर एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया, जो कि स्थानीय जेल में कैदियों के लिए समर्पित था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों को समाज का हिस्सा महसूस कराना और उन्हें खुशियों के इस त्योहार में शामिल करना था। समारोह में कैदियों के साथ मिलकर दीपावली का उत्सव मनाया गया, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने कैदियों को मिठाई खिलाई और उनके साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर, जरूरतमंद कैदियों को उपहार स्वरूप टी-शर्ट, लोवर और चप्पलें प्रदान की गईं, जिन्हें पाकर कैदियों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। यह न केवल उन्हें खुशी प्रदान करता है, बल्कि यह दर्शाता है कि समाज उनके प्रति अभी भी सहानुभूति और समर्थन रखता है।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ऐडवोकेट साद अशरफ खान और सक्रिय सदस्य मो शब्बीर उपस्थित रहे। दोनों ने कैदियों के साथ मिलकर दीपावली के उत्सव का आनंद लिया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनका इस आयोजन में उपस्थित होना इस बात का प्रमाण है कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग मिलकर एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष शहजाद अहमद, जेलर शैलेश कुमार सोनकर, और डिप्टी जेलर जन्मे सिंह की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। शहजाद अहमद ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन कैदियों को आत्म-सम्मान का अनुभव कराते हैं और उन्हें समाज के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन का मानना है कि ऐसे आयोजन न केवल कैदियों की मानसिकता में बदलाव लाते हैं, बल्कि उन्हें समाज से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। दीपावली जैसे त्योहार पर किए गए ये प्रयास कैदियों को यह एहसास कराते हैं कि वे समाज का एक हिस्सा हैं और उनके साथ मिलकर खुशियाँ मनाई जा सकती हैं।

इस विशेष आयोजन ने जेल में एक सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और कैदियों को नई उम्मीद और आत्मविश्वास प्रदान किया। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है।

## करुणेश बने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष (युवा)

सादुल्लानगर ध्बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



स्थानीय क्षेत्र के सादुल्लानगर बाजार निवासी करुणेश तिवारी (विकास) को सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष (मध्यांचल) नियुक्त किया गया है। इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। और उनके नेतृत्व में युवा मंच को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आशा व्यक्त की।

करुणेश तिवारी (विकास) ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर; कैबिनेट मंत्री पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण हज वफ बोर्ड व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर प्रदेश प्रवक्ता मनीष मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने हमें युवा मंच (मध्यांचल) का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

मैं युवाओं की आवाज़ को मजबूत करने और उनके मुद्दों को सशक्त रूप से उठाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। विकास तिवारी का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन राज्य भर के युवाओं को एकजुट करेगा ।और उनके विकास के लिए काम करेगा। उनके मुताबिकए उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर पैदा करना और शिक्षा में सुधार लाना है। इसके साथ हीए वे भ्रष्टाचार और सामाजिक अन्याय के खिलाफ भी मजबूती से आवाज़ उठाएंगे।

युवा मंच के इस नए नेतृत्व से संगठन के सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है। मनीष मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने कहा कि विकास तिवारी की नियुक्ति से युवा मंच को एक नया जोश और दिशा मिलेगी।

करुणेश तिवारी (विकास) के मनोनयन पर ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारीए रमेश चंद्र तिवारी, प्रधान अवधेश उपाध्याय, संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य संघ के प्रदेश महामंत्री सच्चिदानंद मिश्र, विष्णु गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, बहरैची प्रसाद गुप्ता एदीपचंद जायसवाल, ज्ञानचंद सोनी, आशीष कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता (प्रधान), सुमित सिंहए रवि पांडेय, शुभम सिंह, गौरव सिंह आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## महंत महेंद्र दास को रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक ने अंग वस्त्र किया भेंट

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर स्थापित अयोध्या धाम के मणिराम दास छावनी के शाखा हनुमानगढ़ी मंदिर पर आयोजित हो रहे पांच दिवसीय हनुमानगढ़ी मंदिर वीर विनय चौक बलरामपुर में चल रहे हनुमंत जन्मोत्सव कार्यक्रम के अन्नकूट भंडारे का हनुमानगढ़ी मंदिर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मे अतिथियों ने भगवान राम माता जानकी तथा हनुमान जी की आरती करने के उपरांत भोग लगाया गया जिसके बाद भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें मंदिर के संरक्षक श्री राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष एव छोटी छावनी के पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपाल दास,व उनके श्री मणिराम दास छावनी अयोध्या के उत्तराधिकारी शिष्य कमल नयन दास शास्त्री की निर्देशन में हनुमानगढ़ी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महेंद्र दास की देखरेख में भंडारा संपन्न हुआ,जिसमें बलरामपुर हनुमानगढ़ी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महेंद्र दास को रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक,राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा अखिल भारतीय कमलापुरी युवा वैश्य महासभा ने अंग वस्त्र पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया भंडारे के प्रसाद में पहुंचे पूर्व मंत्री हनुमत सिंह, बलरामपुर के सदर विधायक पलटू राम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिह, ओम प्रकाश मिश्रा, विधानसभा गोंडा सदर के भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य महेश नारायण तिवारी आदि सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

## जिम्मेदारी का करें अहसास

पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फसरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है। दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफकार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफआवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफभी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फपराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है।

# ब्रिक्स मुद्रा, भारतीय रुपया और मोदी के मजबूत कदम




**अमेरिकी डॉलर लंबे समय से दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली मुद्रा रही है। 2023-24 तक वैश्विक मुद्रा भंडार के आंकड़ों के अनुसार, 44.15 प्रतिशत डॉलर में, 16.14 प्रतिशत यूरो में और लगभग 8.40 प्रतिशत येन और 6.40 पाउंड में हैं। ये मुद्राएँ मुख्य रूप से वैश्विक व्यापार को प्रभावित करती हैं। रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण मुद्रा दर जोखिम को कम कर सीमा पार व्यापार और निवेश के लिए लेनदेन लागत को कम कर सकता है। भारत की मुद्रा के अवमूल्यन से न केवल देश में आयात की लागत बढ़ती है बल्कि आयातित मुद्रास्फीति के माध्यम से स्थानीय कीमतें भी बढ़ती हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और गिरती मुद्रा 2022 में भारत की मुद्रास्फीति की संभावनाओं के लिए विनाशकारी मिश्रण साबित हुई।**

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

मोदी सरकार की मजबूत कूटनीति और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मुद्रा के रूप में स्थापित करके इसे मजबूत करने के प्रयास सकारात्मक घटनाक्रम हैं। बाकी दुनिया अमेरिका द्वारा उभरते और गरीब देशों की मुद्राओं के शोषण को लेकर बहुत चिंतित है, जिसके कारण कई मुद्दे पैदा हुए हैं। भारत एक बड़ा आयातक है, खासकर तेल और सोने का, जो हमारी मुद्रा और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। हम आज इसका खामियाजा भुगत रहे हैं क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकारों ने तेल आयात को सीमित करने के आवश्यक कदम नहीं उठाए।

अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के माध्यम से निर्भरता कम करने के मोदी सरकार के प्रयासों के बावजूद, आयात तुरंत कम नहीं होगा। मोदी सरकार आर्थिक महाशक्तियों के दबाव में आने के बजाय ÷राष्ट्र पहले÷ के विचार के साथ काम कर रही है और सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में देश को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, कुछ ऐसा जो पिछली सरकारों को बहुत पहले कर लेना चाहिए था। आने वाले वर्षों में हम देश को सभी पहलुओं में, बाहरी दबावों और विदेशी षड्यंत्रों से मुक्त कर गौरव के शिखर पर पहुंचाने के मोदी सरकार के प्रयासों के अच्छे प्रभाव देखेंगे। डी-डॉलराइजेशन अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं का व्यापार है। ब्रिक्स राष्ट्र जिनमें मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है, अपनी विभिन्न मुद्राओं की एक टोकरी के आधार पर एक नई आरक्षित मुद्रा बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एक काल्पनिक ब्रिक्स मुद्रा इन देशों को वर्तमान वैश्विक वित्तीय प्रणाली के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी आर्थिक स्वतंत्रता दिखाने की अनुमति देगी। वर्तमान प्रणाली को संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉलर द्वारा नियंत्रित किया जाता है। यह अनुमान लगाना अभी भी मुश्किल है कि ब्रिक्स मुद्रा कब प्रकाशित और उपयोग की जाएगी, लेकिन अब इसकी क्षमता और निवेशकों के लिए इसके प्रभावों पर विचार करने का एक शानदार अवसर है।

मुद्रा प्रतिस्पर्धा राष्ट्रों के बीच एक प्रकार का संघर्ष है जिसमें प्रत्येक राष्ट्र अपनी मुद्रा को कमजोर करके निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। मुद्रा संघर्षों को अक्सर सभी शामिल राष्ट्रों के लिए भयानक माना जाता है। जबकि भारत ने कभी भी मुद्रा प्रतिद्वंद्विता का सामना नहीं किया है, लेकिन सितंबर 2015 में जब चीन ने जानबूझकर युआन का अवमूल्यन किया तो हम दुखद रूप से इसमें फंस गए। परिणामस्वरूप, अधिकांश उभरते देशों ने निर्यात प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए अपनी मुद्राओं का अवमूल्यन किया। भारत के पास मुद्रा को कमजोर होने देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।


अमेरिकी डॉलर लंबे समय से दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली मुद्रा रही है। 2023-24 तक वैश्विक मुद्रा भंडार के आंकड़ों के अनुसार, 44.15 प्रतिशत डॉलर में, 16.14 प्रतिशत यूरो में और लगभग 8.40 प्रतिशत येन और 6.40 पाउंड में हैं। ये मुद्राएँ मुख्य रूप से वैश्विक व्यापार को प्रभावित करती हैं। रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण मुद्रा दर जोखिम को कम कर सीमा पार व्यापार और निवेश के लिए लेनदेन लागत को कम कर सकता है। भारत की मुद्रा के अवमूल्यन से न केवल देश में आयात की लागत बढ़ती है बल्कि आयातित मुद्रास्फीति के माध्यम से स्थानीय कीमतें भी बढ़ती हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और गिरती मुद्रा 2022 में भारत की मुद्रास्फीति की संभावनाओं के लिए विनाशकारी मिश्रण साबित हुई, क्योंकि देश को बुनियादी ढाँचे, उद्योग, ऑटो क्षेत्र और अन्य महत्वपूर्ण वाणिज्यिक विकास को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में तेल का आयात करना पड़ता है। अन्य मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती ने कई अर्थव्यवस्थाओं के लिए मुद्रास्फीति को कम करना असंभव बना दिया है और स्थिति गंभीर है; फिर भी, इतना विशाल देश होने के बावजूद, मोदी प्रशासन ने अन्य देशों की तुलना में मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण व्यापार असंतुलन भी है, जिसका अर्थ है कि निर्यात की तुलना में आयात पर अधिक पैसा खर्च किया जाता है। रुपये में चालान बनाने से डॉलर का बहिर्वाह सीमित होगा, खासकर अगर रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले कमज़ोर होता है।

अंतरराष्ट्रीयकरण शब्द का तात्पर्य रुपये की निवासियों और गैर-निवासियों दोनों द्वारा स्वतंत्र रूप से व्यापार करने की क्षमता से है। साथ ही वैश्विक व्यापार में एक आरक्षित मुद्रा के रूप में इसकी स्थिति से भी है। इसने रुपये को आयात और निर्यात व्यापार, अन्य चालू खाता लेनदेन और अंत में, पूंजी खाता गतिविधि के लिए व्यापक रूप से उपयोग करने की अनुमति दी है। आयातकों और निर्यातकों को बेहतर लचीलेपन से लाभ होगा क्योंकि उन्हें अब रूपांतरण शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा या अमेरिकी डॉलर हस्तांतरण मूल्य निर्धारण पर विचार नहीं करना होगा। इसके अलावा, भारतीय आयातक रुपये में भुगतान करके सस्ता तेल प्राप्त कर सकेंगे। रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से भारत रूसी तेल का एक महत्वपूर्ण उपयोगकर्ता के रूप में उभरा है। मोदी सरकार रुपये में भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रही है। हम इसे संसाधित करते हैं और यूरोपीय देशों को बेचते हैं, जिससे हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है। भारतीय रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए एक सहज और प्रभावी संक्रमण की गारंटी के लिए नीति निर्माताओं, बाजार प्रतिभागियों और नियामकों को सावधानीपूर्वक योजना बनानी चाहिए और एक साथ काम करना चाहिए। भारतीय रुपया या किसी अन्य मुद्रा का मूल्य मांग से निर्धारित होता है। जब किसी मुद्रा की मांग बढ़ती है तो उसका मूल्य भी बढ़ता है; मांग जब गिरती है, तो उसका मूल्य गिरता है, जिसे अवमूल्यन के रूप में जाना जाता है। जैसे-जैसे अधिक विदेशी निवेशक भारत में निवेश करते हैं, भारतीय मुद्रा की मांग बढ़ती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय निवेशकों या व्यवसायों को भारत में निवेश करने या भारतीय उत्पादों को खरीदने से पहले अपनी मुद्रा को रुपये में बदलना होगा, क्योंकि वे भारतीय बाजार में केवल रुपये में ही निवेश कर सकते हैं।

## विचार

# वैदिक समाज कर्म विश्वासी

**हृदयनारायण दीक्षित**




**कृषि प्राथमिक सूची में है। हल जोतने के लिए अश्विनि देवों की प्रशंसा है, आप हल से भूमि जोतते हैं। (8.22.66) देवताओं का हल जोतना ध्यान देने योग्य है। इस प्रतीक का अर्थ सुस्पष्ट है कि बड़े-बड़े भी हल जोतते थे। कृषि कर्म हेय नहीं था। जुए की लत से पीड़ित एक जुआरी पश्चाताप करता है। ऋषि का परामर्श है कि खेती करो-कृषि कृषस्य। कृषि कर्म प्रतिष्ठा का कार्य है। ऋग्वेद में पांच बड़े जनसमूह हैं। उन्हें 'पंचजना:' कहा गया है। जान पड़ता है कि पांचों जनसमूह खेती भी करते थे। उन्हें 'पंच कृष्ट्या:' भी कहा गया है। कृषि अन्न देती है।**

मानव अभिलाषा और जिजीवीषा का इतिहास रुचिपूर्ण है। ऋग्वेद इतिहास का प्रथम शब्द साक्ष्य है। प्राचीन भारतीय इतिहास का सत्य है और करोड़ों की श्रद्धा। वैदिक काव्य को ईश्वरीय भी कहा जाता है। श्रद्धालु वैदिक मंत्रों को भगवान की वाणी कहते हैं। अनेक विद्वान ऋग्वेद के प्रत्यक्ष भौतिकवाद की उपेक्षा करते हैं। कुछेक विद्वान वेदों को पंथिक आस्था के ग्रन्थ कहने में भी संकोच नहीं करते। श्रद्धा को अंधविश्वास बताते हैं। वे वेदों के सांसारिक यथार्थवाद और दार्शनिक यथार्थवाद की उपेक्षा करते हैं। ऋग्वेद में भरापूरा संसार है। संसार कर्मभूमि है। कर्म अपरिहार्य हैं।

वैदिक पूर्वज सुंदर घर और आनंद मगन परिवार चाहते हैं। वे दूध, दही, अन्न की समृद्धि चाहते हैं। वे देवों से वैराग्य या मोक्ष नहीं मांगते। वे देवों को भी अपने घर बुलाने का निमंत्रण देते हैं। देवों पर प्रश्न भी उठाते हैं। संसार को आनंदित बनाने के लिए कर्म को जरूरी बताते हैं। यहां जांचा परखा वैज्ञानिक विवेक है। वैदिक काल में दर्शन का जन्म और विकास हुआ। सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा भी ऋग्वेद में है। विश्व को एक विराट इकाई देखने की अनुभूति ऋग्वेद में है। दर्शन और विज्ञान की सूक्ष्म विवेचना है। मुख्य बात है प्रत्यक्ष सांसारिक यथार्थ। यहां खेती, उद्योग, पशु पालन, घर परिवार और ऋद्धि सिद्धि समृद्धि की सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के प्रयत्न हैं।

कृषि प्राथमिक सूची में है। हल जोतने के लिए अश्विनि देवों की प्रशंसा है, आप हल से भूमि जोतते हैं। (8.22.66) देवताओं का हल जोतना ध्यान देने योग्य है। इस प्रतीक का अर्थ सुस्पष्ट है कि बड़े-बड़े भी हल जोतते थे। कृषि कर्म हेय नहीं था। जुए की लत से पीड़ित एक जुआरी पश्चाताप करता है। ऋषि का परामर्श है कि खेती करो-कृषि कृषस्य। कृषि कर्म प्रतिष्ठा का कार्य है। ऋग्वेद में पांच बड़े जनसमूह हैं। उन्हें 'पंचजना:' कहा गया है। जान पड़ता है कि पांचों जनसमूह खेती भी करते थे। उन्हें 'पंच कृष्ट्या:' भी कहा गया है। कृषि अन्न देती है। अन्न उत्पादन का आधार है जल। सिंचाई। वर्षा न हो तो कृषि कर्म निष्फल। वैदिक स्तुतियों में वर्षा के उल्लेख हैं। वर्षा के अनेक देवता हैं। सर्वाधिक स्तुतियां इन्द्र की हैं।

नदियों के प्रवाह का श्रेय भी इन्द्र को दिया गया है। इन्द्र 'वृत्रहन्ता' हैं। मैकडलन ने 'वैदिक माइथोलोजी' में वृत्र को 'सूखे का दानव'-दि चीफ डेमन आफ ड्राट बताया है। इन्द्र ने वृत्र को मारा। इसका अर्थ सूखे के दानव को मारना या बांध अवरोधक हटाना दोनों ही हो सकता है। पूर्वजों के हृदय में संपूर्ण जलराशि के प्रति ममत्व भाव है। वे जल को 'जलमाताएं' कहते हैं। जलमाताओं को विश्व की जननी भी बताते हैं। ऋग्वेद में प्रत्यक्ष सांसारिक कर्तव्य पालन पर ढेर सारे मंत्र हैं। कृषि कर्म समृद्धिसूचक है।

पशुपालन सहज व्यवसाय है। पूर्वजों को गायें प्रिय हैं। पूर्वज उनकी सेवा करते हैं। उन पर हिंसा को अपराध बताते हैं। ऋषि का अनुरोध है ÷हे मित्रों! गायों पशुओं के पानी पीने के बहुत स्थान बनाओ।÷ (10.101) आर्य अश्व प्रिय भी हैं। घोड़े पालते हैं। छायादार पेड़ घोड़ों के विश्राम का सुन्दर स्थल है। पीपल का वृक्ष ऐसा ही है। ऋग्वेद में उसे घोड़े के नाम से जोड़कर 'अश्वथ' कहा गया है। वैदिक साहित्य में उद्योगों का भी उल्लेख है। कुल्हाड़ी का उल्लेख कई बार हुआ है। परशु, फरसा जैसा हथियार हो सकता है। वे परशु से वृक्ष काटते थे। (1.130.4) त्वष्टा कारीगरों में श्रेष्ठ भी बताये गए हैं। अग्नि और इन्द्र बड़े देव हैं। इन्द्र प्रकृति की शक्ति हैं। अग्नि प्रत्यक्ष हैं। वे हमारे भीतर हैं, सूर्य में है, बादलों में हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। जैसे इन्द्र का सम्बन्ध प्राय: जल से है। वर्षा से और कृषि से है वैसे ही अग्नि का सम्बंध ताप, ऊष्मा और गतिशीलता से है। उद्योगों के विकास से भी है। लकड़ी के भीतर गुप्त ऊष्मा की उपस्थिति है। ऋषियों ने काष्ठ लकड़ियों को अग्नि की माता कहा है। एक ऋषि हैं-अंगिरा।

उन्हें प्राचीन पितर कहा गया है। ऋग्वेद में अंगिरा को ही लकड़ी के भीतर अग्नि पहचानने व प्रकट करने का श्रेय दिया गया है। (5.11.6) अंगिरा की ही तरह इन्द्र को भी अग्नि पहचानने का श्रेय दिया गया है। अंगिरा ने लकड़ी के भीतर छुपी अग्नि की खोज की तो इन्द्र ने दो पत्थरों के टकराने से पैदा अग्नि का साक्षात्कार किया। अग्नि जैसे मूलतत्व की जानकारी संसारी है। इन्द्र और अग्नि की अनुकम्पा संसारी है। संसार कर्म प्रधान है। उपलब्धियां पुरुषार्थ से मिलती हैं। अच्छे समाज और राज्य पुरुषार्थ और कर्म का अवसर व वातावरण बनाते हैं। ईश्वर या देवताओं को कर्मफल का दाता कहा जाता है। दैवी सिद्धांत में भी कर्म की महत्ता है। भाग्यवाद या नियतिवाद में धारणा है कि भाग्य में जो कुछ है, वही मिलेगा। न इससे ज्यादा और न इससे कम। लेकिन ऋग्वेद में कर्म व पुरुषार्थ की महत्ता है। ऋषि देवों को कर्मशील बताते हैं। देवता भी श्रम से मुक्त नहीं। बताते हैं कि अग्नि की खोज भी 'थके पांव' ही संपन्न हुई थी।

## राजनीतिक अनिश्चितता, एलडीपी को चुनावों में हार का सामना

**अंजन रॉय**

जापान के पिछले रविवार को आये चुनाव नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अच्छी अर्थव्यवस्था अक्सर राजनीतिक लाभ पाने में विफल रहती है। परन्तु इसका यह भी मतलब नहीं है कि खराब अर्थव्यवस्था को अच्छा राजनीतिक राजस्व मिलता है। इस सोमवार को चुनाव के नतीजे सामने आने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि प्रधानमंत्री शिगेरूइशिबा को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एक बार फिर चुनाव की घोषणा करके एक सौदेबाजी की थी, जिससे उन्हें एक ठोस बहुमत मिलने की उम्मीद थी, जिससे उन्हें कहीं अधिक ठोस राय मिल सकती थी।

हालांकि, नतीजे इसके उलट आये। लंबे समय से सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी -एलडीपी- ने अपना बहुमत खो दिया। पिछली संसद में इसके पास 247 सीटें थीं, जबकि बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए थीं। अब इसे केवल 191 सीटें मिली हैं। एलडीपी के सामने स्पष्ट रूप से मजबूरियां हैं। उसे कुछ छोटी पार्टियों को अपने पाले में लाना होगा और इस तरह से एक साधारण बहुमत जुटाना होगा, जिसमें वह एक प्रमुख खिलाड़ी होगी। संख्याएं जो भी हों। लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बहुत अनुकूल नहीं थे। जापान कई वर्षों और दशकों से सुस्त अर्थव्यवस्था से जूझ रहा था। उस आर्थिक ठहराव की मुख्य विशेषता अपस्फीति थी। अपस्फीति एक ऐसी घटना है, जिससे मुद्रास्फीति की तुलना में कॉपी बुक अर्थशास्त्र से लडना कहीं अधिक कठिन है। जब कीमतें एक निश्चित अवधि में गिरती रहती हैं, तो यह एक ऐसा मनोविज्ञान उत्पन्न करती है जो अर्थव्यवस्था में किसी भी वृद्धि के खिलाफ है। उपभोक्ता यह अनुमान लगाकर वस्तुओं और सेवाओं पर अपना पैसा खर्च नहीं करते कि निकट भविष्य में इनमें गिरावट आयेगी। इसलिए उपभोग व्यय में गिरावट आती है। पिछले तीन दशकों में जापानी अर्थव्यवस्था के लिए यही अभिशाप रहा है, जब अर्थव्यवस्था वास्तव में अपनी क्षमता के अनुसार बढने में विफल रही थी। जापानी आर्थिक प्रबंधकों ने अपने शस्त्रागार में मौजूद हर दवा को आजमाया जो कि उपचार के रूप में इस्तेमाल की जा सकती थी। बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दरों को ऐतिहासिक रूप से कम कर दिया था। वास्तव में, केंद्रीय बैंक ने नकारात्मक ब्याज दरें शुरू की थीं जो केंद्रीय बैंकिंग के इतिहास में अभूतपूर्व थी। इसका मतलब है कि अगर आप अपनी बचत को बैंकों में रखते हैं तो आप खो देंगे और वे आपको ब्याज देने के बजाय एक छोटी राशि को रख-रखाव शुल्क के रूप में काट लेंगे। हाल ही में ऐसी स्थिति उलट गयी। बैंक ऑफ जापान ने 2त्न का मुद्रास्फीति लक्ष्य रखा था जो वर्षों से कभी हासिल नहीं हुआ। यह स्थिति बदली और इस साल अक्तूबर में मुद्रास्फीति दर 3त्न पर पहुंच गयी। इसका स्वागत किया जाना चाहिए था। लेकिन वास्तव में, मुद्रास्फीति दर से नाराजगी थी और यह विनाशकारी परिणामों के प्रमुख कारणों में से एक था। लोगों ने बढ़ती कीमतों की शिकायत की, जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखी थी। दूसरा, जापानी मजदूरी दरें स्थिर रहीं और वर्षों तक उनमें उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई। शिगेरूइशिबा की तत्कालीन सरकार ने मजदूरी बढ़ाने की वकालत की थी और कंपनियों से उच्च मजदूरी देने का आग्रह किया था। यह जापानी अर्थव्यवस्था में समग्र परिवर्तनों का भी हिस्सा था। हाल ही तक जापान में जीवन भर रोजगार की संस्कृति देखने को मिली थी। लोग अपने पूरे करियर के लिए एक कंपनी में शामिल होकर श्रमिक धारा में प्रवेश करते थे और उसी रोजगार में अपना कार्यकाल पूरा करते थे। यह प्रवृत्ति हाल ही में बदल रही है। युवा लोग नौकरी बदल रहे हैं और वैकल्पिक नियोक्ताओं के साथ उच्च वेतन के लिए बातचीत कर रहे हैं। इशिबा सरकार ने भी इस विचार का समर्थन किया था। पिछली सरकार के प्रधान मंत्री ने समग्र वेतन वृद्धि और प्रतिभा के लिए नियोक्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के विचारों का सक्रिय रूप से समर्थन किया था। वेतन संशोधन के लिए उद्योग स्तर पर वेतन वार्ता आकार ले रही थी।



## राशिफल

**मेष:**- अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**बृषभ:**- विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुन:**- किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्क:**- किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंह:**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**कन्या:**- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें।

**तुला:**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिक:**- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनु:**- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकर:**- रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

**कुंभ:**- रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीन:**- आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# भाईदूज : भाई-बहन के पावन संबंधों का पर्व

**भाईदूज (तीन नवंबर) पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

आमतौर पर दीपावली के दो दिनों बाद अर्थात् कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाईदूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 31 अक्तूबर को मनाई गई है और भाईदूज पर्व 3 नवंबर को मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर शुरू होकर 3 नवंबर को रात 10 बजकर 5 मिनट पर रहेगी। इसलिए भाईदूज का पर्व 3 नवंबर को ही मनाया जाएगा। भाईदूज पर तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बज कर 10 मिनट से दोपहर 3 बजकर 21 मिनट तक है।

बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैयादूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है। भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए। यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाईदूज' का पर्व मनाया जाने लगा। भाईदूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं।

ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अत: उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अत: रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया।

उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़ कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी। कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फेंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है। जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरुष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मिशनशक्ति अभियान पर सवाल खड़े कर रहे वायरल बालाओं के डांस वीडियो

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश भर में मिशन शक्ति फेस-5 अभियान चला कर महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

तो वहीं दूसरी तरफ महोबा जिला मुख्यालय के एक निजी होटल में एक मोबाइल कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा बाकायदा कार्यक्रम का आयोजन कर बालाओं का अश्लीलता परोसता नृत्य पेश करवा मोबाइल विक्रेताओं को रिझाने का प्रयास कर भाजपा सरकार के प्रयासों पर पानी फेरने का प्रयास किया जा रहा है। यही नहीं आयोजित कार्यक्रम में बालाओं पर नोट लुटा कर भारतीय मुद्रा का अपमान भी किया जा रहा है। निजी होटल में बालाओं के डांस का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर सुर्खियां बटोर रहा है जो महोबा जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान को पलीता लगाता नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

दरअसल मामला शहर कोतवाली कस्बा स्थित एक निजी होटल का है। जहां धनतेरस की पूर्व संध्या पर एक निजी मोबाइल कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा आयोजित कराए गए कार्यक्रम के दौरान बालाओं का अश्लीलता परोसता नृत्य पेश किया गया है। बताया जाता है कि डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा मोबाइल विक्रेताओं को रिझाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे मोबाइल विक्रेताओं एवं डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा बालाओं के साथ नृत्य के दौरान बालाओं पर नोट लुटा कर भारतीय मुद्रा का अपमान करते हुए देखा जा सकता है। वायरल वीडियो जनपद में सुर्खियां बटोर रहा है। तो वहीं पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। जिला मुख्यालय स्थित मोबाइल कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा की गई अश्लीलता परोसती ऐसी पार्टी पर लगाम लगाने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग आगे आया है और प्रशासन से ऐसे मामलों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

# फांसी के फंदे पर झूला युवक, मौत

- अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में अंदर से दरवाजा बंद कर लगाई फांसी
- आगामी 10 दिसंबर को होना थी युवक की शादी
- युवक की मौत से शादी की खुशियां गम में बदली
- युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा थाई मोहल्ले में शादी से एक माह पूर्व 24 बर्षीय युवक का घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता शव मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना मिलते ही मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार मामले की जांच शुरू कर दी है।

महोबा शहर के कस्बाथाई मोहल्ले में रहने वाले लखन साहू का 24 वर्षीय पुत्र सोनू साहू चाट का हाथ ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। सोनू की अगले माह 10 दिसंबर 2024 को शादी होना तय हुई थी। मगर शादी से एक माह पहले ही सोनू का घर के कमरे में लटकता सो मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया है। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। हैं मृतक के शव को देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# बांध में डूबे युवक का पुलिस ने शव किया बरामद

- पैर फिसलने के चलते 17 फिट गहरे गड्ढे में चला गया था युवक
- 24 घंटे बाद पुलिस युवक का शव बरामद करने में हुई कामयाब
- युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल
- कबरई थाना क्षेत्र के कबरई बांध की घटना



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा में कबरई थाना क्षेत्र के कबरई बांध में बीते रोज नहाने के दौरान बांध के पानी मे डूबे युवक का घन्टो के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस ने शव बरामद कर लिया है । पुलिस द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक का शव बांध से निकालते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

मामला महोबा जिले के थाना कबरई के अंतर्गत कबरई बांध का है। जहां पर बद्री रैकवार का बेटा मैयादीन निवासी कबरई किदवई नगर नहाने के लिए करीब शाम 4:00 बजे कबरई बांध अपने भतीजे पवन रैकवार के साथ गया था। कपड़े उतारने के बाद वह बांध में नहाने के लिए चला गया।अचानक उसका पैर फिसल गया वह नहाते तत्काल गहरे पानी में जा गिरा और डूबने लगा भतीजे द्वारा शोर करने पर वहां मौजूद नहा रहे लोगों ने उसे ढूंढने का प्रयास किया काफी देर नहीं मिलने के बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह नागर और उनकी टीम बीती शाम करीब 6:00 बजे रेस्क्यू करने मौके पहुंची। करीब 2 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला काफी रात्रि होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था । क्योंकि रात्रि में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। आज शनिवार सुबह से जारी दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन में गोताखोरों की टीम तथा थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह नागर मौके पर टीम के साथ मौजूद रहे।गोताखोर प्रमोद कुमार द्वारा नीचे जाने के बाद युवक की लाश मिलने की बात बताई और रस्सी के सहारे युवक को बांधकर गहरे पानी से शव को निकाला गया। मृतक युवक के भतीजे पवन रैकवार का कहना है कि उसका चाचा बद्री रैकवार तैरना नहीं जानता था पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में जा गिरा। युवक की मौत से घर और परिजन में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने स्वामी गोवर्धन नाथ मेला चरखारी का किया स्थलीय निरीक्षण

**महाबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा श्री स्वामी गोवर्धन नाथ जी मेला चरखारी के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस/राजस्व अधिकारियों के साथ मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं व्यापक पुलिस प्रबन्ध करते हुये यातायात/सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक निर्देश इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मेला प्रबंधन समिति से समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की गयी तथा उनके द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा भी की, साथ ही निर्देश दिया कि दो दुकानों के बीच के मार्गों को चौड़ा रखा जाए जिससे लोगों को दूर-दूर चलने में परेशानी ना हो और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी ना हो पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि मेला स्थल के अंदर वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रखा जाए, आयोजन समिति को पूर्ण आश्वस्त किया कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी और समिति को मेला आयोजन करने में पूरी मदद पुलिस करेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़, नायब तहसीलदार मेहकांत मिश्रा, चेयरमैन पप्पू कुशवाहा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर, थानाध्यक्ष चरखारी गणेश गुप्ता व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### शांति भंग के आरोप में जेल

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्रके खरौंज गांव निवासी बदलू पुत्र सकलदीन रवि पुत्र रहताश छतरपुर मद्यप्रदेश निवासी सीताराम पुत्र इंद्रपाल शिवम पुत्र मुन्नी लाल कुरारा तथा बहमन पुर गांव निवासी अरविंद पुत्र ललवा सोनू पुत्र रामस्वरूप देव सिंह व राहुल प्रदीपपुत्रगण राजू को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा सभी का चालान किया गया है।

### चौबीस घंटे बाद भी नहीं मिली लापता युवक की लाश

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे से विरमा नदी में लापता युवक 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नहीं मिल सका। लखनऊ से आई एसडीआरएफ की 12 सदस्यीय टीम शनिवार की सुबह करीब पांच बजे से युवक की तलाश में जुटी हुई है। लेकिन अभी तक युवक का कुछ पता नहीं चला है। सुबह से ग्रामीण वहां डटे हुए हैं। एसडीआरएफ के प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि ऊंचाई से गिरने से युवक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे कारण वह गहराई में चला गया है। नदी की भी गहराई करीब 45 फुट नीचे होगी। युवक की तलाश के लिए सुबह से टीम प्रयास कर रही है। युवक का कुछ पता नहीं चल रहा है। युवक की खोजने की कोशिश जारी है।

### स्वामी गोवर्धन्नाथ मेला का शुभारम्भ आज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** 141वें मेला सहस्त्र श्री गोर्धन्नाथ जी महाराज के धार्मिक एवं ऐतिहासिक मेला का शुभारम्भ आज यानी 2 नम्बर को होगा यह मेला पूरे एक माह यानी 2 दिसम्बर तक चलेगा । मेला के शुभारम्भ के एक दिन पूर्व जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी एवं नमामि गंगे एडीएम मोइनुल इस्लाम ने मेला प्रांगण का निरीक्षण किया और पालिका प्रशासन को मन्दिर के चारो ओर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने के दिशा निर्देश दिए हैं और पूरे मेले साफ सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए हैं। आपको को बताते चले कि मेला में दुकानों के आंवटन व दुकानों के सजने का सिलसिला शुरू हो गया है साथ ही मनोरंजन के साधनों में शुमार तरह तरह के झूले व खेल तामाशों का जमावड़ा भी मेला मैदान में लगने लगा है साथ ही हर साल सबसे पहले लगने वाली सईद टी केंटीन का शुभारम्भ भी पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा तथा नगर उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष आनन्द स्वरूप दमेले द्वारा फीता काट कर किया गया। रियाशत में वर्ष 1883 से प्रारम्भ हुए धार्मिक मेला के आयोजन का इस वर्ष 141 वां वर्ष है राजतन्त्र समाप्त होने के बाद वर्तमान में इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक मेला का आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाता है जिसकी सभी तैयारियां नगर पालिका परिषद द्वारा पूर्ण कर ली गयी हैं तथा मेले में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार हो चुकी है। एक माह तक चलने वाले मेला का शुभारम्भ कार्तिक माह के परमा से होता है जो इस वर्ष 2 नवम्बर को होगी। 2 नवम्बर से प्रारम्भ होने वाले मेला की शुरूआत भगवान श्री गोवर्धन्नाथ जू की सदर मंदिर से सवारी का प्रस्तान मेला मंदिर के लिए होता है और मेला मंदिर में स्थापना के उपरान्त मेला की विधिवत शुरूआत पूजन के उपरान्त होगा। हालांकि एक माह तक चलने वाले मेला का प्रमुख पर्व एकादशी होती है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के पूजन व परिक्रमा के लिए मेला पहुंचते हैं। मेला स्थानीय एवं बाहर से आने वाली दुकानों के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो चुकी है और आंशिक रूप से मेला प्रारम्भ हो चुका है। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा, लेखा लिपिक अय्यूब खान,संजीत कुमार सौरभ सक्सेना, SO गणेश गुप्ता चौकी प्रभारी सनय कुमार सहित तमाम लोग है मौजूद।

### दिवाली की रात एक्सिस बैंक में लगी आग कंप्यूटर और अन्य सामान जलकर राख



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित एक्सिस बैंक में अज्ञात कारणों से गुरुवार रात को आग लग गई। आग लगने से बैंक के सभी उपकरण जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने आग बुझाया। बैंक कर्मी शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जता रहे हैं। दरगाह थाना क्षेत्र के डिगिहा में ऐक्सिस बैंक संचालित है। बैंक में गुरुवार देर रात को अज्ञात कारणों से बैंक में आग लग गई। आग लगने की जानकारी होने पर पुलिस और दमकल कर्मी पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि बैंक के सभी कंप्यूटर समेत अन्य सामान जल गया है। लाखों के नुकसान का अनुमान है। दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि आग लगने की संभावना शॉर्ट सर्किट से है। जांच के बाद नुकसान और आग लगने के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी।

# पुत्र के बाद पुत्रबधू के मुख्य सचिव नियुक्त होने पर बांटी मिठाई, मनाई दिवाली के साथ नियुक्ति की खुशियां

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में एक ऐसा परिवार जो समाज को नई दिशा देने का काम कर रहा है। झारखंड राज्य की नई मुख्य सचिव बनाई गई अलका तिवारी मूल रूप से महोबा जनपद की बहू है इससे पहले उनके पति डी के तिवारी भी झारखंड राज्य के मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त रह चुके हैं सेवानिवृत्ति के बाद उनके पति को राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है और वर्तमान में झारखंड राज्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं आई ए एस बहू की झारखंड राज्य के मुख्य सचिव पद पर नियुक्ति होने के बाद गृह नगर में जमकर दिवाली के साथ-साथ उनकी नियुक्ति की खुशियां मनाई गई



और एक दूसरे को मिष्ठान वितरित कर बधाई दी गई।

दरअसल आपको बतादें कि बीते रोज झारखंड राज्य की मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त की गई आई ए एस अलका तिवारी का बुन्देलखण्ड के महोबा जनपद से गहरा नाता है। 1988 बैच की आई ए एस अलका तिवारी के परिवार में पति सहित दो देवर आईएएस अधिकारी हैं। जिनमें एक देवर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त रहे हैं। जबकि दूसरे देवर पंजाब में अपर मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त हैं। महोबा जिला मुख्यालय के मलकपुरा मुहल्ले के रहने वाले सेवानिवृत शिक्षक गयाप्रसाद तिवारी के सबसे बड़े बेटे देवेंद्र कुमार तिवारी की पत्नी अलका तिवारी को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड राज्य का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। मुख्य सचिव के पद पर उनकी नियुक्ति होने के बाद परिवारीजनों के साथ पड़ोसियों द्वारा दीपावली के साथ- साथ मुख्य सचिव के पद पर नियुक्ति की खुशियां मनाई गई हैं।

### नदी में डूबने से किशोर की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यज।** नदी में नहाने गए 14 वर्षीय किशोर नदी में डूब गया। पानी से निकालकर उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई । किशोर की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।

चिकासी थाने के चंदवारी डांडा गांव निवासी 14 वर्षीय नरेंद्र कुमार पुत्र पूरन सिंह गुरुवार को गांव किनारे बह रही नदी में साथियों के साथ नहाने के लिए गया था। जहां गहरे पानी में डूब गया। साथियों ने शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे पानी से निकालकर सीएचसी ले गए। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक नरेंद्र कुमार कस्बे के एक आवासीय विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ता था। उसका शव आने पर घर में कोहराम मच गया।

# देवर ने भाभी पर हमला कर दोनों पैर तोड़े, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**





विधवा भाभी से नाराज देवर ने अपनी भाभी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर उसके दोनो पैरो को तोड़ डाला वही महिला के शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटे आई है। आरोपी फरार है पुलिस खोजबीन में लगी हुई है।क्षेत्र के बेरी गांव निवासी अर्जुन ने थाने में बताया कि गुरुवार को शाम सात बजे पड़ोसी मनोज पुत्र रामेश्वर मेरी मां राधा को गाली गलौज करता रहा। तथा हम लोग चुप रहे शुक्रवार को सुबह छह आरोपी मनोज जो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे मेरी मां को गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार कानपुर में अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मनोज के खिलाफ मारपीट कर घायल कर देने का मुकदमा दर्ज किया है। वही बेरी चौकी प्रभारी पंधारी सरोज ने बताया कि आरोपी विधवा महिला राधा के मामा का लड़का है। पीड़ित महिला के पति की करीब 4 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। महिला के दोनों पैर फैक्चर है वही जिसे जिला अस्पताल से कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया है। महिला के दो लड़का व एक लडकी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर मजदूर गम्भीर रूप से घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में मैरिज हॉल में शादी का टेंट लगाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए साथी मजदूरों द्वारा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया क्या जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।दरअसल मामला कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर कस्बा स्थित एक मैरिज हॉल का है जहां मुख्यालय के भटीपुरा मोहल्ले का रहने वाला 21 वर्षीय मजदूर महेश कुमार मैरिज हाउस में होने वाली शादी को लेकर टेंट लगा रहा था तभी टेंट लगाने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल महेश को आनन फानन में साथी मजदूरों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में भर्ती कराया गया जहां



प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होता देख डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि मुख्यालय के भटीपुरा मोहल्ले के रहने वाले लखन का 21 वर्षीय पुत्र महेश कुमार टेंट लगाने का काम करता है और आज जैतपुर कस्बा के एक मैरिज हॉल में होने वाली शादी की तैयारी में जुटा था तभी टेंट लगाने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक युवक की लखनऊ से रिश्तेदारी में होकर लौटते समय कानपुर में एक बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया हालांकि मृतक के परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए मृतक के शव को गांव में लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। क्षेत्र सिसोलर के ग्राम टोला माफ निवासी सत्य प्रकाश (25) 26 अक्टूबर को अपने मामा से मिलने लखनऊ बाइक द्वारा गया था। शुक्रवार को वह जब लखनऊ से अपनी बाइक से वापस लौट रहा था तभी कानपुर में यशोदा नगर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया जहां उसकी थोड़ी देर में ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया वह रोते बिलखते कानपुर की ओर भागे। बताते चलें कि मृतक के परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिए सत्य प्रकाश के शव को गांव लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।





# रील बनाने के चक्कर में युवक तीस फीट ऊंचाई से नदी में कूदा, लापता

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली के परा गांव में स्थित विरमा नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक रील बनाने के शौक में 30 फुट ऊंचाई पुल से नदी में कूद गया। काफी देर तक युवक जब बाहर नहीं निकला तो दोस्तों में हड़कंप मच गया। पुलिस प्रशासन के देरी से आने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने राठ चरखारी मार्ग पुल पर जाम लगा दिया। जाम के दौरान ग्रामीणों ने एक सिपाही के साथ हाथापाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठियां पटक भीड़ को खदेड़ना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम अभिमन्यु कुमार व नायब तहसीलदार धनराज पटेल ने जांच पड़ताल की।

कोतवाली के गोहानी गांव निवासी 22 वर्षीय रामकुमार पुत्र दुलीचंद अपने साथियों के साथ परा खेरा गांव में स्थित विरमा नदी में नहाने गया था। तभी युवक ने रील बनाने को लेकर पुल से नदी में छलांग लगा दी। जब युवक काफी देर तक बाहर नहीं



निकला तो उसकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चला। तभी प्रशासन के न आने पर ग्रामीणों ने पुल पर जाम लगा दिया। सूचना पर कोतवाल उमेश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने समझा बुझाकर भीड़ को जमीन पर लाठी पटकर खदेड़ा। इसके बाद एसडीएम मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को खोजबीन करने के लिए कहा।

गोताखोरों के साथ नाव से भी ग्रामीणों ने खोज शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक युवक का कुछ पता नहीं चल सका। इस संबंध में एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि भीड़ को पुलिस ने शांत करा दिया था। अभी गोताखोर युवक की तालाश कर रहे हैं।

### दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के चरखारी रोड स्थित एक महाविद्यालय के पास खेत में एक युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली के औड़ेरा गांव 60 वर्षीय प्रभु दयाल राजपूत पुत्र कंधी राजपूत ने चरखारी रोड स्थित एक महाविद्यालय के पास रामसिंह यादव में लगे बबूल के पेड़ से गमछे से फांसी लगा ली। सुबह जब किसान सिंचाई के लिए पहुंचे और युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के पुत्र हरगोविंद ने बताया कि उसके पिता शराब पीने के आदि थे। धनतेरस को वह घर से निकले थे। तभी से वह लापता है। बताया कि वह मजदूरी करते थे। शनिवार की सुबह उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। चिकासी थाने रिहुंटा गांव निवासी 45 वर्षीय कंधीलाल पुत्र हीरालाल ने शुक्रवार की देर रात मकान के अंदर छज्जे से रस्सी से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के भाई कालका प्रसाद ने बताया कि उसके भाई के पास डेढ़ बीघा जमीन थी। खेती कर परिवार का भरण.पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे चार पुत्र धर्मेंद्रए लोकेशए इंद्रजीतए धीरेन्द्र को छोड़ गया है। पति की मौत पर बसंती का रो रोकर हाल ही दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गोवंशों के लिए की जाये सर्दी में पर्याप्त व्यवस्था : जिलाधिकारी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

गोवर्धन पूजा को देखते हुये आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ग्राम पंचायत नदेहरा व बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण किया । निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा गौपूजन कर गायों को गुड़ व हरा चारा आदि खिलाया । उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला में चारा पानी भूसा के पर्याप्त प्रबंध रखे जाएं तथा हरा चारा की व्यवस्था रखी जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहाँ के भूसा



व अन्य स्टॉक को देखा। तत्पश्चात गौपूजन कर गायों को गुड़ आदि खिलाया, जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले ठंड के मौसम के दृष्टिगत गौशालाओं में ठंड से बचाव के पर्याप्त प्रबन्ध रखे जाय इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कोई भी अन्ना गोवंश सड़कों पर इधर.उधर घूमता न पाया जाए । अन्ना गोवंश को प्रत्येक दशा में गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। बीमार पशुओं की नियमित रूप से जांच कर उनको स्वास्थ्य लाभ दिया जाए। कहा कि सभी गौशालाओं में टीनशेड व छाया आदि का प्रबंध रखा जाए। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं यथा चारा पानी भूसा एटीनशेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजा सम्पन्न

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पूजा व मौन व्रत का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। दिन भर निर्जल व्रत रहकर देर शाम मौनिया ने अपना गौ पूजा कर अपने व्रत का पारण किया। दिन भर गांव से दूर निर्जन स्थानों में मौन रहकर साधना की। वही डामर गांव के सैयद बाबा स्थान पर मेला आयोजित किया गया। तथा दिवारी नृत्य हुआ।

क्षेत्र में गोवर्धनपूजा व मोनिया द्वारा मोरपंख के साथ एक दिन के लिए निर्जन स्थान पर दिन भर रहकर निर्जल व्रत रहकर पूजा अर्चना की। तथा देर शाम गौ पूजन के साथ व्रत का पारण मौनिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जगह जगह मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्र के डामर गांव में तीन किलोमीटर दूर अकेहरा हार में स्थित सैय्यद बाबा के स्थान पर मेला व दिवारी का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा किया गया। इस स्थान पर दीपावली पर्व के दूसरे दिन डामर, सरसई, कुतुबपुर शिवनी जेशुखपुर कुसमरा के मोनिया एकत्र होकर पूजा अर्चन करते है। तथा दिवारी नृत्य किया। जाता है।

महिलाएं व बच्चे मेले में खरीदारी करते रहे। तथा शाम तक मेले का आनंद लिया। देर शाम सभी मौनिये अपने अपने घर को लौट गए तथा गौ पूजन करके व्रत का समापन किया। तथा महिलाओं ने मौन व्रत रहने वाले मोनिया का टीका कर मिष्ठान खिलाया। इस तरह क्षेत्र के गांवों में मौन व्रत का पर्व सम्पन हुआ।

# हर्षोल्लास से मनाया दीपावली व गोवर्धन पूजा

**मौदहा-हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में दीपावली गोवर्धन पर्वत और भाई दूज का त्यौहार हर्षोल्लस से मनाया गया है। धनतेरस से शुरू हुए इस पांच दिवसीय त्यौहार में लोगों ने प्राचीन मान्यताओं और आधुनिक संसाधनों से ओतप्रोत होकर इन त्योहारों का भरपूर आनंद उठाया है।

दीपावली का पांच दिवसीय त्यौहार मुख्य रूप से धनतेरस से शुरू होकर भाईदूज तक रहता है।इसी क्रम में इस वर्ष 29 अक्टूबर को धनतेरस से शुरू हुए इस त्यौहार में लोगों ने जमकर



खरीदारी की तथा 30 अक्टूबर को छोटी दीपावली के बाद 31 अक्टूबर को घरों को बिजली की रोशनी एवं दीपक जलाकर गणेश लक्ष्मी का पूजन किया है।साथ ही बच्चों और युवाओं ने आतिशबाजी का भरपूर आनंद उठाया है।01 नवंबर को गोवर्धन पूजा के बाद दो नवंबर को भाईदूज मनाया गया है जिसमें बहनों ने भाइयों को तिलक पर उनकी लम्बी उम्र की दुआएं दी हैं। मान्यताओं के अनुसार दशहरा में रावण को मारकर लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद जब जब भगवान राम चौदह वर्ष का वनवास खत्म करके अयोध्या लौटे थे तो उनके आगमन पर अयोध्या वासियों ने अपने घरों को सजाने संवारने के बाद दीपक जलाकर खुशियां मनाई थीं। और तभी से इस त्यौहार को मनाने की परंपरा शुरू हुई है। वहीं गोवर्धन पूजा के दिन हजारों की संख्या मौनियों ने मौनव्रत धारण कर गौपूजन किया है। दीपावली में गांव गांव में बुंदेलखंड का परम्परागत दीवारी नृत्य लोगों के लिए आकर्षक बना रहा है।

# हार-जीत की बाजी लगा रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रिया कलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शिवपाल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

उ0नि0 विजय शंकर पाण्डेय व उ0नि0 विकाश धर दूबे के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम ने ग्राम बिलरही थाना श्रीनगर के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.निर्दोश राजपूत पुत्र रमेश राजपूत उम्र 27 वर्ष 2.तेजसिंह राजपूत पुत्र लक्ष्मी राजपूत उम्र 32 वर्ष 3.मुस्कान राजपूत पुत्र ग्यासी राजपूत उम्र 50 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम सिजवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनकी जामातलाशी से 450/- रूपये, मालफड 750/- रूपये कुल 1200/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद होने पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 239/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।



इसी क्रम में व0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने ग्राम बरा के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.राम स्वरूप अहिरवार पुत्र स्व0 घसीटा अहिरवार उम्र 38 वर्ष 2.संदीप अनुरागी पुत्र तुलाराम अनुरागी उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनकी जामातलाशी से 390/-रूपये, मालफड 2200/- रूपये कुल 2590/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद होने पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 240/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

# न्यायालय के आदेश पर तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत करके पांच नामजद लोगों के खिलाफ बलात्कार का कथित झूठा मुकदमा कायम करना वादिनी को भारी पड़ गया। उच्च न्यायालय के आदेश पर क्राइम इंस्पेक्टर की तहरीर पर कालपी कोतवाली में वादिनी सहित तीन नामजक लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अभियोग दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर के मोहल्ला दमदमा निवासिनी 23 वर्षीय वादिनी ने दिनांक 6-2-24 को अपर जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट जनपद जालौन में क्रिमिनल केस 37/24 धारा 376 डी/506 आईपीसी व पास्को एक्ट का परिवाद दाखिल करके ओमप्रकाश, सतीश शर्मा, उमाशंकर यादव, राजा साहब भदौरिया, रवि प्रकाश झा आदि पर रेलवे विभाग में नौकरी का झांसा देकर वर्ष 2017 में अलग-अलग स्थानों में बलात्कार करने का आरोप लगाया था, जिसमे दो गवाहों के द्वारा बयान भी दर्ज कराए गए थे। परिवाद में एक प्रतिवादी उमाशंकर निवासी नई बस्ती झांसी के द्वारा मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में क्रिमिनल मिस एप्लिकेशन प्रस्तुत की। मा. उच्च न्यायालय ने दिनांक 21-10-24 को पारित आदेश में धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सुनिश्चित करने के लिए पुकिस अधीक्षक जालौन को आदेशित किया। मा उच्च न्यायलय के आदेश पर कालपी कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर मो. अशरफ ने सुसंगत धाराओं में वादिनी महिला एवं परिवाद में गवाह कपिल सिंह चौहान व विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त मामले की विवेचना पुलिस के द्वारा शुरू कर दी गई हैं। बताते है कि वादिनी के द्वारा फर्जी अंकपत्र प्रस्तुत किया गया था।

# पुलिस ने 12 जुआरियों को किया गिरफ्तार, केस दर्ज

**जालौन समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के पर्व पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जमकर जुए के फड़ सजे। पुलिस भी जुआरियों को खदेड़ती नजर आई। पर्व के दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों से करीब दो दर्जन जुआरियों को पकड़कर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस दौरान पुलिस ने जुआरियों के पास से लगभग 50 हजार रुपये बरामद किए हैं। चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र ने मोहल्ला तोपखाना में कुलदीप कुमार, ऋषि कुमार, नीरज व शिवाकांत निवासीगण तोपखाना को हार जीत की बाजी लगाते हुए पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने 3960 रुपये बरामद किए। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय ने तांबा के रास्ते में पुलिया के पास जुआ खेल रहे आकाश, अनुराग, विवेक, रजक, कृष्णकुमार, कुलदीप, योगेश, कृष्णा, सुनील, दिनेश, रवि कुमार, आशीष कुमार निवासीगण सुढ़ार को ताश के पत्तों पर हार जीत की बाजी लगाते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 36700 रुपये बरामद किए।

एसआई राजेश कुमार वशिष्ठ ने रमाकांत, राकेश कुमार, हरिराम, हरिनाम, निवासीगण उदोतपुरा व अखलाख निवासी जालौन को बेगम अंदर और दहला बाहर करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10150 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से मोबाइल फोन व ताश की गड्डी बरामद की। जबकि कुछ जुआरी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। हालांकि पुलिस के अभियान के बाद भी कई स्थानों पर लोग हार जीत की बाजी लगाते हुए देखे गए।

# जनसेवा केंद्र संचालक को दबंगो ने पीटा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




लोनी कटरा थाना क्षेत्र के भिलवल चौराहे पर जन सेवा केंद्र चला रहे एक युवक को दबंगों ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर जान माल के रक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक नेरा कबूलपुर निवासी अवनीश कुमार उक्त चौराहे पर जन सेवा केंद्र की दुकान चलाते हैं आरोप है कि भिलवल निवासी अन्नू व जग्गू पुत्र गण अज्ञात शुक्रवार शाम दुकान पर आकर आधार कार्ड निकालने की बात कहने लगे तो हमने बताया की आधार कार्ड नंबर होने पर ही आधार कार्ड निकल सकता है । इस बात से नाराज जग्गू ने जाति सूचक गालियां देते हुए दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी बीच जग्गू ने फोन करके अपने कई अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया सभी लोगों ने दुकान में लगे शीशे आदि में तोड़फोड़ की जिससे दुकान में रखा प्रिंटर लैपटॉप शीशा आदि चकनाचूर होगया। दुकान में तोड़फोड़ देखकर अन्य दुकानदार भी दहशत में आ गए ,बाद में उक्त लोग भददी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से रफू चक्कर हो गए, इसके बाद पीड़ित ने 112 पुलिस को सूचना दी, अगले दिन सुबह अवनीश कुमार ने थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पुलिस घटना की तसीश कर रही है।

# नशे में धुत युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> पुलिस ने मामले में तफ्तीश शुरू कर दी

घरेलू विवाद के चलते शराब के नशे में धुत युवक ने गांव के बाहर स्थित बाग में फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजनों उसे फंदे से उतारक तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ मौजूद चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में तफ्तीश शुरू कर दी है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सिंगहा निवासी शिवम वर्मा (30) पुत्र कैलाश चन्द्र सचिवालय लखनऊ में कार चलाता है। परिजनों के अनुसार दीपावली के त्यौहार पर शिवम अपने घर आया था।गुरुवार दोपहर में वह किसी के साथ चला गया और शाम को वह जब घर लौटा तो उसने शराब पी रखी थी।घर वालों ने जब इसका विरोध किया तो उसने गाँव के बाहर स्थित बाग में जाकर गले में फंदा डालकर लटक गया। शोर सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों ने गले से रस्सी काटकर नीचे उतार कर गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया जहाँ डॉक्टरों ने शिवम की हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी अनिल सिंह नें बताया इस मामले में कोई शिकायत नही मिली है।

# बाल्मीकि बैकुंठ धाम का गेट अराजकतत्वों ने ढहाया



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> बाल्मीकि समाज हुआ आक्रोशित, प्रशासन हुआ हलकान

शहर से सटे मंझलेपुर स्थित बाल्मीकि समाज का श्मशान घाट बाल्मीकि बैकुंठधाम की बाउंड्रीवाल व गेट बीती दीपावली की रात्रि अराजक तत्वों ने ढहा दिया, जब बाल्मीकि समाज के लोगों को जानकारी हुई तो बाल्मीकि बैकुंठधाम समिति के अध्यक्ष तिलक चंद चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में बाल्मीकि समाज के लोगों ने जहांगीराबाद थाने का घेराव कर अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग। बाल्मीकि समाज के आक्रोश को देखते हुए उपजिलाधिकारी सदर सीओ सदर, थानाध्यक्ष जहांगीराबाद सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात हुआ और आक्रोशित लोगों को कार्यवाई का आश्वासन दिया तब जाकर बाल्मीकि समाज के लोग शांत हुए। गौरतलब है कि लगभग 33 बीघे में बने बाल्मीकि बैकुण्ठ धाम की वर्ष 2006 में तत्कालीन सांसद कमला प्रसाद रावत की सांसद निधि एवं सदर विधायक संग्राम सिंह वर्मा की निधि से सम्पूर्ण भूमि को बाउंड्रीवाल से सुरक्षित किया गया था। इस शमशान में बाल्मीकि समाज के शवो की अंत्येष्टि की जाती है। बाल्मीकि समाज के नेता रमेश चौधरी ने बताया कि आस पास के कुछ भू माफिया प्लाटिंग करने की कुत्सित मंशा से इस बैकुण्ठ धाम को नुकसान करने की चेष्टा कर रहे हैं। बाल्मीकि समाज भूमाफियाओं की कुत्सित मंशा को नाकाम करेगा। रमेश चौधरी ने बताया कि ढहाए गए द्वार व बाउंड्रीवाल का पुनर्निर्माण निर्माण बाल्मीकि समाज अपने सहयोग से करेगा। वहीं थानाध्यक्ष गीता दुवेदी ने तहरीर पर छानबीन शुरू कर दी है।

# घर के अंदर फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**जैदपुर,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जैदपुर थाना क्षेत्र के मचौची गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवती का शव घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ पाया गया। यह युवती तीन बहनों में सबसे छोटी थी, और परिवार दीपावली का पर्व मनाने में व्यस्त था। लल्लू रावत की 18 वर्षीय रुचि अपनी मां, पिता और बड़ी बहन के साथ शुक्रवार को दिवाली का जश्न मना रही थी। सभी के बीच खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक रुचि खाना खाने के बहाने कमरे के अंदर चली गई। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आई, तो बड़ी बहन ने कमरे में जाकर देखा और उसके होश उड़ गए। रुचि का शव रस्सी से लटक रहा था, जिसे देख परिवार में कोहराम मच गया।इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता लल्लू रावत ने पुलिस को बताया कि घर में कोई विवाद नहीं था। और सभी लोग दिवाली की खुशी में थे।

लेकिन उनकी बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह सभी के लिए एक बड़ा सवाल बन गया है। थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच की जा रही है। परिवार और गांव में इस अनहोनी की चर्चा जोरों पर है। अब देखना है कि जांच से क्या तथ्य सामने आते हैं।

## एसपी ने नगर में टीम के साथ किया भ्रमण

**जालौन।** दीपावली के दिन सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम के साथ नगर में भ्रमण किया और दुकानदारों से बातचीत कर उनसे जानकारी ली। नगर में भ्रमण के बाद सुरक्षा व्यवस्था देख संतुष्ट दिखे। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी व पुलिस फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर भ्रमण किया। देवनगर चौराहे से तहसील मार्ग, पानी की टंकी के सामने से होते हुए भीड़ भाड़ वाले फुटकर सब्जी मंडी में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।नगर की सड़कों पर भ्रमण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से बातचीत कर उनके हालचाल लिए और दीपावली की शुभकामनाओं के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। नगर में भ्रमण के बाद पुलिस अधीक्षक सुरक्षा को लेकर संतुष्ट दिखे। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार, इस्पेक्टर क्राइम जगदम्बा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र, उपनिरीक्षक सुनील कुमार सैनी, रमेश चंद्र अमर सिंह कोतवाली व चौकी पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## पिकप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**बेलहरा,बाराबंकी।** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो भाइयों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई।हादसे में बाइक सवार दोनों भाई घायल हो गए।परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत सूरतगंज- फतेहपुरङ्कमार्ग पर स्थित रायपुर चन्दूरा गाँव के सामने तेज रफ्तार पिकअप ने रायपुर गांव निवासी बाइक सवार राजू (22)व शिवम(16) पुत्रगण मुन्ना चौकीदार को सामने से जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क किनारे लगे पीपल के पेड़ से टकरा गई। पिकअप की टक्कर से घायल युवकों को परिवारीजनों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सूरतगंज में भर्ती कराया गया जहाँ पर राजू की हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## दो बाइक सवार टकराये, दोनों घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बे के बड़ी बाजार में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल युवकों को तुरंत नजदीकी सीएचसी जैदपुर में इलाज के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और परिजनों को भी सूचित किया गया है। वहीं हादसे के बाद स्थानीय लोग काफी चिंतित दिखाई दिए। घटना के बाज सीएचसी जैदपुर के आसपास मजमा लग गया। स्थानीय निवासियों ने भी इस हादसे पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस से सड़क की सुरक्षा को और मजबूत करने की मांग की है। आपको बता दें कि बाराबंकी जिले में सड़क हादसों में पिछले कई दिनों से बढ़ोतरी देखने को मिली है। ज्यादातर सड़क हादसे तेज गति के कारण हो रहे हैं तो वहीं रात में रास्तों पर लाइट नहीं होने से भी दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी की जेब से बदमाशों ने उड़ाये 76 हजार

**कालपी,जालौन।** जोल्हूपुर-कदौरा मार्ग में स्थित पैट्रोल पम्प में मध्य रात को सो रहे कर्मचारी की जेब से अज्ञात बदमाशों के द्वारा 75 हजार रुपये चुराने के मामले में कालपी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके पुकिस जांच करने में जुट गई हैं। उक्त मामले को लेकर वादी नारायन दास पुत्र गणेश प्रसाद निवासी ग्राम काशीराम थाना कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 17/18 की मध्य रात में प्रार्थी व मनीष पुत्र दशरथ निवासी कदौरा इंडियन ऑयल पैट्रोल पम्प जय माँ सर्विस स्टेशन में सो रहे थे। जबकि दूसरे कमरें में 2 अन्य सेल्समैन सो रहे थे। रात में सोते समय प्रार्थी की जेब में रखे 75 हजार 4 सौ रुपये तथा बैग में रखे 11 सौ रुपये अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए। उक्त चोरी की घटना रात 2 बजे घटित हुई है तथा पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रही हैं। वादी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, उक्त प्रकरण की विवेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह के द्वारा की जा रही है।

## परमहंस सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**कोंच(जालौन)।** देवगांव रतनगढ़ माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से परमहंस सेवा समिति ने ग्राम देवगांव में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया था, जिसमें भक्तों को निःशुल्क भोजन और पेय पदार्थ प्रदान किए गए। इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने माता के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। आयोजन के दौरान समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी और सभी को गर्म भोजन तथा जल उपलब्ध कराया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा भक्तों के लिए एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं और धार्मिक भावना को प्रोत्साहित करते हैं। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की प्रशंसा की और समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस भंडारे ने न केवल श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराया, बल्कि उन्हें एक साथ लाने का भी कार्य किया, जिससे स्थानीय समुदाय में एकजुटता की भावना और भी मजबूत हुई।

# बाइक सवार रेलवे बैरियर से टकराया, हुई मौत

**बेलहरा,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

फतेहपुर में एक युवक की तेज रफ्तार बाइक रेलवे बैरियर से टकरा जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर कर बुरा हाल है। सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत अहिरनपुरवा मजरे मीरानगर निवासी 40 वर्षीय शिव कुमार पुत्र लल्लूराम किसी काम से लखनऊ गया था। जहाँ से गुरूवार की देर रात बाइक से घर लौट रहा था कि फतेहपुर बस स्टॉप के निकट रेलवे बैरियर से उसकी बाइक टकरा गई।दुर्घटना के बाद शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुँचाया जहाँ मौजूद डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मचा गया है। कस्बा चौकी प्रभारी हरीशचंद्र ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ उचित कार्रवाई की जा रही है।

# पटाखे की खुशियां मातम में बदली जुड़वा भाइयों में एक की मौत

**जैदपुर,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया मे पटाखे दगाते समय खुशियों का महापर्व गम मे बदल गया जहां दो जुड़वा भाइयो मे एक भाई की मौत हो गयी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी राजू गौतम के 11 वर्षीय दो जुड़वा पुत्र करन अर्जुन शुक्रवार को घर के बगल मे पटखा जला रहे थे करन ने एक पटाखे को जलाते समय पटाखे पर गिलास रख दिया और पटाखा दगते ही गिलास फट कर अर्जुन के पेट मे घुस गया गंभीर रूप से घायल अर्जुन को परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल ले गये जहां हालात गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया जहा अर्जुन की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना के बाद से पूरे गांव मे खुशियों का महापर्व गम मे बदल गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**जुदा हुआ जुड़वा भाई**

11 वर्ष पूर्व जब प्यारेपुर सरैया मे राजू गौतम के घर दो जुड़वा बच्चो ने जन्म लिया तो पति पत्नी खुशी से झूम उठे और फेमस फिल्म करन अर्जुन को लेकर दोनो बेटों का नाम करन अर्जुन रखा लेकिन ईश्वर ने 11 वर्ष बाद दोनो जुड़वा भाइयो को जुदा कर दिया करन के द्वारा दगाए गये पटाखे मे अर्जुन की जान चली गयी और दीपावली की खुशियां गमगीन हो गयी।

# यम द्वितीया व कलम दवात पूजन समारोह की हुई शुरुआत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**




रामनगरी में नयाघाट स्थित अति प्राचीन श्री धर्महरि चित्रगुप्त मंदिर में शुक्रवार से हर्षोल्लास के साथ दो दिवसीय यम द्वितीया एवं कलम दवात पूजन समारोह की शुरुआत हो गई।

समारोह के पहले दिन मंदिर परिसर में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग प्रसाद ग्रहण किया जबकि दूसरे दिन शनिवार को कलम दवात पूजन,दीपदान,भजन संध्या और वृहद भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनगरी की सिद्धपीठ रंग महल पीठाधीश्वर महंत रामशंकर दास, लखनऊ पूरब के विधायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी होंगे ।यह जानकारी कायस्थ धर्मसभा के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दी ।पदाधिकारियों ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महोत्सव के पहले दिन शनिवार को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें श्री धर्महरि चित्रगुप्त महाराज को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जिसे छप्पन भोग कहते हैं,का भोग लगाया गया जिसके बाद श्रद्धालुओं में उस प्रसाद का वितरण किया गया ।तकरीबन पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हुआ यह अन्नकूट महोत्सव देर शाम तक अनवरत चलता रहा।

पदाधिकारियों ने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन यानी रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे श्री चित्रगुप्त भगवान एवं कलम दवात के दुग्धाभिषेक के साथ होगी इसके बाद पूर्वाह्न 11:30 बजे श्री चित्रगुप्त भगवान की कथा,कलम दवात पूजन एवं हवन होगा ।शाम पांच बजे दीपदान एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होना है जिसके बाद शाम छह बजे से शुरू होने वाला भंडारा देर रात समाप्ति तक चलता रहेगा।

# कार ने स्कूटी में मारी टक्कर मौके पर अधेड़ की मौत

**जालौन, समृद्धि न्यूज।**

उरई जालौन मार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास तेज बेकाबू कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में परिवहन विभाग के तकनीकी कर्मचारी की मौके पर मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर खंदक में जा गिरी। सूचना पर पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिवहन विभाग में उरई में तैनात तकनीकी कर्मचारी अमित कुमार गौतम (42) पुत्र रतीराम निवासी मोहल्ला चिमनदुबे शुक्रवार की रात ड्यूटी कर स्कूटी से वापस जालौन लौट रहे थे। लगभग साढ़े नौ बजे वह स्कूटी से उरई जालौन मार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रही बेकाबू कार ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार कर्मचारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, टक्कर मारने के बाद कार भी सड़क किनारे खंती में जा गिरी। मौके पर मौजूद ग्रामीण रामकुमार बाथम, पुनीत दुबे आदि ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने अमित को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी अस्पताल पहुंच गईं। जहां पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अमित की मौत के बाद पत्नी रश्मि व मां गंगादेवी का रो रोकर बुरा हाल है। बेटी एमी (13), याशी (11) व बेटा निश्चय (8) भी त्योहार पर पापा के घर आने की राह ताकते रहे। वहीं, बड़े भाई अवधेश भी भाई की मौत के बाद गमगीन नजर आए।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप

**जालौन।** कोंच रोड पर सड़क किनारे एक प्लॉट में भरे पानी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोंच रोड पर मारूती सुजुकी एजेंसी के पास एक खाली प्लॉट पड़ा है। बारिश के मौसम में इस प्लॉट के अंदर पानी भर गया था। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे इसी प्लॉट के अंदर से बदबू आ रही थी। बदबू असहनीय होने पर जब आसपास के लोग माजरा जानने के लिए वहां पहुंचे तो प्लॉट में भरे पानी में उन्हें एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। उसकी उम्र करीब 40 वर्ष थी। शरीर पर लाल शर्ट व पेंट पहने हुए था। प्लॉट के अंदर शव को देखकर वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और वहां लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शव का बाहर निकलवाया। उन्होंने अज्ञात शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन दो दिन बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि 40 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। प्रथम दृष्टया युवक के पानी में डूबने से मौत प्रतीत हो रही है।

# गुरुद्वारा नजर बाग में परंपरागत तरीके से मनाया बंदी छोड़ दिवस

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



> कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्वांचल के कई जिलों के साध संगत, जनप्रतिनिधियों हुए शामिल, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

रामनगरी स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक गोविंद धाम नजरबाग में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी के गुरता गद्दी दिवस एवं गुरु हरगोबिंद साहिब जी के बंदी छोड़ दिवस पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महान गुरमत समागम का भव्य आयोजन किया गया।यह आयोजन नजरबाग गुरुद्वारा के प्रबंधकर्ता जत्थेदार बाबा महिंदर सिंह के संयोजन में प्रेम और श्रद्धा से मनाया गया।

इस कार्यक्रम में नानकसर सींघड़ा करनाल से संत बाबा राम जी का विहंगमी जत्था,बाबा भोला जी,बाबा गेजा सतनाम जी,संत करमजीत सिंह व बीबी अमनदीप कौर पटना साहिब की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत ऐतिहासिक गुरुद्वारे में पूर्वाह्न 11 बजे अखंड पाठ साहिब के साथ हुई जिसकी समाप्ति के उपरांत शाम चार बजे तक गुरुवाणी कीर्तन व कथा द्वारा श्रद्धालुओं को धर्म तथा अध्यात्म से जुड़ने की प्रेरणा दी गई। इसमें सभी वर्गों के श्रद्धालुओं ने दर्शन करके गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद आयोजित हुए लंगर में जिले,गैर जनपद और गैर प्रांत से हजारों की तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समागम में पंजाब के बरनाला राज्यमंत्री केवल सिंह ढिल्लों,महापौर गिरीशपति त्रिपाठी,पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन,पूर्व सांसद लल्लू सिंह,जगतगुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य,देवगांव उदासी आश्रम से महंत बलराम दास, महामंडलेश्वर महंत गिरीश दास, उदासीन आश्रम से संत माधव नंद जी,हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास,अवधेश वर्मा,सुप्रीम कोर्ट से प्रशासनिक सलाहकार अजय शर्मा,सिंधी समाज के मुखिया ओम प्रकाश अंदानी, पवन जीवनी,सुशील जी,मंत्री अमृत राजपाल,साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अभय सिंह,ट्रांसपोर्टर महेंद्र शर्मा तथा जिले व पूर्वांचल की साध संगत ने दर्शन किया।जत्थेदार बाबा महिंदर सिंह व सेवादार नवनीत सिंह ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया तथा कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सेवादारों,संगतों और स्थानीय पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पौने दो लाख रुपये से भरा बैग छीनने पर मुकदमा दर्ज

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

लग्जरी बस में बैठकर सामने खरीदने दिल्ली जा रहे कारोबारी के साथ मारपीट करके पौने दो लाख रुपये से भरा बैग छीनने के मामले में न्यायालय के आदेश पर दो नामजद सहित 5 लोगों के खिलाफ कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी लाल सिंह पुत्र रमेशचंद्र निवासी मुहल्ला मुजफ्फरनगर कोटरा ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 3-9-24 को प्रार्थी अपनी दुकान का सामान खरीदने के लिए बस न- यूपी-17-एटी-2288 पर बैठकर नोएडा जा रहा था। रात लगभग 9 बजे सवारियों को लेने के लिए बस कालपी में रुकी। इसी दौरान बस स्टॉप के आरोपियों सलीम सिद्दीकी कालपी, प्रमोद प्रजापति निवासी ग्राम मंगरौल सीट को लेकर विवाद करने लगे तथा प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे व सीट में रखा बैग में छीन लिया। जिसमे 1 लाख 70 हजार रुपये तथा जरूरी सामान रखा था। पुलिस ने विशेष न्यायाधीश जालौन के आदेश पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रमाकांत के द्वारा की जा रही हैं।

## पड़ोसी ने अवैध निर्माण कराकर लगाया फाटक

**जालौन।** मकान से निकलने वाले रास्ते पर पड़ोसी ने अवैध रूप से निर्माण कर फाटक लगा लिए हैं। हटाने की बात कहने पर झगड़े पर आमादा है। पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां निवासी कुलदीप कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उसके मकान से निकलने वाले रास्ते में पड़ोसी ने जबरन कब्जा कर अपना गेट लगा लिया है। ऐसे में उसके पास निकलने के लिए जगह बहुंत कम बची है। उसे कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर निकलाने की आवश्यता है। लेकिन अतिमक्रमण के चलते वह अपना ट्रैक्टर नहीं निकाल पा रहा है। जिसके चलते परेशानी हो रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व वह इसकी शिकायत एसडीएम व संपूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस में भी कर चुका है।

## सूचना

पहले मेरा नाम मौलाना आसिफ अली पुत्र मुश्ताक अली माता का नाम साबरा बेगम था। जन्मतिथि 01.01.1985 अब बदलकर मोहम्मद आसिफ अली रख दिया है मुझे मोहम्मद आसिफ अली के नाम से जाना जाए।

**मोहम्मद आसिफ अली, निवासी लोहिया नगर पोस्ट समधन-जिला कन्नौज।**

# एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया यातायात माह का शुभारंभ

## बिना हेलमेट बाइक सवार चालकों को नि:शुल्क हेलमेट प्रदान कर किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद द्वारा तिर्वा क्रासिंग से यातायात प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। और नागरिकों को सड़कों पर सुरक्षित रूप से चलने की प्रेरणा दी।

एसपी ने बताया कि पूरे माह जनपद में विभिन्न यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के पालन के लिए विशेष चेकिंग अभियान भी चलाए जाएंगे। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा सके। इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति के तहत एक कलाकार यमराज के रूप में उपस्थित रहा। जिसने बिना हेलमेट बाइक चला रहे। व्यक्तियों को रोककर जागरूक किया। यमराज के रूप में प्रस्तुत कलाकार ने लोगों को यह संदेश दिया कि यातायात नियमों की अनदेखी गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है। बिना हेलमेट के बाइक चलाना न केवल कानूनी उल्लंघन है। बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है। एसपी ने बाइक सवार चालकों को नि- शुल्क हेलमेट वितरित किए। तथा उन्हें हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। अपील कि की हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। और तेज गति से वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक बनकर हम सभी अपने और दूसरों के जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर प्रियंका बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी लाइन, यातायात प्रभारी आफाक खां सहित पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद

# छापेमारी कर घर में पकड़ी शराब और उपकरण

▸ पुलिस ने दो लोगों को मौके से किया गिरफ्तार

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

दीपावली त्योहार और उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाल आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। शनिवार की दोपहर हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रौतामई स्थित एक घर में छापेमारी की। जहां मौके से दो लोगों को अवैध कच्ची शराब उतारने समय हिरासत में ले लिया। साथ ही पुलिस ने मौके से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जबकि 120 लीटर लहन भी मौके पर नष्ट किया। पुलिस हिरासत में आरोपी यवकों ने अपना नाम अखिलेश पुत्र राम महेश व कन्हैया लाल पुत्र स्वर्गीय मिठ्ठू लाल निवासी ग्राम रौताई में बताया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।




पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपित।

# गोवर्धन बनाकर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

▸ गोबर से गोवर्धन बनाकर लगाया पकवानों का भोग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दो दिनों की अमावस्या होने के कारण दीपावली त्योहार के तीसरे दिन घर-घर गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने घर के आंगन में गोवर्धन की आकृति गोबर से बनाकर आरती वंदना की। इसके लिए महिलाओं ने सुबह से ही घर के आंगन की साफसफाई कर गोवर्धन पूजा की तैयारियां की और घर में पकवान बनाएं। शनिवार को दीपावली पर्व के बाद महिलाओं ने घरों के आंगन में गोबर से आकृति बनाकर गोवर्धन पूजा की। घर-घर गोबर से गिरिराज महाराज के प्रतीकात्मक स्वरूप बनाए गए। महिलाओं और पुरुषों ने कढ़ी, चावल और बाजरा की खिचड़ी से बने अन्नकूट से भोग लगा कर गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर परिक्रमा लगाई। इसके बाद गोवर्धन की परिक्रमा लगाकर आरती वंदना की। महिलाओं ने गोवर्धन पूजा में गोबर से बनी आकृति, आटा, चावल तथा सींक से सजावट कर गोवर्धन महाराज की आराधना की। सुबह से ही महिलाओं ने परिक्रमा कर ब्रज के देवता के जैकारे लगाकर पूजा की। गोवर्धन पूजा में महिलाओं ने भजन व कीर्तन कर गुणगान किया। गोवर्धन को अन्नकूट का भोग भी लगाया गया। गोवर्धन पूजा की धूम गांव से लेकर शहर तक नजर आई।



घर के आंगन में बनी गोवर्धन की आकृति।

# ककवन थाने का फालवर घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** फर्रुखाबाद के आईटीआई चौराहा निवासी जितेंद्र कुमार यादव (40) पुत्र सोबरन सिंह कानपुर देहात के ककवन थाना में फाल्वर है। शुक्रवार की शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी मवईया गांव तिराहा के पास कार के चालक ने तेज गति से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार जितेंद्र यादव घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है।

# आतंकी हमले में मारे गए दो मजदूर परिवारों के घर जाकर जिलाधिकारी ने की मुलाकात

▸ मजदूरों के परिवारों को 2- 2 बीघा जमीन का पट्टा तथा 12- 12 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए दो मजदूर ठठिया थाना क्षेत्र के गांव दन्नापुरवा निवासी 50 साल के राम सागर पुत्र गज्जा और 40 साल के मनीष पुत्र राम औतार के परिवारजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने परिवारजनों से मुलाकात कर फल, मिठाई आदि साम्रगी भेंट करते हुए कहा कि उनकी कमी को तो कोई पूरा नहीं कर सकता है। लेकिन सरकार की योजनाओं का लाभ देने हेतु जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा। आतंकी हमले में मारे गए दो मजदूरों के परिवारों को 2-2 बीघा जमीन का पट्टा तथा 12-12 लाख रूपये की अर्थिक सहायता प्रदान की गयी। बताया कि कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए मजदूर सेब के बागान में काम करने गए थे। कश्मीर के शोपियां में बागान में पेटी में सेब भराई के काम के लिए 30 लोग गए थे। जिसमें 23 लोग वापस आ गए और सात लोग मजदूरी की धनराशि न मिलने के कारण वहीं रुक गए थे।

इनमें रामसागर और मनीष भी थे। इन मजदूर परिवारों की माली हालत ठीक नहीं थी। रामसागर के पास एक बीघा खेत हैं। जो गांव में पत्नी व दो बेटों के साथ रह रहा था। वह बेटों को अच्छी पढ़ाई कराना चाहता था। इसी तरह मनीष की दो बिटिया व चार साल का बेटा है। बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए कश्मीर में सेब भराई का काम करने गए थे। कश्मीर में आतंकी हमले में दोनों लोगों की मृत्यु हो गई।



परिजनों से मुलाकात करते जिलाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### 11 मजदूर परिवार सहित 25 श्रमिकों को कराया मुक्त



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के निर्देशन में जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत कुमार श्रीवास्तव ने मार्का स्टार भट्ठा मियागंज में काम कर रहे 11 मजदूर परिवार के 25 श्रमिकों को बन्धुआ श्रम से मुक्त कराया गया। श्रमिकों को उनके गृह जनपद बिजनौर के लिए रवाना किया गया। बताया कि श्रमिकों का कोई अवशेष भुगतान शेष नही था।

### तालग्राम थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को थाना तालग्राम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अपराध रजिस्टर का जायजा लिया। इसके बाद थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया से दर्ज मामले व उनमें की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने अपराध संबंधी अन्य अभिलेख पूर्ण व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके बाद कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण कर थाने में स्वच्छता रखने के निर्देश दिए।

### चिंगारी से किसानों का पुआल जले

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम तिसौली में पानी टंकी के पास मवेशियों को खिलाने के लिए किसानों के पुआल के ढेर लगे थे। शुक्रवार की देर शाम पटाखे की चिंगारी से गांव के समरपाल के पुआल में आग लग गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने पहुंची। तब तक गांव के राजपाल, रामदास, प्रेमचंद, किशोर सहित दस किसानों का पुआल जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने का कारण पटाखे की चिंगारी बताई जा रही है।

### दुर्घटना में बुझ गया घर का इकलौता चिराग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दीपावली की शाम मार्ग दुर्घटना में घर का इकलौता चिराग बुझ गया। इससे परिजनों में को चीख पुकार मच गई। कस्बा तालग्राम के मोहल्ला टीला निवासी विकास राठौर (24) पुत्र बीरेंद्र राठौर गुरुवार की शाम बाइक से चौखटा निवासी मित्र राजकुमार के साथ कन्नौज के ग्राम गुखरू निवासी अपने मामा के घर जा रहा था। जब उसकी बाइक तालग्राम तिर्वा मार्ग के सुजान सराय के ग्राम छौंछापुर के निकट पहुंची उसकी बाइक की दूसरी बाइक में टक्कर हो गई। इससे विकास राठौर और उसका मित्र राजकुमार व दूसरी बाइक में सवार दो लोग सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से तिर्वा के भीमराव रामजी मेडिकल कालेज भर्ती कराया। वही विकास राठौर की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक बाइक चालक विकास राठौर पांच बेटियों के बीच में इकलौता पुत्र था। इकलौते बेटे की मौत से दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गो-आश्रय स्थलों पर गायों का किया पूजन

▸ डीएम सहित आलाधिकारियों ने गो- पूजन कर गोवंश को खिलाया गुड़, चना, केला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ कर्णवीर सिंह ने कुसुमखोर गो आश्रय स्थल में गोवंश को गुड़, चना एवं केला आदि खिलाया।

साथ ही गो आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अतिरिक्त शेड निर्माण, भूसा गोदाम विस्तारीकरण के निर्देश सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को दिए। इस कड़ी में अनौगी गो आश्रय स्थल में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने, रोहली गो आश्रय स्थल में ब्लाक प्रमुख राजीव सिंह द्वारा गो पूजन कर गोवर्धन पूजा कार्यक्रम को मनाया। चौरा चांदपुर में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ कर्णवीर सिंह, गौशाला गंगागंज गुरौली में गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंडल प्रभारी वीरेन्द्र सिंह डॉ प्रदीप वर्मा, एडीओ पंचायत, एडीओ आई एस बी, गौशाला अध्यक्ष, गौशाला सचिव, गौशाला केयर टेकर एवं ग्रामवासी के द्वारा गोवर्धन पूजा एवं गो पूजन का कार्य साकुशल संपन्न हुआ। नगर पालिका छिबरामऊ में पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे तथा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ नेम कुमार द्वारा, घिलोई खास छिबरामऊ में ग्राम प्रधान एवं प्रधानाचार्य द्वारा, कुतुबपुर सौरिख में ब्लाक प्रमुख नोडल अधिकारी डॉ वेदव्रत गंगवार, बीडीओ निरंजन त्रिवेदी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ मेहर सिंह द्वारा, गड़ियापाह में ब्लाक प्रमुख एवं उप जिलाधिकारी छिबरामऊ द्वारा गो पूजन कर गोवर्धन पर्व को मनाया गया। इसके अलावा जनपद के आदि गो- आश्रय स्थलों पर गो पूजन कर परंपरागत तरीके व धूमधाम से गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया।



गोशाला में गोवंश को केला खिलाते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

# बुखार से पीड़ित महिला की उपचार के दौरान मौत

▸ ठेली से महिला को ले जाते परिजनों का वीडियो वायरल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बुखार से ग्रसित चल रही महिला की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ठेली से महिला को उपचार के लिए ले जाते समय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित एंबुलेंस सेवा पर सवालियां निशान लग रहे है। महिला की मौत से परिजनों में चीख पुकार मची हुई है। नगर के मोहल्ला किदबई नगर निवासी आशमा बेगम (55) पत्नी आमीन को बीते दो दिनों से बुखार आ रहा था। बताया जा रहा है कि परिजन झोलाछाप से उसका उपचार करा रहे थे। शनिवार को सुबह उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। कोई सुविधा न होने के कारण परिजन ठेली पर महिला को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिला के परिजन उसे ठेली पर लादकर अस्पताल ले जा रहे है। मामले में स्वास्थ्य विभाग और एंबुलेंस सेवा पर आरोप लगाए जा रहे है। परिजनों ने बताया कि महिला के पति की मौत पहले ही हो चुकी है। उसके चार पुत्र है। मेहनत मजदूरी कर महिला परिवार को चला रही थी।

# खड़ी बाइक में लगी आग, धू-धू कर जली, जांच पड़ताल शुरू

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

नगर की मुख्य सड़क गुरसहायगंज फर्रूखाबाद मार्ग समधन ठाकुरद्वारा के नजदीक भारत गैस एजेंसी के पीछे एक प्लाट पर खड़ी बाइक संदिग्ध कारणों से धू-धू कर जल गई। समधन नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी तनवीर खां पुत्र नईमुद्दीन खां की स्प्लेंडर बाइक रोज़ की तरह भारत गैस एजेंसी के पीछे प्लाट पर मकान के गेट के सामने खड़ी थी बीता शुक्रवार रात करीब दो बजे अचानक संदिग्ध कारणों से बाइक जल गई जलती हुई बाइक का धुआं मकान के अंदर पहुंचा तो अचानक आनन-फानन में धुआं देख मकान स्वामी तनवीर खान ने अपने घर का दरवाजा खोला बाहर देखा बाइक धू-धू कर जल रही थी जैसे तैसे आग बुझाई गई इसके बाद 112 पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



जली हुई बाईक को दिखाते तनवीर खां

# गुड़ व चना खिलाकर की गोवंशों की पूजा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली पर्व के चलते गोवर्धन पूजा के दिन नगर पंचायत कर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने गोवंशों को फूलमालाएं पहनाकर पूजा अर्चना की। शनिवार को अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल तालग्राम में संरक्षित गोवशो की पूजा कर गुड़, चना, फल खिलाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, सभासद अतुल कुमार गुप्ता, सफाई नायक संतराम, अमन वाल्मीकि, कंचन लाल, सुभाष चंद्र, राम वेदी शर्मा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित नगर पालिका की अस्थाई गोशाला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इसमें अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, पशुचिकित्साधिकारी संजीव कुमार, फार्मासिस्ट अजीत कुमार, सभासद धर्मेंद्र गुप्ता, निर्मल कुमार, परमजीत, गोशाला इंचार्ज प्रसन्नजीत मिश्रा, केयरटेकर रूपेंद्र सिंह, ऊधन सिंह ने गोवंशों का तिलक कर पूजा अर्चना की और गुड़, चना व फल खिलाकर फूलमाला पहनाई।



गुरसहायगंज गोशाला में पूजन करते ईओ।

# गणेश लक्ष्मी विसर्जन मद्देनजर पुलिस हुई हाई अलर्ट

**विशेश्वरगंज/बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

गणेश लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन में शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए थाना प्रभारी विशेश्वरगंज नवीन कुमार सिंह ने पी ए सी,आर आर एफ व भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के गंगवल बाजार,विशेश्वरगंज व पुरैना बाजार में शनिवार को फ्लैग मार्च किया।कुछ वर्षों पूर्व संवेदनशील गंगवल बाजार में शांति व्यवस्था भंग हो चुकी है। इस बार किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए इसलिए पुलिस हाई अलर्ट मोड पर है। पुलिस बल के साथ पी ए सी के जवानों ने भी फ्लैग मार्च में सहभागिता करते हुए लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील करते हुए इस बात का भी एहसास दिलवा दिया कि किसी भी प्रकार के अराजक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस तैयार है।फ्लैग मार्च में वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशि प्रताप सिंह,उपनिरीक्षक गुलाब सिंह, अंजनी राय,दीपक सिंह,ओमकार यादव सहित दर्जनों की संख्या में पुलिस कर्मी शामिल रहे।



# यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारंभ, गोला पुलिस उड़ा रही धज्जियां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी में यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारंभ हो चुका है। यातायात माह नवंबर 2024 के शुभारंभ पर एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई थी तथा हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को भी रवाना किया गया था लेकिन इन सब का असर लखीमपुर खीरी के गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस कर्मियों पर देखने को नहीं मिला। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट धारण करने जैसे तमाम बिंदुओ पर शपथ दिलाई लेकिन गोला कोतवाली के पुलिसकर्मियों द्वारा बिना हेलमेट धड़ल्ले से बाइक चलाई जा रही है। इतना ही नहीं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कई वाहन जिसमें मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहन जो की पूरी तरीके से फिट भी नहीं है उनको पुलिसकर्मियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वायरल फोटो और वीडियो के मुताबिक 1 नवंबर 2024 को दोपहर 4:00 बजे एक मोटरसाइकिल सफेद रंग की अपाचे बाइक यूपी 31 जी 0594 जिस पर दो पुलिस कर्मी बिना हेलमेट लगाए धड़ल्ले से चला रहे हैं।



### नगर में मौजूद यातायात पुलिसकर्मी फिर भी रोड जाम की समस्या

गोला नगर में पिछले काफी समय से यातायात पुलिस कर्मी मौजूद है। यातायात पुलिसकर्मी के साथ अन्य पुलिसकर्मी भी चौराहे पर तैनात रहते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यातायात पुलिसकर्मी सिर्फ मुंह देखकर ही कुछ लोगों को रोक कर उनका चालान कर देते हैं लेकिन दर्जनों की संख्या में रोजाना पुलिसकर्मी बिना हेलमेट उसी चौराहे से निकलते हैं जिस पर कोई कार्यवाही नहीं होती। इतना ही नहीं नगर में दीवाली के चलते काफी जाम के चलते जनता को मुसीबत का सामना करना पड़ा लेकिन पुलिसकर्मियों की कोई मुस्तैदी देखने को नहीं मिली।

### अलीगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर लगती भयंकर जाम

गोला नगर में यातायात पुलिस होने के बावजूद भी अलीगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर भयंकर जाम लगती है। बता दे जैसे ही जैसे ट्रेनों में संख्या का इजाफा होता जा रहा है वैसे ही वैसे नगर में अलीगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने पर घंटे की जाम में नगर वासियों को जूझना पड़ रहा है। गोला पुलिस की निष्क्रियता के चलते जाम को खुलवाने के लिए कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद नहीं होते हैं।

# भाई-बहन के प्यार और विश्वास का प्रतीक भाईदूज आज

▸ 1 बजकर 10 मिनट से लेकर दोपहर 3 बजकर 22 मिनट तक रहेगा मूर्हत


भाई को तिलक करती बहन ( इमेज फोटो)

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाई दूज का पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को है। पंचांग के आधार पर इस साल भाई दूज का त्योहार 3 नवंबर दिन रविवार को मनाया जायेगा। इस दिन को भाई दूज या भैय्या दूज भी कहते हैं। इस दिन को भाई-बहन के प्यार और विश्वास के रिश्ते के प्रतीक के रुप में मनाया जाता है।

भाई दूज भाई बहन के प्यार के रिश्ते का खास दिन होता है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक करती हैं। पौराणिक मान्यता है कि अगर बहनें भाई दूज के दिन शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक करती हैं, तो भाइयों की उम्र लंबी होती है और भाई-बहन दोनों के जीवन में सुख समृद्धि का वास होता है। साथ ही भाई-बहन के रिश्ते में मधुरता आती है। इसके संबंध में एक और कथा प्रचलित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमुना ने अपने भाई यमराज को अपने घर पर सत्कारपूर्वक भोजन कराया था। बहन के घर जाते समय यमराज ने नरक में निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। बहन यमुना ने अपने भाई को घर बुलाकर इस दिन तिलक लगाया और तरह-तरह का भोजन कराया। यमराज ने चलते वक्त बहन यमुना से मनोवांछित वरदान मांगने को कहा। यमुना ने कहा कि यदि आप मुझे वर देना ही चाहते हैं तो यही वर दीजिए कि आज के दिन प्रत्येक वर्ष आप मेरे यहां आएंगे और मेरा आतिथ्य स्वीकार करेंगे।

यमुना की प्रार्थना को यमराज ने स्वीकार कर लिया, तभी से इस दिन भाई दूज के नाम से मनाया जाता है। यमराज के वरदान अनुसार जो व्यक्ति इस दिन यमुना में स्नान करके यम की पूजा करेगा मृत्यु के बाद उसे यमलोक में नहीं जाना पड़ेगा। यमुना को सूर्य देव की पुत्री माना जाता है। ऐसी मान्यता हैं कि यमुना देवी सभी कष्टों को दूर करती हैं। इसलिए यम द्वितीया के दिन यमुना नदी में स्नान करना और यमुना यमराज की पूजा करना फलदायी माना जाता है।

## अवैध शराब व हो रहे जुआ की शिकायत करने पर दबंगों ने युवक को पीटा, भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगापार के गांव में खुलेआम धड़ल्ले से कच्ची शराब बिक्री व जुएं का अबैध कारोबार हो रहा था। युवक ने अवैध कच्ची शराब की बिक्री व हो रहे जुएं की शिकायत पुलिस से की। इसी रंजिश में दबंगों ने शिकायत कर्ता पर हमला कर दिया। जिससे युवक घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम कुंअरपुरा कड़हर क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से हो रहा है। वहीं गांव में जुआ भी खेला जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने लिखित रुप से पुलिस से की। इसी रंजिश में दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक अरविंद सिंह ने बताया कि गांव में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाने का कारोबार होता है। घायल ने गांव के ही अर्जुन सिंह व लल्ला सिंह पर जुआ खिलवाने का आरोप लगाया। घायल के अनुसार थाने से अधिक दूरी होने व गंगापार का क्षेत्र में होने की वजह से गांव में धड़ल्ले से कच्ची शराब और जुएं का अवैध कारोबार होता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।


पुलिस हिरासत में आरोपी

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 233/2024 धारा-351(2)/(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 30.10.2024 को पीड़िता ने थाना कमालगंज पर लिखित तहरीर दी थी कि पीड़िता की पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गयी है। जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 233/2024 धारा-351(2)/(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम फराज खान उर्फ गौश मोहम्मद पुत्र पप्पू खान निवासी ग्राम राजेपुर सरायमेंदा थाना कमालगंज पंजीकृत किया गया। पुसिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कमालगंज, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल जाहिद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## मझिया के घर से पत्नी को बुलाने गये युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मझिया के घर से पत्नी को बुलाने गये पति को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर पट्टी निवासी सन्तोष कुमार पुत्र धनीराम ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी पत्नी सोनवती आये दिन मझिया के घर चली जाती है। आज दीपावली पर भी वह चली गई। जब मैं मझिया के घर पत्नी को बुलाने गया, तो मझिया ने अपने परिजनों के साथ हमें लाठी-डंडों से मारापीटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर सन्तोष का मेडीकल परीक्षण करवाया।


सीएचसी में मौजूद घायल युवक

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

▸ भाई ने बहनोई पर मारपीट कर हत्या करने का लगाया आरोप


जांच पड़ताल करते कोतवाली प्रभारी व मौजूद परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव कन्हऊ याकूबपुर निवासी धर्मवीर कठेरिया की 30 वर्षीय पत्नी दिलसारा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घरवालों के अनुसार धर्मवीर की पत्नी दिलसारा को मिर्गी के दौरे आते थे। 2 नवंबर की सुबह 8.00 बजे दिलसारा को दौरे आने लगे। जिस पर पति धर्मवीर ने उसे पानी पिलाकर घर के कमरे में लिटा दिया। इसके बाद वह खेत पर चला गया।

कुछ समय बाद स्वजनों ने धर्मवीर को सूचना दी कि उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। जिस पर धर्मवीर ने उसके मायके थाना जहानगंज के गांव पतौंजा निवासी अपने साले अवनीश को सूचना दी। अवनीश ने बहन के घर आकर 112 पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन को उसके बहनोई ने मारपीट का हत्या कर दी है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। सूचना पर नायब तहसीलदार सनी कनौजिया की देखरेख में उप निरीक्षक अंशु यादव ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके एक वर्षीय पुत्री रियांशी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

▸ पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया राधा कृष्ण निवासी विनोद कुमार प्रजापति उम्र 36 वर्षीय पुत्र सतीश प्रजापति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कास्टेबिल सिध्दू सिंह, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये। वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं चर्चा के अनुसार विनोद कुमार शराब पीने का आदी था। जिसके चलते उसका आये दिन पत्नी से झगड़ा होता रहता था। आशंका जतायी जा रही है कि पत्नी ने पति की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

# सर्राफे की दुकान में लगी आग, एक लाख का नुकसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में सर्राफा की दुकान पर मालिक ने दिवाली पूजा की और दीपक जलाकर रख दिया। किसी तरह दीपक से दुकान में आग लग गयी और आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग की लपटे देखकर बाजार में भगदड़ मच गयी। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। दुकान मालिक ने समर आदि चलवाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग से लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया ठाकुरदास निवासी अभिषेक वर्मा की घर पर ही लाला मोतीलाल दिवारी लाल सर्राफे की दुकान की है। दीपावली के अवसर पर गुरुवार शाम दीपक जलाकर अभिषेक वर्मा ने दूसरी मंजिल पर रख दिया। दीपक की लौ से पर्दे में आग लग गई और तेज लपटें निकलने लगी। जिससे बाजार में भगदड़ मच गई। मौके पर ही लाइनमैन पप्पू मौजूद था, वह तत्काल सीढ़ी लगाकर दूसरी मंजिल पर पहुंचा और खिड़की के शीशे तोड़कर बिजली की सप्लाई काट दी। रात्रि करीब 9:30 बजे आग लगने की सूचना पुलिस दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी करीब आधे घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची, तब तक मोहल्ले वासियों ने समरसेबल चलाकर आग पर काबू पा लिया। आग लगते ही हादसे की आशंका में घर के अंदर रखे तीन गैस सिलेंडरों को बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुकानदार अभिषेक वर्मा ने बताया कि दूसरी मंजिल पर लगी और डबलबेड समेत सामान जलकर राख हो गया है, लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



आग बुझाते लोग

# जुआ खेलने से मना करने पर दो पक्षों में फायरिंग व चले लाठी-डंडे

▸ पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार, शांतिभंग में किया चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपनी जगह में जुआ खेलने का विरोध करने पर युवकों को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला छेदा निवासी दो पक्षों में तनाव उस समय व्याप्त हो गया जब दीपावली वाले दिन गांव में जुआ खेला जा रहा था, तभी गृह स्वामी ने अपनी जगह पर जुआ खेलने से मना कर दिया। इसी बात पर जुआरी आगबबूला हो गए और पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं जैसे ही पीड़ित पक्ष के परिवार को सूचना मिली तो वह भी मौके पर दौड़कर पहुंचे। दोनों पक्ष आमने-सामने हुए तो दोनों पक्षों से फायरिंग होने लगी। जब इस बात की सूचना थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को लगी, तो थाना अध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। गांव में तनाव को देखते हुए थाना अध्यक्ष ने वहां पुलिस को तैनात कर दिया। शाम से लेकर सुबह 5.00 बजे तक पुलिस घटनास्थल पर रही, लेकिन तब तक दोनों पक्षों की ओर से कोई वाद विवाद नहीं हुआ। जैसे ही पुलिस गांव से हटी, तो फिर से दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। सूचना पर थाना प्रभारी समस्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने गांव नगला छेदा निवासी कुंवर पाल पुत्र नामालूम, रिंकू सिंह, टिंकू सिंह पुत्रगण नेक्से, करण पुत्र रामदत्त समस्त निवासी नगला छेदा को थाना पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया।

# दो पक्षों में हुई फायरिंग व चले लाठी-डंडे


अस्पताल में भर्ती घायल

▸ पुलिस ने पहुंचकर घायलों को सीएचसी पहुंचाया

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मामूली विवाद को लेकर 2 पक्षों में जमकर लाठी-डंडों चले तथा करीब 12 राउंड फायरिंग हुई। जिससे गांव में दहशत फैल गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उमराव नगला निवासी उदयवीर पुत्र मुन्शीलाल ने बताया प्रदीप सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, सुनील, धर्मेंद्र, मनोज, आधार, नीरज और बृजेश से मामूली विवाद पर कहा सुनी हो गई थी। जिस पर दोनों पक्षों में जमर मारपीट हुई। इस मामले को लेकर थाना अध्यक्ष कमालगंज के माध्यम से दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। इसी बात को लेकर विपक्षी शनिवार को अचानक घर में घुस आए एवं ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर सुधीर पुत्र हाकिम सिंह, रंजीत कुमार पुत्र उदयवीर सिंह, जयवीर एवं पीड़ित जयवीर पुत्र मुंशीलाल को विपक्षी सुनील, धर्मेंद्र, सनोज, मनोज, आधार, नीरज, बृजेश ने मारपीट एवं फायरिंग करके गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

# गौकशी के शक में गाय ले जाते पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा में बांधकर गाय ले जाते कुछ लोगों को राहगीरों ने गौकशी के शक में पकड़ लिया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में भी लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के पांचाल घाट पर एक ई-रिक्शा पर पीछे बांधकर गाय ले जाते चार लोगों को गौकशी के शक में पकड़ लिया। मामले की सूचना उधर से निकल रही राजेपुर पुलिस को लोगों ने दी। राजेपुर पुलिस की सूचना पर थाना कादरीगेट पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को हिरासत में लिया। बाद में पुलिस जाँच में पता चला की गाय ले जाने वाले सोताबहादुरपुर के लोग थे जो गाय को दूध निकालने के लिए ले जा रहे थे। हिन्दू महासभा के गौरक्षा प्रकोष्ठ सचिन शर्मा आदि मौके पर पहुंचे।

# दहेज हत्या में वांछित महिला सहित दो गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में अभियुक्त राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 350/2023 धारा-498ए, 304बी, 504, 352 भा0द0व0 व 3/4 डी.पी. एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 16 जुलाई 2024 को रोहित पुत्र स्व0 रामप्रकाश निवासी सलेमपुर थाना राजेपुर ने थाना मऊदरवाजा पर प्रार्थना पत्र देकर कहा कि ससुराल वालों ने दहेज की खातिर उसकी बहन राखी को प्रताड़ित कर हत्या कर दी।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त धाराओं में पति गोलू सक्सेना पुत्र राजकुमार, ससुर राजकुमार पुत्र रामभरोसे, देवर छोटू पुत्र राजकुमार, सास सुनीता पत्नी राजकुमार, ननद काजल पुत्री राजकुमार निवासीगण माधौपुर थाना मऊदरवाजा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट कर की अभद्रता


-घटना की जानकारी देते पीड़ित ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दंबगों ने घर में घुसकर महिलाओं को जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गयी है।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम चपरा में मामूली विवाद के चलते लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोग दाताराम पुत्र जमादार के घर में घुस गये। दाताराम की पत्नी सुधा देवी व उनकी बहू आरती पत्नी सत्येंद्र, नंद, कीर्ति पुत्री दाताराम के साथ जमकर मारपीट की। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को फोन पर सूचना दी। जिस पर उपनिरीक्षक जगभान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल की। पीड़ित दाताराम के पुत्र सत्येंद्र ने बताया कि वह हरियाणा में ड्राइवरी का कार्य करता है। मारपीट करने वाले बक्से से रूपये भी निकाल ले गये। चार दर्जन से ज्यादा ग्रामीण थाने पहुंचे और घेराव करने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि धारा 144 लागू है। भीड़ जमा करने का मुकदमा दर्ज हो जाएगा। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने पीड़ितों को भरोसा दिया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

# कार सवारों ने पुलिस कर्मी को रौंदने का किया प्रयास

▸ पुलिस ने कार सवार चार युवकों को लिया हिरासत में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार से कार चला रहे चार युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने भेजा। वहीं आरोप है कि कार चालकों ने बाइक सवार पुलिस कर्मी को रौंदने का प्रयास किया और दो पहिया वाहन भी कार चपेट में आने से बचें। पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर मामले की जानकारी की।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के आवास विकास के पास पुलिस ने संदिग्ध कार पकड़ लिया। जिसमें बैठे चार युवकों को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि लालगेट के पास कार काफी तेज से जा रही थी, जिसका बाइक सवार पुलिस कर्मी ने पीछा और आवास विकास तिराहे पर ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मी को इसकी सूचना दे दी। रास्ते में कार चालकों ने बाइक सवार पुलिस कर्मी को रौंदने का प्रयास किया। वहीं अन्य दो पहिया सवार भी इसकी चपेट में आने से बच गये। आवास विकास पहुंचने पर पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध कार को रोक लिया। जिसमें बैठे चार युवकों को हिरासत में लेकर थाने भेजा गया। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। एसपी ने घटना स्थल पर पहुंचकर आरोपियों के बारे में पूछताछ की।

# शार्ट सर्किट से लगी आग से नकदी व सामान जला


आगजनी की घटना को बयां करते पीड़ित परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली पर घर के कमरे में अचानक आग लग गयी। जिससे कमरे में रखा नकदी व सामान जल गया। पोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

जनपद शाहजहाँपुर के चरखौला खुदागंज निवासी वृद्ध कृष्ण पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा कि उनके बेटी दामाद ना होने के कारण वह अपनी पौत्री 17 वर्षीय वर्तिका, 15 वर्षीय नाती उत्कर्ष व 13 वर्षीय आशुतोष के साथ बालाजी पुरम में उनकी देखरेख के लिये रहते हैं। दीपावली के चलते कृष्ण पाल की पत्नी राजेश्वरी के साथ पौत्र व पौत्री के साथ मूल निवास हरिहरपुर राजेपुर गयी थीं। कृष्णपाल घर पर अकेले ही थे। उसी दौरान घर के कमरे में अचानक आग लग गयी। जिससे 50 हजार की नकदी व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार नें बताया कि जाँच की जा रही है।

## आतिशबाजी की चिंगारी से कबाड़ की दुकान में लगी आग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आतिशबाजी की चिंगारी से कबाड़ की दुकान में आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसके बाद दमकल को सूचना दी गयी। जिसके बाद आग प काबू पाया जा सका।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के अंतर्गत मोहल्ला गंगा नगर कालोनी कबाड़े वाली गली निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र रमेश कबाड़ी की गोदाम में बीती रात अचानक आतिशबाजी की चिंगारी गिरने से आग लग गयी। जिससे हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों नें आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। बताया गया कि लाखों का कबाड़ जलकर राख हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि मोहल्ले के अंदर कबाड़ की दुकान गैरकानूनी तरीके से चल रही है। जिसे बस्ती के बाहर होना चाहिए। थाना प्रभारी आमोद कुमार ने भी बस्ती के भीतर कबाड़े की दुकान होने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्द करने की चेतावनी दी।

# धूमधाम से मनी गोवर्धन पूजा, लगे 56 भोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर में गोवर्धन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घमंडी कूंचा स्थित राधा माधव मन्दिर में गोवर्धन की प्रतिमा भूमि पर बनाई गई।

जिसमें मन्दिर के पुजारी आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने प्रतिमा बनाने के बाद गोवर्धन भगवान की महिमा के बारे में बताया कि भगवान कृष्ण ने मेघों के राजा इंद्र का अहंकार तोड़ने के लिए अपनी एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था और इस प्रकार आंधी, तूफान और वर्षा से वृंदावन की जनता की इंद्र के प्रकोप से रक्षा की। आचार्य चिन्मय ने आरती उतारी, 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। लोगों ने गोवर्धन भगवान की परिक्रमा की।



गोवर्धन पूजा करते आचार्य चिन्मय गोस्वामी



गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में मौजूद भक्तगण

श्याम शक्ति मंदिर में भी गोवर्धन भगवान का पर्व मनाया गया। राधा कृष्ण गोपीनाथ मंदिर खतराना, कोतवालेशवर मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, राधा गोपाल ठाकुर द्वारा मंदिर, घुमना बाजार, महाकाल मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर रस्तोगी मोहल्ला में भी गोवर्धन पर्व मनाया गया। सुरेंद्र सफ्फड़, रवी रस्तोगी, सौरभ अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, वलेशावर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक गर्ग, अनूप मिश्रा, अशोक विश्वकर्मा, गोपाल अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, श्यामजी टंडन, कुष्तुभ अग्रवाल, धीरज सारस्वत, हिमाशु आदि ने विभिन्न मंदिरों में व्यवस्था देखी।

# फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष ने त्योहार पर निभाई पूर्ण जिम्मेदारी

- कार्यालय में जमा किये सक्रिय सदस्यता फार्म

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के फतेहगढ़ नगर मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने सभी पदाधिकारियों को सूचना देकर सक्रिय सदस्य हेतु फार्म भरकर कार्यालय में जमा किये है।

जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने आज उनके निवास पर पहुंचकर सक्रिय सदस्य हेतु कैम्प लगाकर 100 से अधिक लोगों के फार्म जमा किये। मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने सभी पदाधिकारियों को सूचना देकर फार्म भरवाने की अंतिम तिथि तक कार्य पूरा कर लिया है। नगर मंत्री सुनील गुप्ता ने भाजपा सदस्य अभियान कैम्प लगाकर 100 से अधिक सदस्य बना कर सक्रिय सदस्य फार्म जमा किया है। राहुल राठौर ने ग्वालटोली टिलिया मोहल्ले में भाजपा सदस्य अभियान के तहत घर-घर जाकर सदस्य बनाए हैं। राहुल राठौर ने भी सक्रिय सदस्य का फॉर्म मंडल अध्यक्ष रामवीर चौहान को जमा किया है। मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने ग्वालटोली टिलिया के राज गौतम को नया बूथ अध्यक्ष के लिए नाम प्रेषित कर जिम्मेदारी सौंपी है।



रामवीर चौहान को कार्यालय में फार्म सौंपते पदाधिकारी

## पिता की डॉट से क्षुब्ध युवक ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पिता की डॉट से क्षुब्ध होकर युवक ने जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।



अस्पताल में भर्ती युवक

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव सादिकपुर निवासी अनिल कुमार उम्र 40 वर्षीय को पिता रामपाल ने डॉट दिया। जिससे क्षुब्द होकर पुत्र ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात डाक्टर जितेन्द्र ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आईएमए ने प्रशिक्षु चिकित्सकों को किया सम्मानित

- संगठन के पदाधिकारियों ने साझा किये अपने अनुभव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एमबीबीएस व पीजी परास्नातक कर रहे छात्रों को आईएमए संगठन द्वारा स्मृति चिन्हे देकर सम्मानित किया और उनके साथ अपने अनुभव साझा किये। थाना कादरीगेट स्थित एक हॉस्पिटल में एमबीबीएस व पीजी परास्नातक कर रहे छात्रों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विपुल अग्रवाल व संगठन के वाइस प्रिसिडेंट डॉ. एसपी सिंह, संगठन के सचिव डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. सिम्मी अग्रवाल ने कार्यक्रम में आये सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और अपने स्वयं के अनुभव बच्चों के साथ साझा किये व उन्हे जीवन में एक अच्छा इंसान व चिकित्सक बनने की प्रेरणा दी।



प्रशिक्षु चिकित्सक को सम्मानित करते आईएमए के पदाधिकारी

इस अवसर पर सम्मान पाने वाले प्रशिक्षु चिकित्सक डॉ. प्रान्नल अग्रवाल, डॉ. सरल अग्रवाल, डॉ. हर्षवधन शर्मा, डॉ. प्रशांत शर्मा, स्वाती मौर्या, डॉ. सिमरन मौर्या, केशव जादौन, डॉ. एकता शाक्य आदि के नाम शामिल है।

# भाईदूज पर बहनों को इस बार नहीं मिलेगी रोडवेज की फ्री सेवा

- रोडवेज बस स्टैण्ड पर दो दिनों से पसरा सन्नाटा
- सवारियों के इंतजार में खड़ी रहीं बसें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के बाद रोडवेज बस स्टैण्ड पर दूसरे व तीसरे दिन सन्नाटे का माहौल रहा। सवारियां न निकलने से दो दिन तक रोडवेज बस स्टैण्ड को घाटा सहना पड़ा। शासन द्वारा इस वर्ष बहनों के लिए फ्री सेवा नहीं रखी गयी है। रोडवेज परिवहन निगम में सरकारी बसें 81 चल रही है, जबकि 27 बसें अनुबंधित है। 108 बसों का संचालन प्रतिदिन विभिन्न मार्गो पर होता है। भाईदूज के त्योहार को देखते हुए कई रोडों पर बसें बढ़ायी गई है। दिल्ली मार्ग पर पहले से 22 बसें संचालित है। जबकि पांच बसें बढ़ाकर संख्या 27 कर दी गई है। आगरा मार्ग पर 22 बसें संचालित है। भाईदूज के त्योहार को देखते हुए 4 बसें बढ़ायी गई है।

जिनकी संख्या 26 हो गयी है। एटा रोड पर 30 बसें संचालित है। जो प्रतिदिन दो चक्कर लगाती है। इन तीनों मार्गों पर 15 से 20 मिनट में बस जाने के लिए तैयार रहती है। इस बार शासन द्वारा भाईदूज पर बहनों के लिए फ्री सेवा नहीं की गई है। इस कारण भी रोडवेज बस स्टैण्ड पर सन्नाटा जैसा माहौल दिखा। पूछताछ केंद्र प्रभारी सुरजन सिंह ने बताया कि दो दिनों से सवारियां नहीं आ रही है।



रोडवेज बस स्टैण्ड पर सवारियों का इंतजार करती बसें

रविवार को भाईदूज के त्योहार को लेकर सवारियां ठीक ठाक निकलेगी और रोडवेज में सवारियों की भीड़ सही सलामत देखने को मिलेगी। रोडवेज बस स्टैण्ड प्रभारी संतोष कुमार की देखरेख में सभी मार्गों पर बसें उपलब्ध है।

रोडवेज बस स्टैण्ड पर हर मार्ग के लिए बसें तो उपलब्ध है, लेकिन उस हिसाब से सवारियां नहीं मिली रही है। ऐसे में रोडवेज को दो दिनों में लाखों का घाटा उठाना पड़ा। वहीं सूत्रों की माने कि डग्गामार वाहन भी सक्रिय है।

# अलग-अलग स्थानों पर पटाखा जलाते समय तीन झुलसे



पटाखों से झुलसे युवक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग स्थानों पर पटाखा चलाते समय तीन लोग झुलसकर घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलौली निवासी रोहित उम्र 18 वर्षीय पुत्र गेंदनलाल, ग्राम मन्सूर नगर निवासी कौशल उम्र 11 वर्षीय पुत्र गुदनेश, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसीदाबाद निवासी शुशांक दीक्षित उम्र 17 वर्षीय पुत्र संजय कुमार दीक्षित दीपावली पर घर के बाहर पटाखे चलाते समय झुलसकर घायल हो गये। सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।


# स्वर्गधाम पर हो रही अवैध वसूली का भईयन मिश्रा ने किया विरोध

**पुलिस से कार्यवाही की उठायी मांग, पिछले सात वर्षों से चल रही है अवैध वसूली**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित स्वर्ग धाम शमशान घाट पर पिछले काफी समय से कुछ अराजकतत्व संस्था के नाम पर अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट पर आने वाले लोगों के पारिवारिकजनों से घाट पर अंतिम क्रिया के नाम पर अवैध रूप से वसूली करते है।

समाजसेवी व फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष आशीष मिश्रा भईयन ने अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि 700 या 500 रुपये लेकर 151 की रसीद थमा दी जाती है, जो लोग इसका बहुत विरोध करते, तो वसूली करने वाले अराजकतत्व उनके साथ में अभद्रता करते है। ऐसा ही एक मामला जब हम लोग घाट पर थे तब हुआ। मेरे द्वारा इसकी जानकारी करने पर संस्था के लोगों ने पहले तो दबाव बनाने का प्रयास किया। जब मैंने सख्ती से बात की तो इस मामले को रफदफा करने एवं माफी मांग लेने की बात सामने आयी। घाट पर रसीद काटने वालों ने कहा कि अब 151 रुपये ही लिया करेगें।



पांचाल घाट / घटिया घाट शमशान घाट, फर्रुखाबाद
रजि० संख्या 167
8009290200
मृतक पंजीकरण कच्ची रसीद
यह कच्ची रसीद प्रमाण पत्र नही है
क्र०सं० 1
दिनांक 1/11/2024
मृतक का नाम
दा०स्व०- 151/- मात्र
मृतक के परिजन इस कच्ची रसीद के साथ घाट / कार्यालय में उपस्थित व्यक्ति से मृतक के दाह संस्कार प्रमाण पत्र की पक्की कॉपी (हस्ताक्षर, मोहर सहित) प्राप्त कर लें। प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं अन्य किसी भी जानकारी हेतु इस कच्ची रसीद पर लिखे मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करें
कार्यालय का समय - सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक
कार्यालय का पता - माँ पूर्णागिरी धाम आवासीय सोसाइटी, निकट टाउन टेबल रेस्टोरेन्ट, एस.टी.एस. हॉस्पिटल

मृतक पंजीकरण की रसीद

इस अवैध वसूली के खिलाफ संस्था के लोगों ने पूछा की तुम्हे रसीद काटने की किसने अधिकृत किया है तो वह कोई भी कागज नहीं दिखा पाये। इस संबंध में थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद सिंह को फोन पर जानकारी दी गई। तुरन्त मौके पर पुलिस को भेजा गया। यह अवैध वसूली का कार्य पिछले सात वर्षो से चल रहा है। भईयन मिश्रा ने कहा कि इस तरह की कोई अवैध वसूली करते हुए मिले तो हमें सूचना दे। हम ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करायेगें।

# सट्टे की खाईवाड़ी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में युवक के पास से 1320 रुपये व एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

कोतवाली फतेहगढ़ के उपनिरीक्षक किरन पाल नागर ने अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर एमआईसी तिराहा स्थित एक दुकान के पास सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम विजय पुत्र राधेश्याम निवासी ग्वालटोली बताया। जामा तलाशी में युवक के पास से 1320 रुपये व एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार युवक पर पहले से ही सात मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपी युवक पर जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।



आरोपी विजय

# विश्वास वह होता है जो परेशानियों में खड़ा हो: विशप डॉ. हैरिस वाल्टर

- 15 वें संयुक्त कन्वेंशन में चारों चर्चों के कलेसिया के लोगों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

15वां संयुक्त कन्वेंशन सी.एन.आई. चर्च फर्रुखाबाद के तत्वावधान में डायसिस ऑफ आगरा चर्चेज ऑफ नार्थ इंडिया द्वारा जागृति सभा का आयोजन आल सोल्स मेमोरियल चर्च फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय जागृति सभा का शनिवार को समापन हुआ। मुख्य वक्ता के रुप में आये दमोह मध्य प्रदेश से विशप डॉक्टर हैरिस वाल्टर ने कहा हम लोग कई बार खुदा से वायदे करते हैं और भूल जाते हैं, लेकिन खुदा जो वायदा करता है, वह पूरा करता है।

सिलसिला हमने ने शुरु किया था, तो इस सिलसिले को हमको ही पूरा करना पड़ेगा। खुदा कहता है कि इसी देश में रहकर मैं तेरा संग दूंगा। अब हम एक नहीं दो हैं। तो दो मिलकर इस कार्य को पूरा करना चाहिए, तभी बरकतों का सिलसिला शुरु हुआ। ईमान भी जरुरी है। परमेश्वर जो कहता है उसे पूरा करता है, तो उसके अंदर कुछ विश्वास तो है। देख उसका मन फूला हुआ है, उसका मन सीधा अपने विश्वास के साथ जीवित होना है। हमें खुदा से बात करना सीखना है और विश्वास की कटौती पूरा करना है। विश्वास वह होता है जो परेशानियों में खड़ा हो। खुदा ने उस पर विश्वास किया और मालामाल किया। अगर तू कहता है तो उसे भी पूरा कर। हर रिश्ता विश्वास की योग्यता पर टिका है। एक छत के नीचे रहने वाले एक दूसरे के प्रति वफादार नहीं होते हैं। जब ईश्वर पर विश्वास रखता है, तो वह अपने दरवाजे खोल देता है। इस हद तक खुदा पर ईमान रखता है। हमें तर्जुबा वहीं मिलता है जहां हालात बिगड़े होते हैं और बिगड़े हुए हालात में हम विश्वास से कार्य करें, तभी हमें तर्जुबा पूर्ण रुप से हासिल होता है। जागृति सभा में वक्ता जय मोसिस ने अपने गीतों के माध्यम से समा बांधा। कैरल सिगिंग में चारों कलेसिया के चर्चों के लोग शामिल हुए। शब्दों से स्वागत रोजीशन विश्वासी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष रेव्ह स्टीफन मसीह ने किया। उपाध्यक्ष रेव्ह पादरी मनोज कुमार ने आशीष वचन दिये। रेव्ह किशन मसीह ने अपने विचार रखे। आये मेहमान पादरी मुकेश मसीह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कलेसिया के लोगों को लाभांवित है। सीएआई चर्च बढ़पुर, सीएनआई चर्च रखा, सीएनआई चर्च सिटी, आल सोल्स चर्च फतेहगढ़ के युवा ने गीत प्रस्तुत किये। रखा स्कूल के बच्चों ने कैरल सिगिंग में भाग लिया। साथ ही संडे स्कूल के बच्चों ने गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर विशाल धनी, राजेश मसीह, नीतू मसीह, रोहितानी विश्वासी, विजय दयाल, जोर्डन राज, सुरेंद्र मसीह, कन्हैया लाल, सुरेंद्र मसीह, संतोष मसीह, सुषमा लाल, आर.वी.के.एच लूथर, मुकेश डेविड, अनिल सिंह सहित बड़ संख्या में मसीह समाज के लोग कन्वेंशन में मौजूद रहे।



कैरल सिगिंग में भाग लेते मसीह समाज लोग



कन्वेंशन में मौजूद लोग

## उनि राजेश व संजय कुमार बने निरीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी एवं क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रवीन्द्र नाथ राय ने उ0नि0 से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए राजेश कुमार व संजय कुमार राय को रैंक प्रतीक/तीसरा स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पदोन्नति पाकर राजेश कुमार व संजय कुमार राय काफी प्रशन्न दिखायी दिये।

# व्यापारियों ने गरीबों व प्रतिष्ठान कर्मियों को दिये उपहार, खिले चेहरे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के पावन पर्व पर अपने पसंदीदा प्रतिष्ठानों से लोगों ने जमकर खरीददारी की। तो वहीं प्रतिष्ठान का संचालन करने वाले व्यापारियों ने भी ग्राहकों को हाथों-हाथ लिया। प्रतिष्ठान को आगे बढ़ाने में सहयोग करने वाले कर्मियों को उपहार भी दिये गये।

कस्बा नवाबगंज स्थित मंजना रोड पर दिल्ली प्लाईवुड एंड हार्डवेयर विक्रेता प्रतिष्ठान के संचालक व समाजसेवी अरविंद प्रताप तथा समाजसेवी अनु टेंट हाउस मंझना रोड निवासी दुष्यंत कश्यप ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले सहयोगियों को दीपावली के पावन पर्व पर शुभकामनायें देते हुए उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। प्रतिष्ठान के आसपास गरीबों को मिष्ठान उपहार स्वरुप भेंट की। उपहार पाकर कर्मियों के चेहरे खिल उठे। दोनों व्यापारियों ने बताया कि उनका मकसद है केवल गरीबों की मदद करना, हमेशा वह गरीब मजलूमों की मदद करेंगे तथा समाजसेवा का कार्य उनके लिए सर्वप्रथम होगा। उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारों पर इससे भी ज्यादा गरीबों की मदद की जाएगी। वह अपने आसपास किसी भी व्यक्ति को दुखी नहीं देखना चाहते है।




प्रतिष्ठान कर्मी को उपहार देते अरविन्द प्रताप

उनका उद्देश्य है कि त्योहार पर कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे। सभी अपने बच्चों में साथ मिलकर त्योहार मनाए यह उनका परम उद्देश्य रहेगा। समाजसेवी अरविन्द प्रताप व समाजेसवी दुष्यंत कश्यप का कहना है कि त्योहार पर यदि हमारे आसपास कोई व्यक्ति भूखा या दुखी है तो हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य है कि पहले उसकी मदद करें और उसके बाद त्योहार मनाये। मिष्ठान वितरण के दौरान अरविन्द प्रताप व समाजसेवी दुष्यंत कश्यप उनके सहयोगी मौजूद रहे।

# बुजुर्गों की देखभाल और सेवा के लिए प्रशिक्षित 240 युवाओं को वितरित किये गये प्रमाण पत्र

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत दिया गया प्रशिक्षण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में बुजुर्गों की देखभाल और सेवा के लिए संचालित 3 माह के पाठ्यक्रम के सफल 240 अभ्यर्थियों को श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली ने प्रमाण पत्र वितरित किए। रिजवाल अली ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल व सेवा करने के लिए प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को देश-विदेश में नौकरियों के अनेकों अवसर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि आज के परिदृश्य के एकाकी परिवार के चलते इस कार्य को करने के उपरान्त रोजगार की अनेकों सम्भावनायें हैं। उन्होंने बताया विदेशों में विशेष कर खाड़ी व पश्चिमी देशों में ऐसे प्रशिक्षित युवाओं की बहुत मांग है।



प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यार्थियों के साथ मौजूद नोडल अधिकारी आदि

प्रमाण पत्र वितरण समारोह के अवसर पर प्रतिभागियों के चेहरे पर अपार खुशी थी और उन्होंने बुजुर्गों की सेवा करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर खुर्शीद आलम खां, बिलाल अहमद, ज़ीशान अंसारी, हाफिज सलमान, शकील अहमद, खुशरू अहमद, फैसल हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कानपुर फील्ड गन फैक्टरी का निरीक्षण करते हुए कहा

# जम्मू-कश्मीर में तेजी से हो रहा है विकास

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) की इकाई, फील्ड गन फैक्टरी का दौरा किया और महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया। एक सरकार प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एडब्ल्यूईआईए को टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन तथा टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली के निर्माण में विशेषज्ञता हासिल है।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लेने के लिए फैक्टरी के हीट ट्रीटमेंट और न्यू असेंबली शॉप सहित प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री के साथ सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत भी थे। शॉप फ्लोर के दौरे के बाद राजनाथ सिंह को कानपुर स्थित तीन रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू)- एडब्ल्यूईआईएल, ट्रूप कम्फर्ट्स इंडिया लिमिटेड, ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी और कानपुर स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला, रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के निदेशक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। प्रस्तुतियों के दौरान नए डीपीएसयू के सीएमडी ने रक्षा मंत्री को उत्पाद प्रोफ़ाइल, चल रही बड़ी परियोजनाओं, अनुसंधान एवं विकास प्रयासों और रक्षा सेवाओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

एडब्ल्यूईआईएल की छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर गन प्रणालियों के निर्माण में विशेषज्ञता है। टीसीएल के मुख्य उत्पाद लड़ाकू वर्दी, बैलिस्टिक सुरक्षात्मक गियर, अत्यधिक ठंड से बचाने वाले कपड़े और अधिक ऊंचाई के लिए तम्बू हैं जबकि जीआईएल के पास भारत में पैराशूट की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी उत्पादन इकाई है।

## टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत विश्व चैंपियन : नड्डा

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने टीबी संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक चैंपियन बताया है। 29 अक्टूबर को जारी वैश्विक टीबी रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि साल 2015 के बाद भारत में टीबी उन्मूलन की दिशा में मामलों में 17.7 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक गति से दो गुना रफ्तार से भी अधिक है। इस रिपोर्ट पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि केन्द्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। शनिवार को जारी एक पोस्ट में जेपी नड्डा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत की उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी है। यह दर 8.3 प्रतिशत की वैश्विक गिरावट के दोगुने से भी अधिक है। यह स्वीकृति टीबी देखभाल और नियंत्रण के प्रति भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हमारी सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि-क्षय पोषण योजना और मल्टी-ड्रग प्रतिरोधी तपेदिक के लिए एक नए उपचार के रूप में बीपीएएलएम आहार की शुरुआत जैसी महत्वपूर्ण पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों के लिए सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी अटूट प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत तपेदिक के खिलाफ इस लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# आपदा जोखिम कम करने के लिए भारत सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रति प्रतिबद्ध : पीके मिश्रा

▸ डीआरआर पर पहली मंत्रिस्तरीय घोषणा को अंतिम रूप देने में सर्वसम्मति बनी

एजेंसी





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा ने आपदा जोखिम कम करने के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और वैश्विक स्तर पर आपदा से बचाव के लिए ज्ञान साझा करने, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सतत विकास पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया।

गृह मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा ने ब्राजील के बेलेम में जी-20 की आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित बैठक में भाग लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय भागीदारी के कारण आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर पहली मंत्रिस्तरीय घोषणा को अंतिम रूप देने में सर्वसम्मति बनी। डॉ. पी.के. मिश्रा ने विभिन्न मंत्रिस्तरीय सत्रों के दौरान अपनी चर्चा में भारत में आपदा जोखिम कम करने और आपदा वित्त पोषण बढ़ाने में भारत सरकार द्वारा की गई प्रगति को साझा किया। डॉ. पी.के. मिश्रा ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रतिपादित डीआरआरडब्ल्यूजी की पांच प्राथमिकताओं अर्थात प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, आपदा रोधी बुनियादी ढांचा, डीआरआर वित्तपोषण, प्रतिरोधी क्षमतापूर्ण पुनर्वास और प्रकृति आधारित समाधान पर भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने आपदा रोधी बुनियादी ढांचे पर प्रधानमंत्री की आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन (सीडीआरआई) की वैश्विक पहल को साझा किया। इस गठबंधन के अब 40 देश और 7 अंतरराष्ट्रीय संगठन सदस्य हैं।

# कमला और डोनाल्ड के बीच तेज हुई जुबानी जंग

एजेंसी



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच जुबानी जंग दिलचस्प हो गई। दोनों मतदाताओं के सामने एक-दूसरे को कमतर आंक रहे हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर की अनुसार कमला हैरिस और डोनाल्ड जे. ट्रंप ने शुक्रवार को रूस और यूक्रेन के युद्ध पर अपनी राय रखी। ट्रंप ने कहा कि वह अगर चुनाव जीते तो यूक्रेन में युद्ध समाप्त होगा। अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। वह चुनाव जीते तो तृतीय विश्व युद्ध को नहीं होने देंगे। उल्लेखनीय है कि कमला हैरिस पहले ही कह चुकी हैं कि ट्रंप अगर राष्ट्रपति होते तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब तक कीव में होते। ट्रंप यह क्यों नहीं समझते कि पुतिन किसी के सगे नहीं। पुतिन खुद के लिए ट्रंप को भी धोखा देने से भी नहीं चूकेंगे।

कमला हैरिस ने कहा, ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं कमला हैरिस ने विस्कॉन्सिन में पत्रकारों से कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है, जो आदर्श बनने की हमारे लोगों और बाकी दुनिया के प्रति हमारी जिम्मेदारी एवं भूमिका को समझे। वह राष्ट्रपति बनने पर अपने विरोधियों की बात सुनेंगी। ट्रंप अपना पूरा समय अमेरिकियों को एक-दूसरे पर उंगली उठाने के लिए उकसाने में बिताते हैं। वह अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने का षड्यंत्र रचते हैं। ट्रंप राजनीतिक विरोधियों को अपना दुश्मन मानते हैं। हमेशा बदला लेने की फिराक में रहते हैं। हैरिस ने कहा कि वह लोकतंत्र में भरोसा करती हैं। वह अपने मंत्रिमंडल में रिपब्लिकन नेता को भी शामिल करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके और ट्रंप के बीच यही बड़ा फर्क है।

## श्रीलंका में बस हादसा, रक्षा विवि की दो छात्राओं की मौत, 39 जख्मी

**कोलंबो।** श्रीलंका में हुए बस हादसे में कोटेलावाला रक्षा विश्वविद्यालय के दो छात्राओं की मौत हो गई और 39 अन्य घायल हो गए। घायलों में 15 छात्राएं और 14 छात्र हैं। यह हादसा शुक्रवार सुबह लगभग 7.45 बजे दुनहिंडा-बदुल्ला रोड पर अंबागस जंक्शन पर हुआ। डेली न्यूज की खबर के अनुसार यह बस रक्षा विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को लेकर जा रही थी। अचानक यह बस सड़क किनारे एक बांध से टकराकर पलट गई। बादुल्ला टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में तीन विश्वविद्यालय व्याख्याता, दो सैन्य अधिकारी और 34 विद्यार्थी हैं। बताया गया गया है कि ये सभी पासारा में पिछली रात बिताने के बाद बस से रैंडेनिगाला में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। बदुल्ला क्षेत्र में यह बस हादसे का शिकार हो गई।

# अमेरिका ने ईरान को किया आगाह मध्य पूर्व में तैनात होंगे बी-52 बमवर्षक विमान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण अब इस क्षेत्र में बमवर्षक विमान, युद्धक विमान और नौसेना के विमानों को भेजने का आदेश दिया है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक्स हैंडल पर जारी विज्ञप्ति में दी।

पेंटागन के प्रेस सचिव राइडर ने कहा कि अमेरिका ने बी-52 बमवर्षक विमान, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन, टैंकर विमान और नौसेना के विध्वंसक विमानों को तैनात करने का आदेश दिया है। जल्द ही यह विमान यहां से रवाना होंगे। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और उसके स्ट्राइक ग्रुप में शामिल तीन विध्वंसक जल्द ही सैन डिएगो स्थित बंदरगाह पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मध्य पूर्व में अपने नागरिकों और बलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए रक्षा सचिव ऑस्टिन ने अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर की तैनाती का आदेश दिया है।

इजराइल में टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस मिसाइल रक्षा प्रणाली के साथ पूर्वी भूमध्य सागर में डीओडी की निरंतर एम्फीबियस रेडी ग्रुप मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती की जाएगी। पेंटागन के प्रेस सचिव के अनुसार, रक्षा सचिव ऑस्टिन ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान फिर इजराइल पर हमला करता है तो अमेरिका हर आवश्यक उपाय करेगा। यहां यह जानना जरूरी है कि पहली अक्टूबर को ईरान ने इजराइल पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। इस घटना के ठीक 25 दिन बाद इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमला किया। अब ईरान ने इसका जवाब देने का ऐलान किया है।

## खबरें एक नजर में

### स्पेन में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 207 हुई

**मॉस्को।** स्पेन के गृह मंत्री फर्नांडो ग्रांडे मार्लास्का ने शनिवार को कहा कि देश में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 207 हो गई है तथा इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मैड्रिड ने बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अतिरिक्त 250 सैन्य कर्मियों को तैनात किया है, जिससे मलबे को हटाने में मदद करने वाले सैनिकों की संख्या बढ़कर 2,000 हो गई है। भारी बारिश और तूफान ने स्पेन में आपातकालीन स्थिति उत्पन्न कर दी है, विशेष रूप से वालेंसिया, कैस्टिला-ला मंच और अंडालूसिया में। वालेंसिया ने अधिकतम रेड अलर्ट घोषित किया है। बाढ़ के कारण 60 से अधिक सड़कें और दर्जनों माध्यमिक सड़कें बंद हो गई हैं। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं की सहायता के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1,500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है।

### ड्यूमा बोको ने बोत्सवाना के छठे राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**गैबोरोन।** बोत्सवाना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ड्यूमा बोको को मुख्य न्यायाधीश टेरेंस रन्नोवाने ने उच्च न्यायालय में आधिकारिक रूप से उन्हें देश के छठे राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई। बोत्सवाना टेलीविजन पर अपना राष्ट्रपति स्वीकृति भाषण देते हुए बोको ने बिना देरी के शपथ लेने के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि किसी भी देरी से देश नेतृत्व विहीन हो जाएगा। उन्होंने दक्षिणी अफ्रीकी देश की अर्थव्यवस्था में विविधता लाने वाले उपायों को तेजी से आगे बढ़ने का वादा किया, जो पूरी तरह से हीरे की बिक्री पर निर्भर है।

### झारखंड के कई जिलों में भूकंप के झटके, 4.3 की तीव्रता

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में शनिवार सुबह 9.20 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। राजधानी रांची, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गयी है। झारखंड के खरसावां जिले से 13 किलोमीटर दूर इलाके में भूकंप का एपिसेंटर पाया गया। भूकंप से धरती करीब पांच सेकेंड तक हिलती रही। इस दौरान लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटकों से जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

### पाकिस्तान के जैकोबाबाद में बस खाई में गिरी, पांच की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के जैकोबाबाद के थुल इलाके में आज एक बस खाई में गिर गई। इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एआरवाई न्यूज चैनल के प्रसारण में दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना ए-सेक्शन पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई। दुर्घटना का शिकार हुई बस यात्रियों को बलूचिस्तान से पंजाब ले जा रही थी। घायलों को तालुका अस्पताल थुल भेजा गया गया।

### बंगाल : पटाखों में आग लगने से तीन बच्चों की मौत , दो गंभीर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलुबेरिया शहर में शुक्रवार को पटाखा फोड़ने के दौरान आग लगने से तीन बच्चों की जलकर मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी। यह त्रासदी उलुबेरिया के बाजारपारा इलाके में शुक्रवार शाम को काजल शेख के घर में हुई और तीन बच्चों में से एक उसके परिवार का था जबकि अन्य पड़ोसी थे। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की पहचान तानिया मिस्त्री (14), ईशान धारा (06) और मुमताज खातून (08) के रूप में की है। यह दुर्घटना तब हुई जब उलुबेरिया नगरपालिका के वार्ड नंबर 27 के लोग पटाखे फोड़ रहे थे, तभी पास में रखे पटाखों में आग लग गई, जिससे बगल के घर के सिलेंडर में विस्फोट हो गया और तीन बच्चों सहित परिवार के सदस्य फंस गए, जो घर के अंदर थे।

### एयर इंडिया फ्लाइट की सीट से कारतूस बरामद, जांच जारी

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की सुरक्षा भंग होने का मामला सामने आया है। एयरलाइन की दुबई-दिल्ली उड़ान संख्या 916 में एक सीट से कारतूस मिला है। इस मामले की जांच चल रही है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, 27 अक्टूबर को दुबई से दिल्ली आने के बाद हमारी फ्लाइट संख्या की एक सीट की जेब में एक कारतूस मिला था। प्रवक?ता के मुताबिक विमान के सभी यात्री सुरक्षित उतर चुके थे। एयर इंडिया ने निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए तुरंत एयरपोर्ट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच चल रही है।

# गंगोत्री धाम के कपाट बंद, शीतकालीन पड़ाव के लिए निकली गंगा उत्सव डोली

समृद्धि न्यूज

▸ इस वर्ष आठ लाख 11 हजार तीर्थयात्रियों ने गंगोत्री धाम में नवाए शीश

**उत्तरकाशी।** जगविख्यात गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर विधि-विधान पूर्वक शनिवार को दोपहर 12ः14 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद अब छह माह तक मां गंगा अपने मायके मुखीमठ में मुखबा स्थित गंगा मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगी। मां गंगा की उत्सव डोली शनिवार को मुखीमठ के लिए रवाना हो गई है, जो शीतकालीन पड़ाव मुखबा पहुंचेगी।

गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के मौके पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। हर-हर गंगे... जय मां गंगे के जयकारों से गंगोत्री धाम गूंज उठा। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने कहा कि शुक्रवार को दीपोत्सव के साथ मां भगवती गंगा के गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि मां गंगा की उत्सवडोली शनिवार को मुखीमठ के लिए रवाना हो गई है। मां गंगा की डोली मुखीमठ से तीन किलोमीटर पहले मारकंडे मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। तीन नवंबर रविवार को भैया दूज पर मां गंगा की डोली मुखीमठ गांव पहुंचेगी, फिर मां गंगा की उत्सव मूर्ति को डोली यात्रा के साथ शीतकालीन पड़ाव मुखबा लाया जाएगा। ऐसे में अब शीतकाल तक श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन उनके मायके मुखीमठ में कर सकेंगे। यहां छह माह तक मां गंगा की पूजा होगी। उल्लेखनीय है कि इस बार चारधाम यात्रा पर आए आठ लाख 11 हजार 542 तीर्थयात्रियों ने गंगोत्री धाम के दर्शन कर पुण्य अर्जित किए। इस मौके पर हर्षिल राजपुताना रेजीमेंट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया।

## अमर्यादित टिप्पणी पर शिवसेना-यूबीटी के सांसद अरविंद ने मांगी माफी

**मुंबई।** शिवसेना शिंदे समूह की नेता सायना एनसी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में शिवसेना के सांसद अरविंद सावंत ने शनिवार को माफी मांग ली। सावंत की इस टिप्पणी पर सायना एनसी ने नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में शुक्रवार को मामला दर्ज करवाया था। अरविंद सावंत ने मीडिया से कहा, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मैंने एक महिला का अपमान किया है, मैंने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं किया। जानबूझकर मेरे बयान का अलग अर्थ निकालकर निशाना बनाया जा रहा है, मुझे इस बात का दुख है लेकिन फिर भी अगर मेरे बयान से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। देश में महिलाओं के सम्मान को पार्टी के हिसाब से नहीं देखा जा सकता। अरविंद सावंत ने मुंबा देवी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमीन पटेल के प्रचार के दौरान अमर्यादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि यहां इंपोर्टेड माल नहीं चलता, ओरिजिनल माल चलता है।

# भारत ने यूएन संस्थानों में सुधारों पर दिया जोर

एजेंसी



केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्रालय में सचिव सुमिता डावरा ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की 352वीं शासी निकाय की बैठक को किया संबोधित

**नयी दिल्ली।** भारत ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी संस्थाओं में सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि इससे वैश्विक स्तर पर सामाजिक न्याय और सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने का साझा दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव सुमिता डावरा ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की 352 वीं शासी निकाय की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन संयुक्त राष्ट्र के सभी निकायों में भारत सुधारों का व्यापक समर्थन करता है।

अंतरराष्ट्रीय संगठन की बैठक 28 अक्टूबर से सात नवंबर तक स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित की जा रही है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुश्री सुमिता डावरा कर रही हैं। मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि लोकतंत्रीकरण के प्रस्ताव पर चर्चा में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की सराहना की और संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न निकायों में सुधारों पर जोर दिया। भारत ने कहा कि एक व्यापक दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि संयुक्त राष्ट्र निकाय वैश्विक स्तर पर सामाजिक न्याय और सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए अधिक तालमेल से काम करें।

भारत ने कहा कि जनसंख्या और कार्यबल को ध्यान में रखते हुए भौगोलिक विविधता अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के भीतर अधिक न्यायसंगत और संतुलित भौगोलिक प्रतिनिधित्व के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होने चाहिए। अन्य चर्चाओं के दौरान, सुश्री डावरा ने समावेशी आर्थिक नीतियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण नौकरियों के सृजन, सामाजिक सुरक्षा और लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत में समाज के सभी वर्गों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए अच्छे काम के अवसर पैदा करने के प्रयास किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार पिछले नौ वर्षों में 24 करोड़ 80 लाख व्यक्ति गरीबी से बाहर निकल आए हैं। सरकारी नीतियों, कौशल विकास कार्यक्रमों और आर्थिक विकास के साथ आर्थिक गतिविधियों में लगभग 17 लोगों को जोड़ा गया है । उन्होंने सामाजिक सुरक्षा के लिए भारत में शुरू की गई गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का भी उल्लेख किया।

# न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 171 रन पर खोए नौ विकेट

एजेंसी



दूसरी पारी में भी चला जडेजा का जादू, झटके 4 विकेट, भारत ने पहली पारी में बनाए 263 रन पर

**मुंबई।** न्यूजीलैंड ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट पर 171 रन बना लिए हैं। एजाज पटेल 9 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की कुल बढ़त अब 143 रनों की हो गई है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे, जिसके बाद भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए और 28 रनों की बढ़त हासिल की।

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और आकाशदीप ने पहले ही ओवर में कीवी कप्तान टॉम लैथम (01) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 39 के कुल स्कोर पर वाशिंगटन सुंदर ने डेवोन कॉनवे (22) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रवींद्र कुछ खास नहीं कर सके और केवल 4 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर स्टम्प आउट हो गए। यहां से विल यंग और डेरिल मिचेल ने संभलकर खेलते हुए टीम का स्कोर 94 के स्कोर तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर रवींद्र जडेजा ने मिचेल को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। मिचेल ने 21 रन बनाए।

जडेजा ने 100 के कुल स्कोर पर टॉम ब्लंडेल (04) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। यहां से ग्लेन फिलिप्स और यंग ने 31 रनों की तेज साझेदारी की। खासकर फिलिप्स ज्यादा आक्रामक रहे, उन्होंने केवल 14 गेंदों पर तीन छक्के और 1 चौके की बदौलत 26 रन बनाए। 131 के कुल स्कोर पर अश्विन ने उन्हें बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। 148 के कुल स्कोर पर जडेजा ने ईश सोढ़ी (08) को आउट कर न्यूजीलैंड को सातवां झटका दिया।

इस दौरान विल यंग ने अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद यंग अश्विन का शिकार बने। यंग ने 100 गेंदों पर 2 चौके एक छक्के की बदौलत 51 रन बनाए। जडेजा ने इसके बाद 171 के कुल स्कोर पर मैट हेनरी (10) को बोल्ड किया, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया। भारत की तरफ रवींद्र जडेजा ने 4, रविचंद्रन अश्विन 3, आकाशदीप और वाशिंगटन सुंदर 1-1 विकेट लिया। इससे पहले शुभमन गिल (90), ऋषभ पंत (60) के शानदार अर्धशतक और आखिरी में वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 38) की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी मे 263 रन बनाए और 28 रनों की बढत हासिल की। वहीं, न्यूजीलैंड की तरफ से एजाज पटेल ने 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने 5, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 235 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान टॉम लैथम ने 28, विल यंग ने 71 और डेरिल मिचेल ने 82 रन की पारी खेली।भारत की तरफ से रविन्द्र जडेजा ने 5 विकेट, वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट और आकाशदीप को एक सफलता मिली।

## लंका टी-10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण में छह टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** लंका टी10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण में छह फैंचाइज़ी टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। आयोजकों ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। हिस्सा लेने वाली टीमों में कोलंबो स्ट्राइकर्स, गैले मार्वल्स, जाफना टाइटन्स, कैंडी बोल्ट्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स और नेगोम्बो ब्रेव्स शामिल हैं। उद्घाटन लंका टी10 सुपर लीग के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर, 2024 को कोलंबो में होगा। यह टूर्नामेंट 12 से 22 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें छह फेंचाइजी टीमें भाग लेंगी और क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। टीमों के नामकरण में प्रत्येक शहर की ताकत और विशिष्ट चरित्र को दर्शाया गया है, क्रिकेट में इसके योगदान का जश्न मनाया गया है, इस प्रकार खेल को स्थानीय पहचान के साथ जोड़ा गया है, जिससे समुदाय के गौरव को बढ़ावा मिला है और अपनी टीम के लिए समर्थन मिला है।


## ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर सवाल उठाया है। उन्होंने शनिवार को हैदराबाद में कहा कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के 24 सदस्यों में से एक भी सदस्य गैर-हिंदू नहीं है। ओवैसी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोलते हुए उन्हें संयुक्त संसदीय समिति से हटाने की बात कही है। शनिवार को ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वक्फ बोर्ड के लिए संयुक्त समिति बनाई गई है, इसलिए संयुक्त संसदीय समिति पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। लेकिन ओवैसी को बाहर बोलने की जरूरत क्यों महसूस होती है? वह इस समिति के सदस्य हैं वक्फ बोर्ड के लिए और वहां अपनी चिंताओं को व्यक्त करना चाहिए, वह अपनी सीमा लांघ रहे हैं। ओवैसी को संयुक्त संसदीय समिति से हटा दिया जाना चाहिए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर -मुस्लिम सदस्य होने पर सवाल उठाए हैं।

# सांसद पप्पू यादव ने छठ व्रतियों के बीच वितरित की साड़ी व दी मदद

▸ समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला पर्व है छठ का त्योहार

समृद्धि न्यूज



**पूर्णिया।** लोक आस्था के महापर्व छठ से पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने छठ व्रतियों के बीच साड़ी वितरण और आर्थिक सहायता देकर एक मानवीय पहल की। उन्होंने यह आयोजन पूर्णिया के विभिन्न क्षेत्रों में किया, जहां बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ने इस सहायता का लाभ उठाया।

सांसद पप्पू यादव ने छठ पर्व को लोक आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का हिस्सा है, जिसमें सभी वर्गों के लोग मिलजुल कर इस पवित्र त्योहार को मनाते हैं। इसी भावना को समझते हुए उन्होंने जरूरतमंद व्रतियों की मदद की पहल की, ताकि वे इस पवित्र पर्व को बिना किसी आर्थिक परेशानी के मना सकें। साड़ी वितरण के साथ ही सांसद यादव ने व्रतियों को आर्थिक सहायता भी दी, जिससे छठ पर्व की तैयारियों में मदद हो सके। उन्होंने कहा कि यह महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला पर्व है, जिसमें गरीब से गरीब व्यक्ति भी पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल होते हैं। सांसद पप्पू यादव ने छठ व्रतियों से आग्रह किया कि वे पर्व को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में मनाएं। उन्होंने छठ घाटों की साफ-सफाई और व्रतियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर संजय सिंह, राजेश यादव, दिवाकर चौधरी, मंटू यादव इत्यादि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।